* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

31 अगस्त, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 07, अंक 311

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 1140 लोगों की मौत: पीएम मोदी ने हालात पर दुख जताया



SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG, X-RAY OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## सियासत : राज्य में सियासी पारा छठे दिन चढ़ा रहा

# यूपीए के 32 विधायक हुए रायपुर एयरलिफ्ट

- सभी विधायक नवा रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट पहुंचे
- सीएम हेमंत खुद विधायकों को रांची एयरपोर्ट छोड़ने गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/रायपुर।** झारखंड में सियासी संकट के बीच यूपीए के विधायकों को रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है। कांग्रेस-जेएमएम और राजद के 32 विधायकों को रांची से इंडिगो के विशेष विमान से रायपुर लाया गया है। एयर पोस्ट से विधायकों को तीन बसों में बिठा कर नवा रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट ले जाया गया है। चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इससे पहले रांची में मुख्यमंत्री आवास पर यूपीए विधायकों की बैठक हुई। बैठक के बाद वहां से दो बसों में सवार होकर सभी विधायक रांची एयरपोर्ट पहुंचे। कुछ विधायक अपनी गाड़ी से भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद विधायकों को छोड़ने के लिए एयपोर्ट आये थे।







### षडयंत्रकारियों को जवाब देने के लिए हम तैयार हैं : हेमंत सोरेन

रांची एयरपोर्ट पर यूपीए विधायकों को छोड़ने पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मीडिया से भी रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कोई अप्रत्याशित घटना नहीं घटनेवाली है। यह कोई आश्चर्यचकित करनेवाली बात या नयी परिपाटी नहीं है। ना ही कोई अनहोनी होने जा रही है। हर परिस्थिति का सामना करने के लिए सत्तापक्ष तैयार है। रणनीति के तहत कार्य किये जाते हैं। उसी रणनीति का छोटा सा कार्य ये आपने देखा। आगे भी देखने को मिलेगा। सरकार षड्यंत्रकारियों को जवाब देने के लिए तैयार है।

### हार्स ट्रेडिंग के डर से गये विधायक

राज्य का सियासी पारा पिछले छह दिनों से चढ़ा हुआ है। निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता से संबंधित पत्र राज्यपाल रमेश बैस को भेज दिया है। इसके बाद से उनकी सदस्यता को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। यूपीए पर वर्तमान संकट को देखते हुए पिछले छह दिनों से झामुमो और कांग्रेस अपन-अपने विधायकों को एकजुट रखने के प्रयास में लगी हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायकों को एकजुट रखने के लिए हर दिन बैठक कर रहे। उन्हें झारखंड के अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। इसके बाद मंगलवार को यूपीए विधायकों को रायपुर शिफ्ट किया गया। सभी विधायक मंगलवार दोपहर को मुख्यमंत्री आवास से दो बस में एयरपोर्ट के लिए निकले। यहां से इंडिगो फ्लाइट से रायपुर के लिए रवाना हुए। शाम को रायपुर पहुंचे। वहां पहले से खड़ी तीन बस उन्हें रिसार्ट तक लेकर गयी। रायपुर में रिसार्ट दो दिन यानी 30 और 31 तक के लिए बुक कराया गया है।

### 32 विधायक रायपुर शिफ्ट

सूत्रों के मुताबिक यूपीए के 32 विधायकों को एयरलिफ्ट किया गया है। इनमें कांग्रेस से 12, झामुमो के 19 और राजद के 1 विधायक शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और संतोष पांडे रायपुर गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रिमंडल के कुछ सहयोगी अभी नहीं गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1 सितंबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। बैठक की वजह से मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के कुछ सहयोगी सदस्य रायपुर नहीं गये हैं।

# अंकिता हत्याकांड पर झारखंड हाइकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

- डीजीपी तलब, परिवार को सुरक्षा देने का आदेश
- तीन दिन बाद दर्ज हुआ हत्या का मामला
- फॉरेंसिक साइंस टीम ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/दुमका।** अंकिता की मौत के मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने डीजीपी को तलब करते हुए अंकिता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने के आदेश दिये हैं। झारखंड के दुमका की अंकिता की मौत के तीन दिन बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। इससे पहले पुलिस ने छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया था। इधर फॉरेंसिक साइंस और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम दुमका पहुंची और अंकिता के घर से सैंपल लिये। यह टीम रांची से गयी थी। वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच शुरू हो गयी है। इस बीच घटना में दूसरे आरोपी छोटू को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अंकिता का मरने से पहले का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें शाहरुख हुसैन के साथ छोटू नामक युवक का भी जिक्र है।

**डीजीपी कोर्ट में हुए हाजिर :** हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। खंडपीठ ने कहा है कि इस मामले की मॉनिटरिंग कोर्ट करेगा। हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के डीजीपी एवं एडिशनल होम सेक्रेटरी कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने इस मामले का अनुसंधान जल्द से जल्द करने और चार्जशीट जल्द दाखिल करने का निर्देश डीजीपी को दिया है। साथ ही पीड़िता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि देवघर एम्स



में बर्न वार्ड है या नहीं।

### एसआइटी करेगी मामले की जांच

अंकिता मर्डर केस में एसपी की अध्यक्षता में एसआइटी गठित की गयी है। एडीजी एमएल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी निगरानी एसपी करेंगे। अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में हर नजरिए से जांच जारी है।

### 10 सदस्यीय टीम जांच करने पहुंची

सीआइडी डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में 10 सदस्यीय जांच टीम दुमका में अंकिता के घर पहुंची। टीम में सीआइडी, फॉरेंसिक और फिंगर प्रिंट ब्यूरो के सदस्य शामिल थे।

**शाहरुख ने पेट्रोल डाल आग लगा दी थी :** अंकिता दुमका के जरुवाडीह मोहल्ले की रहने वाली थी। वह 23 अगस्त को अपने घर में सोई हुई थी। तभी 5 बजे पड़ोस के शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। पांच दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। शाहरुख दो साल से अंकिता को परेशान कर रहा था।

**एसडीपीओ नूर मुस्तफा जांच से हटाये गये :** अंकिता हत्याकांड में पक्षपात के आरोपों से घिरे एसडीपीओ नूर मुस्तफा को केस की जांच से हटा दिया गया है। मुस्तफा पर शाहरुख को बचाने का आरोप लगाया जा रहा था। इस बीच मौत के बाद राज्य के रांची, दुमका, गिरिडीह समेत कई जिलों में लगातार प्रदर्शन जारी है। घटना से लोग आक्रोशित हैं और आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं।

**आइपीएस बनना चाहती थी अंकिता :** अंकिता तीन भाई-बहनों में मंझली थी। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है, जबकि 12 साल का छोटा भाई फिलहाल पढ़ रहा है। अंकिता आइपीएस बनना चाहती थी। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिता बिस्किट कंपनी में सेल्समैन का काम करते हैं। परिवार में दादा-दादी हैं। उसकी मां की मौत पिछले साल हो चुकी है।

SAERA
MAYURI
INDIA'S No.1
मयूरी है जरूरी!
E-RICKSHAW MANUFACTURER



J D TRADERS
Authorised Dealer of
SAERA ELECTRIC AUTO PVT. LTD.
Showroom:- 39, Laxmi Tower, H.B. Road, Kokar, Ranchi
Head Office:- Mahilong, Tatisilwai, Ranchi (Jharkhand)
SALES | SERVICES | SPARE PARTS | INSURANCE
Mob.: 7991137856
9931319700
E-mail : jdtradersok@gmail.com

# रांची के नरकोपी में घर में घुस कर आदिवासी नाबालिग से किया दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंकिता हत्याकांड को लेकर देशभर में आक्रोश है। लोग आरोपितों को दंडित करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ मो सहरुद्दीन ने घर में घुस कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रविवार को नाबालिग के घर में कोई नहीं था। नाबालिग घर से नहाने के लिए बाहर निकली तो बरसात होने लगी। नाबालिग पानी से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ी हो गयी। इसी बीच आरोपित को पेड़ के पास आते देख कर नाबालिग अपने घर की ओर जाने लगी। आरोपित नाबालिग के पीछे-पीछे घर के अंदर चला गया। उस वक्त नाबालिग के घर में कोई नहीं था। आरोपित ने इसी का फायदा उठाया और नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

### आरोपी पीड़िता का पड़ोसी, कई दिन से कर रहा था पीछा

नाबालिग आरोपित को पहले से पहचानती है। इस वजह से उसने पुलिस को पूरी बात बतायी। पुलिस आरोपित के घर पहुंची। उसे गिरफ्तार कर थाना ले आयी। पूछताछ के क्रम में पता चला कि आरोपित आये दिन नाबालिग का पीछा करता था। नाबालिग ने इसकी जानकारी घरवालों को दी थी। नाबालिग के घरवालों ने आरोपित को कई बार मना किया था, लेकिन वह नहीं मान रहा था। आरोपित पीड़िता के पड़ोस में ही रहता है। इस मामले में रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने ट्वीट किया है कि अभी अंकिता सिंह की चिता ठंडी भी नहीं हुई, दरिंदों को सजा भी नहीं मिली और रांची में नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ आरोपित ने घर में घुस कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। झारखंड में किसी भी बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस से 64 नेताओं का इस्तीफा

- गुलाम नबी आजाद की नयी पार्टी में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने का असर जम्मू-कश्मीर में साफ दिख रहा है। सूत्रों के मुताबिक आजाद के समर्थन में जम्मू-कश्मीर में 64 नेताओं ने कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया है। खास बात यह है कि इसमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद, पूर्व मंत्री माजिद वानी और मनोहर लाल शर्मा जैसे नेता शामिल हैं। ये सभी रविवार को आजाद की नयी पार्टी में शामिल होंगे। गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्होंने पार्टी के सभी पदों और सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। आजाद ने कहा कि वह जल्द ही एक नयी पार्टी लांच करेंगे और इसकी पहली यूनिट जम्मू-कश्मीर में शुरू की जाएगी। राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद ने शुक्रवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंपे करीब 5 पेज लंबे त्यागपत्र में उन्होंने भी गुलाम नबी आजाद की तरह पार्टी के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने खास तौर से वायनाड सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तारा चंद ने कहा कि मैं कांग्रेस से इस्तीफा दे रहा हूं और आजाद साहब के साथ शामिल हो रहा हूं।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

# मदरसे की जमीन बता मुसहरों का डेढ़ दर्जन घर उजाड़ा, पीटा भी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांडू (पलामू)।** झारखंड के पलामू जिले में पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातू गांव में महादलित समाज की मुसहर जाति के लोगों पर बड़ा जुल्म हुआ है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समूह बना कर टोंगरी पहाड़ी के निकट मुसहरों के कच्चे घर और झोपड़ियों पर अचानक हमला कर दिया। डेढ़ दर्जन से ज्यादा घरों को ध्वस्त कर दिया। मारपीट की गयी। इतना ही नहीं घर ध्वस्त करने के बाद सामानों को दो वाहनों पर लाद कर छतरपुर के लोटो गांव के पास जंगल में छोड़ दिया। डरे-सहमे मुसहर जाति के करीब 50 लोग पांडू थाना पहुंचे। पुलिस ने इंसाफ की गुहार लगायी।



**अचानक हुआ आक्रमण :** सोमवार दोपहर मुसहरों के घरों पर अचानक हमला हुआ। हमले के बाद मुसहर जाति के डेढ़ दर्जन परिवार के लोग बेघर हो गये हैं। हमले के बाद भगदड़ मच गयी। परिवार के कई सदस्य और बच्चे इधर-उधर जान बचाने के लिए भागे। बच्चे लोटो गांव के जंगल में भटक-भटक कर रो रहे हैं। बाद में किसी तरह हिम्मत कर कुछ थाना पहुंचे। पुलिस ने न्याय की गुहार लगायी। दूसरी तरफ मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि मदरसे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मुसहर परिवार के लोग रहते थे।

**चार दशक से रह रहे थे मुसहर** महादलित परिवार के लोग कच्चे मकान और झोपड़ियां बना कर करीब चार दशक से मुरुमातू के पास रह रहे थे। पीड़ित लोगों का कहना है कि भूखंड जीएम लैंड है। प्रशासन ने सर्वे करा कर यहां पर बसाया है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मदरसे की जमीन बता कर कब्जा करना चाहते हैं।

**मामले की जांच कर रही है पुलिस :** पांडू थाना प्रभारी धुमा किस्कू का कहना है कि जमीन विवाद का मामला है। हमले के बाद मुसहर जाति के लोग थाना पहुंचे और मौखिक जानकारी दी। अभी तक लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लगता है यह खबर अफगानिस्तान या पाकिस्तान की है : भाजपा

इस घटना को लेकर झारखंड प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष विधायक अमर बाउरी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि राज्य में दलित और आदिवासी सुरक्षित नहीं है। ऐसा लग रहा है कि यह खबर अफगानिस्तान या पाकिस्तान की है। सच्चाई यह है कि झारखंड के पलामू की घटना है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,400 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 45,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 57,000 रु./प्रति किलो |



## पीड़ा : प्रशासनिक और सामाजिक अनदेखी ने असमय ही लील लिया एक बेटी का जीवन

# दर्द से तड़पते-कराहते मर गयी दुमका की बेटी अंकिता

दुमका की नाबालिग बेटी अंकिता सिंह मर गयी। पांच दिन तक असहनीय पीड़ा झेलते हुए यह लड़की कभी न लौटनेवाली सफर पर तो निकल गयी, लेकिन उसकी रवानगी के पीछे एक आम मध्यमवर्गीय परिवार की बेबसी, एक नाबालिग लड़की के अभिभावक की पीड़ा, प्रशासनिक और सामाजिक लापरवाही-अनदेखी और सियासत की बदरंग होती तस्वीर कुछ और चमकीली हो गयी। अंकिता की मौत ने दिखा दिया कि समाज के चेहरे पर कोई भी तमाचा तब तक अपना असर नहीं दिखाता, जब तक कि सियासत ऐसा नहीं चाहे। इसलिए उसकी मौत के बाद जारी हो रहे बयान, उसके परिवार के लिए की जा रही घोषणाएं और उसके वहशी हत्यारे के खिलाफ की जा रही प्रशासनिक और पुलिसिया कार्रवाई यह बताने के लिए काफी हैं कि हमारा समाज इस लापरवाह और गैर-जिम्मेदार सिस्टम के आगे बेबस-लाचार हो चुका है। अंकिता न तो इस तरह के वहशी अपराध की पहली शिकार है और न अंतिम, यह बात सभी को ध्यान में रखनी होगी। उसकी मौत ने दिखा दिया है कि सामाजिक शिराजा बिखरने का अंजाम क्या होता है। शायद इसलिए उसके परिजन उस नराधम शाहरुख के लिए मौत की सजा की मांग कर रहे हैं और प्रशासन भी इस दिशा में सक्रिय हो गया है। यही सक्रियता यदि 22 अगस्त के बाद दिखती, तो शायद अंकिता हमारे बीच होती। कहा जाता है कि कोई भी सामाजिक बदलाव बिना किसी बलिदान के नहीं होता, लेकिन भारत और खास कर झारखंड में यह सच नहीं हो रहा है। निर्भया से लेकर अंकिता तक के बलिदान ने न तो प्रशासन की निगाहों को बदला है और न ही सियासत को। यह बेहद गंभीर सवाल है। यह सवाल केवल पुलिस-प्रशासन या सियासतदानों से नहीं, बल्कि समाज के हरेक व्यक्ति से पूछा जा रहा है। अंकिता सिंह की मौत के पीछे से उभरे इसी सवाल का जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राहुल सिंह

पहले दुमका और बाद में रांची के रिम्स अस्पताल में जीवन से संघर्ष करती हुई अंकिता सिंह ने आखिर इस दुनिया को अलविदा कह दिया। आंखों में सुनहरे भविष्य का सपना लिये अंकिता की मौत ने कई ऐसे सवालों को जन्म दिया है, जिनका जवाब झारखंड और पूरे देश को आनेवाले दिनों में देना होगा। अंकिता के वहशी हत्यारे शाहरुख और उसके सहयोगी छोटू को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन महज इस प्रशासनिक कार्रवाई से अंकिता के सवालों के जवाब नहीं मिल जाते। 22-23 अगस्त की रात अपने ही घर में जला दी गयी अंकिता का पहला सवाल तो उस पुलिस और प्रशासन से है, जिसने इस घटना को मामूली समझते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। दुमका से रांची स्थित रिम्स भेजने के लिए भी दुमका प्रशासन पता नहीं, किस आदेश का इंतजार करता रहा। इसका परिणाम यह हुआ दर्द से तड़पती-कराहती अंकिता ने 27-28 अगस्त की रात अंतिम सांस ली।

अंकिता और शाहरुख, दोनों का परिवार निम्न मध्यवर्गीय है। अंकिता के पिता संजीव सिंह किराने की एक दुकान में काम कर अपना परिवार चलाते हैं। उनकी पत्नी और अंकिता की मां की मौत करीब डेढ़ साल पहले कैंसर से हो गयी थी। अंकिता अपने तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी और 10वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की थी। वह अपने पिता, दादा, दादी और छोटे भाई के साथ रहती थी। उसकी बड़ी बहन का पहले ही ब्याह हो चुका है।

**समय पर उचित इलाज नहीं हो सका, अब हो रही करोड़ो देने की बात**





कातिल शाहरुख का परिवार भी उसी मोहल्ले में मिट्टी के एक घर में रहता है। उनके पिता पेंटर थे, जिनकी बहुत पहले मौत हो चुकी है। वह छोटे-मोटे काम कर घर चलाने में अपनी भूमिका निभाते थे। शाहरुख का परिवार दुमका जिले के ही शिकारीपाड़ा प्रखंड का मूल निवासी है, लेकिन पिछले कई सालों से दुमका में कच्चा घर बना कर रहता है।

अंकिता की मौत ने झारखंड और देश के सामने जो सवाल खड़े किये हैं, उनका उत्तर आसान नहीं है। यह सही है कि इस तरह की वहशियाना हरकत की शिकार बनी अंकिता न पहली लड़की है और न अंतिम, लेकिन सवाल यह है कि दुमका का पुलिस-प्रशासन इस मामले की अनदेखी कैसे करता रहा। दुमका के लोग, सियासतदान और सबसे पहले समाज उस समय कहां चला गया था, जब शाहरुख लगातार अंकिता को परेशान कर रहा था। अंकिता के पिता ने कहा है कि शाहरुख पिछले कई दिनों से अंकिता को परेशान करता था। 10-12 दिन पहले उसने अंकिता की किसी सहेली से उसका फोन नंबर ले लिया और उसे बार-बार फोन कर तंग करने लगा। अंकिता ने ये बातें मुझसे बतायी, तो मैंने पहले तो इग्नोर कर दिया, लेकिन 22 अगस्त की शाम उसने अंकिता को फोन कर कहा कि अगर वह उससे नहीं मिलेगी, तो उसे जान से मार देगा। संजीव सिंह कहते हैं, अंकिता ने मुझसे यह बात भी बतायी। तब तक रात हो चुकी थी। मैंने सोचा कि सुबह होने पर शाहरुख और उसके घर के लोगों से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे। इसी बीच 23 अगस्त की अहले सुबह उसने खिड़की के बगल में सोयी मेरी बेटी पर पेट्रोल छिड़क कर जलती माचिस की तीली फेंक दी। इसमें अंकिता बुरी तरह झुलस गयी और अंततः हम उसकी जान नहीं बचा सके। मेरी मासूम बेटी मर गयी और हम रो रहे हैं। अंकिता को पहले दुमका के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया और बाद में रिम्स भेजा गया। पांच दिन तक मौत से लड़ने के बाद अंततः अंकिता हार गयी।

लेकिन इन पांच दिनों में कोई भी सरकारी या राजनीतिक नुमाइंदा उसकी खोज-खबर लेने नहीं गया। पुलिस-प्रशासन भी चुप्पी साधे रहा। लेकिन जब अंकिता मर गयी, तब सभी की नींद टूटी। पहले 'प्रशिक्षण' की तैयारियों में जुटे सियासतदान मैदान में उतरे और बयान जारी करने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद सियासी घमासान में भिड़े लोग सक्रिय हुए। अंकिता के परिजनों के लिए न्याय देने और दिलाने का अभियान शुरू हुआ, लेकिन किसी ने सवाल नहीं उठाया कि पांच दिन तक अंकिता की सुध लेने कोई क्यों नहीं गया। क्या प्रशासन तभी सक्रिय होगा, जब मुख्यमंत्री हर बात के लिए उसे आदेश देंगे। जैसे ही मुख्यमंत्री गंभीर हुए, आदेश दिये, प्रशासन की स्पीड बढ़ गयी। देखते ही देखते अंकिता के परिजनों को मुआवजा मिल गया, एडीजी रैंक के अधिकारी उसके घर पहुंच गये। एसपी बार-बार गांव में जाने लगे।

बयान जारी हुए, बयानवीर सामने आये, तो समाज भी जागा, ठीक उसी तरह, जब 2012 में निर्भया के लिए पूरा देश सड़कों पर उतर गया था, लेकिन तब भी न निर्भया हमारे बीच थी और न अब अंकिता है। अब पुलिस-प्रशासन का ध्यान इस पर कम है कि शाहरुख हुसैन को सजा कैसे दिलायी जाये और इस पर ज्यादा है कि लोग सड़कों पर न उतर जायें। शाहरुख और उसके सहयोगी छोटू को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन अंकिता की आत्मा को क्या इतने भर से शांति मिल जायेगी। उसके परिवार को सरकारी सहायता के रूप में 10 लाख रुपये मिल गये हैं, लेकिन क्या एक बेटी के जीवन का मोल इतना भर है। राजनीति के दूसरे छोर पर खड़े खिलाड़ियों ने अंकिता के परिवार के लिए एक करोड़ रुपये जुटाने का संकल्प लिया है, लेकिन क्या कोई उस परिवार को उसकी बेटी लौटाने की बात करने का साहस जुटा सकता है। इस पूरी घटना पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि इस मामले पर सरकार गंभीर है। जो दोषी है, उसे बख्शा नहीं जायेगा। वह दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की बात तो कर रहे हैं, लेकिन इस सवाल का कोई जवाब उनके पास नहीं है कि अंकिता को बेहतर इलाज के लिए किसी बड़े अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया। जब एक दंगा में शामिल अपराधी की जान बचाने के लिए उसे एयर एंबुलेंस से भेजा जा सकता है, तो एक बेटी में ऐसा क्यों नहीं हुआ। क्या विडंबना है कि पांच दिन तक वह बेटी असहनीय दर्द में तड़पती रही, पर कोई सरकारी नुमाइंदा उससे मिलने तक नहीं आया। इसीलिए यह भी कहा जा रहा है कि अंकिता का अगर बेहतर इलाज होता, तो शायद आज अंकिता जीवित रहती।

इन सबमें सबसे बड़ा सवाल तो यह उठता है कि आखिर शाहरुख जैसे वहशियों को इस तरह का अपराध करने की हिम्मत कहां से मिल रही है? कहीं यह तुष्टीकरण की नीति ही तो नहीं, जहां समाज, प्रशासन, न्यायपालिका और सियासत एक बेटी को न्याय दिलाने में भी सक्षम नहीं हो पा रही है।

## रोज-रोज के धरना प्रदर्शन से तंग आ गये थे ग्रामीण और जनप्रतिनिधि, फूट पड़ा आक्रोश, भागे स्वघोषित प्रदर्शनकारी

देवानंद

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने को लेकर लगाये गये बोर्ड को प्रशासन के द्वारा हटाये जाने को लेकर आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के तीसरे दिन के धरना-प्रदर्शन में खलल पड़ गया। रोज-रोज के धरना प्रदर्शन से आजीज आ चुके जनप्रतिनिधियों एवं आमजन आक्रोशित हो गये। उनके आक्रोश को देखते हुए धरना देनेवाले भाग खड़े हुए। स्व घोषित कथित टाना भगत अपने साथ लाये साउंड बॉक्स समेत खाने पीने की सामग्री चावल, दाल, गैस चूल्हा, बर्तन, ओढ़ने की सामग्री कंबल, चादर छोड़ कर भाग गये। इसे बाद में महुआडांड़ थाना पुलिस के द्वारा जब्त कर लिया गया है।



### क्या था मामला?

महुआडांड़ के विभिन्न स्थानों में पिछले दिनो महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा बाड़ी मोड़ और बिरसा चौक के समीप पत्थलगड़ी की तर्ज पर पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में प्रवेश को वर्जित करने को लेकर छेछाड़ी परगना के सदस्यों द्वारा बोर्ड लगाया गया था। इसे पुलिस प्रशासन ने जब्त कर लिया था। उसके बाद से ही लगातार धरना-प्रदर्शन चल रहा था।

### पल पल कुछ यूं बदलती रही तस्वीर

तीसरे दिन मंगलवार को दिन के 12:30 बजे तक आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्य हावी रहे। दस बजे कार्यालय खोलने पहुंचे महुआडांड़ एसडीएम नीत निखिल सुरीन, महुआडांड़ एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग समेत सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को वापस बैरंग लौटने को मजबूर कर दिया। अधिकारियों के समझाने के बावजूद कोई भी अपनी हठधर्मिता छोड़ने को तैयार नहीं हुआ तथा गाली गलौज करते हुए सभी पदाधिकारियों को वापस लौटने को मजबूर कर दिया। अपराह्न 12 बजे लगभग जिप सदस्य इस्तेला नगेशिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, सभी पंचायत की मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, सुषमा कुजूर, प्रमिला मिंज, रोशनी कुजूर, रेणुका टोप्पो, मगदली टोप्पो, रेखा नगेसिया, रीता खलखो, पंचायत समिति सदस्य निर्मला टोप्पो, ग्राम प्रधान अध्यक्ष कोरनेलियुस मिंज, लुइस कुजूर, डेविड मिंज, पूर्व जिप सदस्य मनीना कुजूर आदि समेत भारी संख्या मे स्थानीय लोंगों का पहुंचना प्रारंभ हुआ एवं आक्रोशित उपरोक्त जनप्रतिनिधियों एवं आम जनों ने सर्वप्रथम तो आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, पर वे अपनी हठधर्मिता छोड़ने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि आक्रोशित हो गये। उन लोगों ने अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड सह अंचल कार्यालय, कृषि तकनीकी सूचना केंद्र भवन समेत सभी कार्यालय में की गयी तालाबंदी को तोड़ दिया। वहीं लोगों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्य भाग गये।

**हंगामे में महुआडांड़ के स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूसरे अन्य जिलों से भी बाहरी लोग हुए शामिल, किया हंगामा**

पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने को लेकर लगाये गये बोर्ड को प्रशासन के द्वारा हटाये जाने को लेकर आदिवासी संगठन छेछारी परगना के सदस्यों के द्वारा तीसरे दिन मंगलवार को किये गये हंगामे में महुआडांड़ प्रखंड के स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूसरे अन्य जिलों से आये बाहरी लोग भी शामिल हुए थे।

**कार्रवाई से असामाजिक तत्वों को दिया गया सीधा संदेश - हमें आपस में लड़ाने की न करें कोशिश, हम एक हैं**

मंगलवार को असामाजिक तत्वों पर सीधी कार्रवाई कर महुआडांड के जनप्रतिनिधी, बुद्धिजीवी एवं आम जनों ने आपस में लड़ाने वाले असामाजिक तत्वों को सीधा मैसेज दिया कि हम महुआडांड़ के सभी समुदाय की जनता आपस में भाई भाई हैं , चंद लोग हमारे बीच आपस में फुट डाल कर लड़ाने की कोशिश नही करें। अन्यथा ऐसे ही परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना पड़ेगा।

### सदस्यों पर दर्ज हुई एफआइआर

सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं सरकारी कार्यालय में ताला जड़ने को लेकर महुआडांड़ बीडीओ अमरेन डांग के द्वारा आदिवासी संगठन छेछारी परगना के 14 नामजद सदस्यों एवं पचास अज्ञात सदस्यों पर महुआडांड़ थाना में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। इसे लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी के द्वारा महुआडांड़ थाना कांड संख्या 82/22 धारा 147, 149, 151, 341, 342, 353, लगाया गया है एवं आरोपियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।

## तीन साल पहले अंकिता के जैसी ही रामगढ़ में भी युवती की जला कर की गयी थी हत्या, आरोपी अब भी गिरफ्त से बाहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आज पूरे देश में दुमका की अंकिता की मौत पर बवाल मचा हुआ है। लोगों में युवती की मौत के बाद काफी आक्रोश है, लेकिन झारखंड में यह पहली घटना नहीं है, जब एकतरफा प्यार में किसी युवती की जान चली गयी है। तीन साल पहले रामगढ़ की रहनेवाली शोभा कुमारी के साथ भी ऐसी ही घटना घटी थी। एकतरफा प्यार में युवती को जिंदा जला दिया था। गौरतलब है कि 22 मई 2019 को शोभा की जली हुई लाश उसके घर के आंगन से मिली थी। घटना को तब अंजाम दिया गया था, जब वह घर में अकेली थी। घटना के पहले वह कहीं जा रही थी कि एकतरफा प्यार की वजह से घटना को अंजाम दिया गया। तीन साल बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। आरोपी खुलेआम घूम रहा है। शोभा की हत्या के बाद रामगढ़ में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए धरना- प्रदर्शन किया गया था। साथ ही एक दिवसीय बंदी भी बुलायी गयी थी। इसके बावजूद अब तक हत्या की गुत्थी सुलझ नहीं पायी है।

**आरोपी खुलेआम घूम रहा है**

### 18 जून 2019 को बुलाया गया था रामगढ़ बंद

बता दें कि दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए रामगढ़ कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सड़क पर उतर कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की थी। कई संगठनों ने जगह-जगह धरना प्रदर्शन किया था। 18 जून 2019 को रामगढ़ बंद भी बुलाया गया था। इस दौरान विरोध मार्च निकाला गया और शोभा के हत्यारों को जल्द पकड़ने की गुहार लगायी थी।

### घर में बरामद हुआ था जला शव

22 मई 2019 को शहर की साहू कॉलोनी में शोभा (20) की पूरी तरह से जली हुई लाश उसके घर के आंगन में मिली थी। जिस वक्त यह हादसा हुआ था, उस समय शोभा अपने घर पर अकेली ही थी। स्थानीय लोगों ने और परिजनों ने यह कयास लगाया था कि खाना बनाने के दौरान उसके कपड़े में आग लगी और वह जिंदा जल गयी। घर बंद था, तो किसी ने भी उसकी चीख पुकार नहीं सुनी और उसकी मौत हो गयी थी। बाद में शोभा के परिजनों ने इसे हादसा नहीं हत्या बताया था। वारदात को तब अंजाम दिया गया था, जब शोभा की मां चुन्नी देवी हॉस्पिटल में थी और उसके पिता मनोज भी नहीं थे। शोभा की छोटी बहन भी कोचिंग सेंटर गयी थी। शोभा की लाश उसकी बहन ने ही सबसे पहले देखी, जब वह कोचिंग सेंटर से लौटी। इस जानकारी के बाद पूरे शहर में खलबली मच गयी थी।

### शोभा के पिता ने दर्ज कराया है हत्या का केस

26 मई 2019 को मृतका के पिता मनोज कुमार गुप्ता ने रामगढ़ थाने में आवेदन देकर साहू कॉलोनी के ही एक युवक पर हत्या का संदेह जताया था। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत को हत्या में तब्दील करते हुए जांच भी शुरू कर दी। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और शोभा के मोबाइल में आये एक युवक के मैसेज की कॉपी सौंपी गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह भी पता चला कि मृतका की जीभ बाहर निकली हुई थी, जो यह संकेत है कि हत्या गला दबा कर की गयी और उसके बाद साक्ष्य छुपाने के लिए उसे जला दिया गया।

## अंकिता को जला कर मारनेवाले नईम उर्फ छोटू का मकसद जान कर कांप जायेगी रुह

# प्रतिबंधित संगठन अंसार उल बांग्ला का समर्थक है छोटू

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** अंकिता हत्याकांड में धराये मुख्य आरोपित शाहरुख का सहयोगी नईम उर्फ छोटू की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अधिकृत जानकारी के मुताबिक, पुलिस नईम के पुराने आपराधिक इतिहास को खंगालने के साथ ही उसके संपर्कों को भी जांच के दायरे में लानेवाली है। रांची से आये उच्च स्तरीय जांच दल ने इस ओर इशारा करते हुए कहा है कि अनुसंधान का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस उन तमाम बिंदुओं की छानबीन करेगी, जिससे नईम के तार जुड़े होने की आशंका है। जानकारी के मुताबिक, नईम के मोबाइल से यह पता चला है कि वह एक प्रतिबंधित बांग्लादेशी संगठन अंसार उल बांग्ला से प्रभावित था। वह अक्सर अपने मोबाइल पर उस संगठन के माध्यम से संचालित गतिविधियों को देखता था। नईम भी दुमका के जरुवाडीह मोहल्ला का ही रहनेवाला है और वह भी पेंटर का काम करता है।

**डरावना है प्रतिबंधित अंसार उल बांग्ला संगठन का उद्देश्य**

यह संगठन मूलतः गैर इस्लामिक लड़कियों से शादी कर उनसे बच्चा पैदा करने और उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने के उद्देश्य से काम करता है। सूत्रों के मुताबिक, नईम अक्सर अपने मोबाइल पर इस संगठन की गतिविधियों को देखता था और इससे प्रभावित था। अनुसंधान में नईम से पूछताछ के दौरान उसने स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया है कि शाहरुख उसका जिगरी दोस्त था। उसने पुलिस के समक्ष यह भी बयान दिया है कि 22 अगस्त की शाम शाहरुख उससे मिला था। उस वक्त वह काफी गुस्से में था। शाहरुख ने जब उससे यह कहा कि वह अंकिता को पेट्रोल छिड़क कर जला देगा, तो उसने यह कहा कि अगर वह बात नहीं करती है तो उसकी यही सजा है। फिर उसी ने शाहरुख के लिए पेट्रोल खरीद कर लाया और दोनों मिल कर सुबह चार बजे घटना को अंजाम देने पहुंचे थे। जांच के क्रम में यह बात भी सामने आयी है कि घटना वाले दिन 22 अगस्त की शाम शाहरुख ने अंकिता को फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में दुमका एसपी अंबर लकड़ा ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के हर बिंदु पर गहनता से जांच हो रही है।

**दुमका एसपी ने कहा कि हर बिंदु पर गहनता से जांच हो रही**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7°c | 23.1°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


### मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर सीएम हेमंत ने लिया निर्णय

# एसिड अटैक में घायल किशोरी को दिल्ली एयर लिफ्ट करने की तैयारी

पीड़ित के परिजनों को उपलब्ध करायी जा रही है सहयोग राशि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची को एयर एंबुलेंस से दिल्ली शिफ्ट किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने रिम्स सुप्रिटेंडेंट के नेतृत्व में गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गयी रिपोर्ट के आधार पर उक्त निर्णय लिया है। बच्ची को जल्द से जल्द दिल्ली शिफ्ट करने की प्रक्रिया उपायुक्त रांची ने शुरू कर दी है। इस मामले में चतरा के उपायुक्त अबू इमरान ने बताया कि पीड़ित बच्ची के परिजनों को एक लाख रुपये की सहयोग राशि उपलब्ध करायी जा रही है। उक्त राशि से संबंधित चेक रिम्स में इलाजरत बच्ची के परिजनों को सौंपा जायेगा। दूसरी ओर, इस जघन्य कांड में शामिल आरोपित संदीप भारती को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। किशोरी पर पांच अगस्त को हमला हुआ था। इसके बाद से उसका इलाज रिम्स हो हो रहा है। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने बच्ची के बेहतर इलाज का निर्णय लिया है।

### एसिड अटैक पीड़िता काजल से मिले बन्ना गुप्ता, कहा

## स्पीडी ट्रायल से आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा जिले में एकतरफा प्यार में 17 वर्षीय नाबालिग काजल को संदीप नाम के मनचले युवक ने एसिड अटैक कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। काजल का इलाज रिम्स के बर्न वार्ड में चल रहा है। काजल के स्वास्थ्य का हाल-चाल जानने के लिए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रिम्स पहुंचे।



### अंकिता-काजल के साथ हुई घटना मर्माहत करनेवाली

घटना पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इसकी जितनी भी निंदा की जाये, वह कम होगी। आदमी इतना क्रूर हो जायेगा यह समझ से परे है। बच्ची पर एसिड अटैक हुआ है और वह बुरे हाल में है। अंकिता और काजल के साथ हुई घटना मर्माहत करनेवाली है। ऐसे दोषियों को फांसी की सजा देनी चाहिए।

### रांची उपायुक्त से स्वास्थ्य मंत्री ने की बात

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची उपायुक्त से काजल के मुद्दे पर फोन पर बात की। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिया है कि यदि जरूरत पड़े तो पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर बाहर भेजें। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कीजिए। बन्ना गुप्ता ने कहा कि इस मामले में न्यायालय से समयबद्ध तरीके से स्पीडी ट्रायल करवा कर दोषियों को फांसी के फंदे तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### ये रहे मौजूद

रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, डीन डॉ विवेक कश्यप, चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, सर्जरी विभाग के डॉ निशीथ एक्का मौजूद रहे।

# अंकिता सिंह हत्याकांड की हो एनआइए जांच: दीपक प्रकाश

कहा- अपराधी शाहरूख के साथ पकड़े गये अपराधी छोटू का संबंध पीएफआइ से



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर मंगलवार को हमला बोला। पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य में सुखाड़ के चलते किसानों की कमर टूटी हुई है। उसके लिए मीटिंग कर योजना बना कर केंद्र से सहायता लेने की बजाये संवेदनहीन राज्य सरकार सैर सपाटे में लगी है। दुमका की बेटी अंकिता ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। उसके लिए एक छोटी सी फ्लाइट का इंतजाम कर उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजने की बजाये इस सरकार ने मौज मस्ती के लिए अपने लिए बड़ी फ्लाइट मंगायी। यह सरकार अपराधी और पत्थरबाजों को एयर लिफ्ट करती है लेकिन एक गरीब परिवार की निर्दोश बच्ची के लिए कोई आगे नहीं आता।

अंकिता मामले में राज्य ही नहीं देशभर में राज्य सरकार के खिलाफ उबाल है। हाइकोर्ट तक ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया है। इससे कहा जा सकता है कि राज्य जल रहा है और सरकार पिकनिक मनाने में लगी है। हालिया घटनाक्रम बताता है कि हेमंत सरकार असंवेदनशील और जन हित कार्यक्रमों से पलायन करने वाली सरकार है। प्रेस वार्ता के दौरान महिला मोर्चा (प्रदेश) की अध्यक्ष आरती कुजूर और प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा भी उपस्थित थे। दीपक प्रकाश ने कहा कि अंकिता मामले में पूरी तरह से राज्य सरकार दोषी है। 23 अगस्त को दुमका में अंकिता को पेट्रोल डाल कर मारे जाने की कोशिश हुई। इसके बाद अगले 12 घंटे तक दुमका जिला प्रशासन उसके गरीब परिवार की मदद को सामने नहीं आया। चंदा करके किसी तरह उसे रिम्स, रांची लाया गया जहां इलाज के अभाव में उसने दम तोड़ दिया। दंगाइयों के लिए एयरलिफ्ट करने वाली सरकार अंकिता को यह सुविधा नहीं दे सकी।

### नूर मुस्तफा की भूमिका की भी जांच हो

दीपक के मुताबिक अपराधी शाहरूख के साथ पकड़े गये अपराधी छोटू का संबंध पीएफआइ से है। ऐसे में इस मामले की गहराई से जांच एनआइए से करायी जानी चाहिए। मामले में संदिग्ध रहे अधिकारी नूर मुस्तफा की भूमिका की भी जांच हो जिसने अपराधियों की कम उम्र दिखाने की कोशिश करके उसे बचाने की कोशिश की। राज्य सरकार ने 29 अगस्त को अंकिता के परिजनों को महज 10 लाख रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की है। सरकार अगले 24 घंटे में बताये कि यह राशि किस मद से, किस बजट से दी गयी है। ऐसा नहीं करने पर पार्टी इस मामले से पर्दा उठायेगी।

दीपक प्रकाश ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से कहा कि पिछले 25 माह की हेमंत सरकार में महिलाओं, लड़कियों के खिलाफ आपराधिक मामले बेतहाशा बढ़े हैं जो बताता है कि कानून व्यवस्था का क्या हाल है। बलात्कार, दुष्कर्म के 4075 केस पुलिस रिकॉर्ड में आये हैं। इनमें से भी अधिकांश मामले आदिवासी महिलाओं, लड़कियों के खिलाफ हैं। एससी, एसटी का खुद को हितैषी बताने वाली सरकार में दारोगा स्व रुपा तिर्की और अन्य के खिलाफ जघन्य अपराध हुए। पलामू में 50 महादलित परिवारों को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने बेघर कर दिया गया। प्रेसवार्ता के पूर्व स्व अंकिता के चित्र पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, आरती कुजूर ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# अंकिता हत्याकांड: एनसीडब्ल्यू की टीम दिल्ली से पहुंची रांची, परिजनों से मिलने दुमका जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका में हुए अंकिता हत्याकांड पर अब राष्ट्रीय महिला आयोग सक्रिय हो गया है। साथ ही दुमका में धारा 144 फिलहाल लागू रखने का फैसला किया गया है। दुमका के उपायुक्त ने कहा कि हालात जब तक कंट्रोल में नहीं आते, तब तक वर्तमान दिशा निर्देश लागू रहेगा।

उपायुक्त ने कहा कि दुमका जिले में साइबर सेल को भी एक्टिवेट कर दिया गया है। अफवाह और भ्रामक खबर फैलानेवालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। दुमका के साइबर डीएसपी को इन बातों पर निगाह रखने की जिम्मेवारी दी गयी है।

इस बीच अंकिता हत्याकांड का मामला राष्ट्रीय महिला आयोग तक पहुंच गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने पिछले दिनों संज्ञान लेते हुए डीजीपी को 7 दिनों में जवाब देने को कहा है। वहीं, मंगलवार को महिला आयोग की टीम की 2 सदस्य रांची पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार आयोग की अंडर सेक्रेट्री शिवानी डे और वरिष्ठ सदस्य सालनी कुमारी इस मामले में जांच-पड़ताल करने और विस्तृत सूचना जुटाने के लिए रांची पहुंची हुई हैं। करीब 5 बजकर 15 मिनट में टीम दिल्ली से रांची पहुंची और डीजीपी कार्यालय में पूरी घटना की जानकारी डीजीपी से ले रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार महिला आयोग की टीम परिजनों से मिलने कल दुमका जायेगी। फिलहाल वह रांची में अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है।

### अरविंद केजरीवाल ने कहा: अंकिता के हत्यारों को कड़ी सजा मिले



रांची। दुमका की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की। ट्वीट में लिखा है: झारखंड में छात्रा अंकिता सिंह के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस तरह के जघन्य अपराध को देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, ताकि मृतका और उनके परिजनों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

### प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर की त्वरित सजा की मांग



धनबाद। कांग्रेस की महासचवि प्रियंका गांधी ने दुमका की बेटी अंकिता की मोत को दिल दहला देनेवाली घटना बताया है। साथ ही हत्यारों को तुरंत सजा दिलाने की मांग की। प्रियंका गांधी ने अपने ट्वीट में कहा कि झारखंड में 12वीं में पढ़ने वाली एक लड़की की निर्मम हत्या की घटना दिल दहलानेवाली है। अपराधियों को त्वरित सजा मिलनी चाहिए। अपराध की रोकथाम और न्याय के लिए जरूरी है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं में सख्त और जल्द कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाये।

# आदिवासी, महिला विरोधी सीएम को गद्दी पर रहने का अधिकार नहीं : बाबूलाल मरांडी

मुस्तफा शिकारीपाड़ा के कोयला खदानों से अवैध वसूली करते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी मंगलवार को हेमंत सरकार पर खूब बरसे। दुमका गेस्ट हाउस में उन्होंने मीडिया से कहा कि सीएम हेमंत आदिवासी और महिला विरोधी हैं। हाल की कई घटनाओं ने इसे साबित भी किया है। ऐसे में इस सीएम को गद्दी पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। सीएम हमेशा बीजेपी पर आरोप लगाते हैं कि वे आदिवासी हैं, इसी कारण से उन पर टारगेट किया जा रहा है। सच्चाई तो यह है कि वे खुद आदिवासी विरोधी हैं। उनके भ्रष्ट अधिकारी आदिवासियों, महिलाओं पर जुल्म कर रहे हैं। सीएम उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। रूपा तिर्की और संध्या टोपनो का उदाहरण देते हुए बाबूलाल ने कहा कि इन दोनों महिला पुलिस अधिकारियों की जान इस सिस्टम की लापरवाही की वजह से गयी। दोनों आदिवासी समाज की थीं, पर खुद को आदिवासी हितैषी कहनेवाली सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया। मौके पर पूर्व मंत्री लुइस मरांडी और अन्य भी मौजूद थे।



### नूर मुस्तफा पर हो कानूनी कार्रवाई

बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान डीएसपी नूर मुस्तफा पर कार्रवाई की मांग दोहरायी। कहा कि मुस्तफा लगातार अपने पद का दुरुपयोग करते रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा आदिवासियों को ही भुगतना पड़ा है। मुस्तफा शिकारीपाड़ा के कोयला खदानों से अवैध वसूली करते हैं। दुमका एसपी अंबर लकड़ा ने यहां के डीआइजी को भी पत्र लिख कर उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है। साथ ही अंकिता मामले में पर मुस्तफा की भूमिका काफी संदिग्ध है। उन्होंने आरोपियों को बचाने का प्रयास किया। इसलिए उस पर 120बी के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। शाहरुख हुसैन और नईम खान के साथ उसको भी जेल में रहने की व्यवस्था सरकार करे।

## दलबदल मामले पर फैसला सुरक्षित, निर्णय कभी भी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में चल रहे राजनीतिक उठापटक के बीच मंगलवार को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में सुनवाई हुई। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद स्पीकर ने इस मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले पर अब कभी भी स्पीकर के न्यायाधिकरण का निर्णय आ सकता है।

बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता के द्वारा बार-बार गवाहों को पेश करने की मांग को न्यायाधिकरण ने खारिज कर दिया और साफ कहा कि जिन आठ बिंदुओं को कोर्ट ने पूर्व में निर्धारित कर रखा है, उस पर बात करें। बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता ने कहा कि उन्हें संवैधानिक प्रावधानों को रखने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने न्यायाधिकरण के समक्ष बार-बार प्रोपोज्ड इश्यू और साक्ष्य को रखने की मांग की। कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत 10 वीं अनुसूची में दिये गये संवैधानिक अवधारणाओं पर भी प्रतिवादी को पक्ष नहीं रखने दिया गया। कहा कि दल बदल मामले में एक ही तरह के सात मामले हैं, लेकिन सिर्फ बाबूलाल मरांडी के मामले पर तेजी है, जबकि प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के मामले पर कुछ नहीं हो रहा है। यह आधा और अपूर्ण सुनवाई के आधार पर फैसले देने की तयारी न्यायोचित नहीं है।

न्यायाधिकरण ने सभी बिंदुओं को सुनने के बाद बाबूलाल मरांडी की सदस्यता से जुड़े चार मामले पर आदेश सुरक्षित रख लिया है और कभी भी इस पर अपना निर्णय सुना सकता है। ये चार मामले हैं राजकुमार यादव बनाम बाबूलाल मरांडी, भूषण तिर्की बनाम बाबूलाल मरांडी, दीपिका पांडेय सिंह बनाम बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव और बंधु तिर्की बनाम बाबूलाल मरांडी।

### अंकिता हत्याकांड के बाद एक और बवाल

# मां दुर्गा की प्रतिमा तोड़ी, बीजेपी ने गोड्डा बंद का किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर में घुसकर मां दुर्गा की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा को तोड़ने का ये मामला झारखंड के गोड्डा से है जहां सोमवार की देर रात ये घटना हुई। असामाजिक तत्वों ने मंदिर में रखे मां दुर्गा की मार्बल की प्रतिमा को खंडित किया। मंगलवार की सुबह जब स्थानीय लोगों को सूचना मिली तो स्थानीय लोगों ने प्रशासन को यह सूचना दी है और प्रशासन तमाम बिंदुओं पर जांच कर रहा है।

सुबह से ही नगर थाने की पुलिस के साथ पुलिस कप्तान, सदर एसडीपीओ, एसडीओ घटनास्थल पर पहुंचकर तमाम बिंदुओं पर जांच कर रहे हैं। इस घटना के बाद भाजपा ने गोड्डा बंद का ऐलान किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रशासन की ढीली पकड़ होने के कारण इस तरह की घटना हुई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि दुमका में हुए अंकिता हत्याकांड के बाद जब कैंडल मार्च निकाला गया था तो हो सकता है कि इससे भी दूसरे पक्ष के लोग आक्रोशित होंगे और ऐसी घटना को अंजाम दिया गया होगा। इस मामले में एसडीपीओ आनंद मोहन सिंह ने बताया कि तमाम बिंदुओं पर जांच की जा रही है। हो सकता है किसी मानसिक रूप से विक्षिप्त इंसान ने भी ऐसी घटना को अंजाम दिया होगा। मंदिर के इर्द-गिर्द प्रशासन को अब तक सीसीटीवी हाथ नहीं लगे हैं, हालांकि मंदिर के पिंडी पर पैरों के निशान हैं और मंदिर के सामानों पर लगे फिंगर प्रिंट के आधार पर प्रशासन जांच में जुट गयी है। बता दे कि बड़ी दुर्गा मंदिर गोड्डा के सबसे पौराणिक मंदिरों में से एक है। वर्षों से इस मंदिर में पूजा अर्चना चली आ रही है।

बड़ी दुर्गा मंदिर गोड्डा के सबसे पौराणिक मंदिरों में से एक है

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## गोला गोलीकांड के एक मामले में ममता सहित आठ को मिली सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के न्यायिक दंडाधिकारी सह एमएलए-एमपी कोर्ट मरियम हेंब्रम की अदालत ने रामगढ़ विधायक ममता देवी को गोला कांड संख्या 64/2016 में तीन महीने की सजा सुनायी है। अदालत ने ममता देवी के अलावा मनोज कुजहर, राजू साव, दिलदार हुसैन, आदिल इनामी, अभिषेक सोनी, राजीव जयसवाल और बालेश्वर भगत को भादवि की 147 और 427 में तीन माह और धारा 341 में दोषी करार देते हुए एक माह की सजा सुनायी है। बताते चलें कि 20 अगस्त 2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में आइपीएल कंपनी को बंद कराने को लेकर कंपनी के सामने ममता देवी के नेतृत्व में नागरिक चेतना मंच के बैनर तले 150-200 संख्या में ग्रामीण बैठे थे। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गये और कंपनी के कार्य में बाधा डाला। इसे लेकर कंपनी के सुपरवाइजर धीरेंद्र कुमार प्रमाणिक के लिखित बयान पर गोला थाना में मामला दर्ज किया गया था।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

e-Procurement Notice No. 08 / 2022-23

Letter No.- CE/3205/852 Date: 29.08.2022

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT08/ 2022-23 | Construction of Fortified Police Station Building at Dumaria in the district of East Singhbhum. | 22995731.00 | 10000.00 | 460000.00 | 365 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 05.09.2022 at 11:00 AM to 12.09.2022 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 5:00 PM on 12.09.2022. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 13.09.2022. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 14.09.2022.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

## डोभा में डूबने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत

**इचाक(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हदारी स्थित प्रखंड मुख्यालय के पीछेबने डोभा में 4 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। मृतक छोटू कुमार बड़कागांव बादम महुआ का रहने वाला था। जो अपने नाना कमल साव के घर हदारी में रहता था। बच्चे की नानी अपने साथ मजदूरी करने बच्चे को ले गई थी। बच्चा खेलते खेलते काफी दूर चला गया और वह डोभा में डूब गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया।

## तापीन साउथ पीओ कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता संपन्न

**चरही (आलाद सिपाही)।** तापीन साउथ पीओ कार्यालय में प्रोजेक्ट आफिसर के साथ त्रिपक्षीय वार्ता किया गया। लगभग चार दिन पुर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी नेता रियाज अहमद के नेतृत्व में तापीन साउथ काटा घर बैरिकेडिंग के पास बंदी करने को लेकर एकत्रित हो रहा था इसी दौरान द्वितीय पक्ष से झडप हो गया इसके लेकर रियाज अहमद के द्वारा एक लिखित पत्र सीसीएल पीओ के नाम दिया गया था इसको मद्देनजर देखते हुए पीओ ने समझौते के लिए 30 अगस्त को त्रिपक्षीय वार्ता के लिए बुलाया था लेकिन दो पक्ष शिवलाल महतो और रियाज अहमद ने उपस्थित हुआ लेकिन एक पक्ष रामकिशोर मुर्मू ने वार्ता में शामिल नहीं हुआ। फिर भी पोओ के साथ वार्ता हुई जो इस प्रकार की है। डीओ होल्डर अपने लिपटर को लेटर पैड देगा जो जाकर उपस्थित सीसीएल सुरक्षा गार्ड को देगा गार्ड ने सारी प्रक्रिया कर कार्ड जारी कर लिपटर को देगा फिर लिपटर कार्ड ट्रक चालक को देगा फिर चालक कार्ड लेकर कोयला लोडिंग में जाएगा साथ ही बेरियर या कांटा के इर्द गिर्द लिपटर के एलावे कोई दुसरा व्यक्ति नहीं जा सकता है। और कार्ड सिर्फ दो घंटा 10 से लेकर 12 बजे तक ही जमा हो पाएगा सीसीएल सुरक्षा प्रभारी विकास ने कहा कि ये तमाम मामले को लेकर मेरा गार्ड बडे संख्या तैनात रहेगा। सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई किया जाएगा।

## रामगढ़ महासम्मेलन को लेकर झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 15 सितंबर को लायंस क्लब रामगढ़ में होने वाले सम्मेलन को लेकर बड़कागांव सोनी धर्मशाला में प्रखंड वैश्य मोर्चा की तैयारी बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष ढालन साव ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि किसी भी समाज का नेतृत्व कर्ता उस समाज के लिए आदर्श होता है। समाज के सभी लोग उसका अनुसरण करते हुए आगे बढ़ने के लिए संकल्पित रहते हैं। झारखंड में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने, वैश्य आयोग का गठन करने, व्यवसाय को 10 लाख तक ऋण मुहैया कराने इत्यादि मांगों को लेकर 15 सितंबर को रामगढ़ में महासम्मेलन आयोजित की गई है। उन्होंने आगे कहा कि सभी राज्यों में पिछड़ों का आरक्षण 27 प्रतिशत है जबकि झारखंड एकमात्र राज्य है जहां 14 प्रतिशत ही पिछड़ों का आरक्षण है। झारखंड में सभी आयोग का गठन किया जा चुका है जबकि अभी तक वैश्य आयोग का गठन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को लेकर अब झारखंड में लगातार चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगी जब तक कि मांगे पूरी नहीं होती है। बैठक में बड़कागांव प्रखंड इकाई के लिए वैश्य मोर्चा का अध्यक्ष तलसवार पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मेघा देवी के पति मिथिलेश साव को मनोनयन किया गया। मनोनीत मिथिलेश साव को प्रखंड कमेटी विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, गणेश साव, गिरधारी कुमार, धनेश्वर साव, सुरेंद्र साव, सरोज सोनी, भुनेश्वर साव, हीरालाल साव, संजय राणा, अशोक कुमार, राजू साव, मनोज साव, सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## एसबीएमटीटीसी में खेलकूद का आयोजन



**चरही (आलाद सिपाही)।** एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बभनवै, के परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करते हुए उनकी याद में विभिन्न खेल कुद जैसे कबड्डी,कैरम एवं चेस आदि का आयोजन किया गया। खेल-कूद का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशिकान्त यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। समस्त खेल-कूद कार्यक्रम के सफल संचालन मे सहायक प्राध्यापक श्री पंकज कुमार ,श्री अमित सिंह श्री राकेश प्रसाद,श्री कुणाल कुमार यादव,श्रीमती सुषमा कुमारी, रविकांत मणी , श्रीमती श्वेता कुमारी, श्रीमती रूपा रानी, श्रीमती मंजरी कुमारी और शितांषु गौरव चक्रवर्ती के साथ-साथ शिक्षकेत्तर कर्मियो में सुधीर कुमार, विवेक कुमार रवि, रविशंकर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

## मार्खम कॉलेज में स्वागत और विदाई समारोह संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 30 अगस्त :मार्खम कॉलेज में शिक्षकों ने स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में जहां एक और सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढाकर, स्मृति चिन्ह एवं तोहफा देकर विदाई दी गई, वहीं दूसरी और नवागत शिक्षकों को पौधा युक्त गमला देखकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बतौर प्रभारी प्रसाद डॉ श्याम किशोर सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त होते, बल्कि निरंतर अनुभव की प्रखरता आती है। समारोह में नवागत शिक्षकों का सिलसिलेवार परिचय कराया गया। समारोह में नवागत शिक्षक डॉ संतोष कुमार रविदास एवं सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ तौहिद अहमद ने कविता पाठ सुनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों में डॉ तौहिद समेत डॉ रामजी सिंह, डॉ दिगंबर पांडेय, डॉ एनके मेहता एवं राजेंद्र कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रोफेसर विनय अखौरी एवं सुबोध कुमार सिंह ने समारोह पर अपनी सहमति जताई। समारोह में नवागत शिक्षकों में डॉ सिंधु केरकेट्टा, अंतरा गुप्ता, अनुभा तिर्की, अमृता एक्का, बलवंती कुमारी, कल्पना सी लकडा, लाडली कुमारी,संतोष कुमार रविदास, डॉ संजय लकड़ा, काजल कुमारी एवं कनक रागिनी समेत शिक्षकों में मुख्य रूप से डॉ एडी सिंह, डा चंदन कुमार,डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ बीडी त्रिवेदी, डा एसके सिंह, नितिन नीरज समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

## रामनारायण ठाकुर बने तिलैया के थाना प्रभारी

**कोडरमा(आजाद सिपाह)।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने आदेश जारी कर पुलिस निरीक्षक रामनारायण ठाकुर को तिलैया का थाना प्रभारी बनाया है। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी अजय सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। रामनारायण ठाकुर इसके पहले भी तिलैया के थाना प्रभारी रह चुके हैं।

## स्कूल में घुसकर युवकों ने रिवाल्वर चमकायी, छात्रों और शिक्षकों में दहशत

**कोडरमा (आजाद सिपाह)।** जिला के जयनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित एक स्कूल में दो युवकों द्वारा पहुंच कर रिवाल्वर चमकाने की घटना से वहां के छात्र और शिक्षक दहशत में हैं। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर में सोमवार दोपहर लगभग 1:05 बजे दो अज्ञात युवक विद्यालय में रिवाल्वर के साथ पहुंच गए और 11वीं कक्षा के बगल में जाकर हवा में पिस्टल चमकाने लगे। प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह ने दोनों युवकों को रिवाल्वर चमकाते हुए देखा तो उनसे पूछताछ भी की। युवकों ने बताया कि उन्हें अरबाज खान से मिलना है जो 11वीं कक्षा में पढ़ता है और वह हमारा दोस्त है। फिर तुरंत रिवाल्वर को छुपाते हुए दोनों युवक भाग निकले। हालांकि, शिक्षकों ने दोनों युवकों को रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। दोनों युवक इसके बाद फरार हो गए, उनके साथ छात्र जाकिर खान भी विद्यालय से फरार पाया गया। इधर विद्यालय में घटी इस घटना को लेकर शिक्षकों के साथ-साथ छात्र-छात्राएं भी काफी दहशत में हैं। घटना को लेकर सोमवार की देर शाम जयनगर थाना को लिखित सूचना दी गयी है और पुलिस जांच में जुटी है।

# 40. 50 लाख की लागत से होगा विद्यालय का निर्माण

**बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के खैरातरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर की होगी चारदीवारी**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के खैरातरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर की चारदीवारी निर्माण होगा। विद्यालय के चारदीवारी निर्माण में लगभग 40.50 लाख की लागत आयेगी। जिसके लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। इस अवसर पर विधायक ने हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यालय के चारदीवारी निर्माण से विद्यालय की बाह्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी साथ ही चारदीवारी निर्माण से विद्यालय परिसर में बच्चे सुरक्षित रहेंगे। वहीं विद्यालय के स्वरूप में भी बदलाव आयेगा। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधायें उपलब्ध हो इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं पचंडा के ग्रामीणों

**लकड़ी के पुल में से करते हैं आना जाना, प्रत्येक वर्ष बनाना पड़ता हैं लकड़ी का पुल**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड से लगभग 23 किमी दूर स्थित आँगो पंचायत के ग्राम पचण्डा गांव आज भी आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी मूल-भूत समस्याओं से वंचित है। यह गांव रांची व हजारीबाग जिले के बॉर्डर पर स्थित है यहां लगभग 100 से अधिक परिवार रहते हैं।यह संथाली बहुल गांव है। लकड़ी के पुल बनाकर नदी पार करते हैं हर बरसात में नए लकड़ी का पुल बनाया जाता है बरसात में नदी के तेज धार आने पर लकड़ी के पुल ध्वस्त हो जाता है। ग्रामीण इसे वर्ष में दो से तीन बार लकड़ी के पुल बनाये हैं। इस सम्बंध में पंसस प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझू से पूछें जाने पर उन्होंने बताया कि नदी में जलस्तर बढ़ जाने से लकड़ी का बना हुआ पुल बह जाता है ।इस ग्रामीणों को आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं ।एंव बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं ।वही पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि एंव कांग्रेस के युवा नेता दीपक करमाली से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बरसात के समय पचंडा नदी में पुल नहीं बनने के कारण यहाँ के लोगों को बहुत ज्यादा कष्ट उठाना पड़ता है ।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व वार्ड सदस्य विनोद बेसरा, देव राम मांझी, मिश्रीलाल मांझी ,अजय बेसरा, दिनेश ,बहादुर ,एतवा, नरेश, लगन मांझी, निराशा मरांडी, संजय मरांडी, प्रेम, अजय, महावीर के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

## मडमो में पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ समापन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मडमो में मंगलवार को सनराइज क्लब द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन किया गयो टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल, प्रकाश पटेल ,म ध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, सारूकुदर पंचायत मुखिया उत्तम महतो, मुखिया कुंती देवी, उपमुखिया पूनम देवी, पूर्व मुखिया महेंद्र गंझू, समाज सेवी राजेन्द्र मण्डल उपस्थित थे। फाइनल मैच केएफसी केंदुआडीह बनाम बेलरगड्डा के बीच खेला गयो जिसमे केदुआडीह के टीम 0-2 से बढ़त बना कर विजेता बनी वही बेलरगड्डा के टीम उपविजेतो मुख्य अतिथि सरजू पटेल के द्वारा विजेता उपविजेता दोनों टीमों को कप मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## जोरदाग गांव में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** प्रखण्ड के जोरदाग गाँव में आगामी दुगार्पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता उदयलाल गुप्ता एवं संचालन रामकुमार साव ने कियो बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने बारी-बारी से दुर्गा पूजा को लेकर चर्चा किया व हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा आयोजित करने का निर्णय लियो इस गाँव में दुर्गा पूजा का आयोजन 2021 से ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है व इस बार भी पूजा भव्य आयोजन के साथ किया जायेगा ।कई लोगो ने चंदा के रूप बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अगली बैठक में कमेटी विस्तार करने की बात कही। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम रंजन पासवान, किशोर साव, बैजनाथ रजक, अमित कुमार माली, धर्मेंद्र कुमार, नारयण साव, संजय साव, ज्ञान कुमार,सुरेश रजक, तापेश्वर कुमार, अखिलेश कुमार, नकुल साव, बंसत साव, प्रभु राम, संजय मुंडा, अनिल मुंडा, बालदेव साव, सुरेंद्र साव, प्रेम साव के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# उत्क्रमित प्लस टू हाइ स्कूल देवकुली में सुविधाओं की घोर कमी



**इचाक( आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल देवकली के विद्यार्थी इन दिनों वर्ग कक्ष एवं शौचालय की कमी का दंश झेल रहे हैं। इस विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं की घोर कमी है। इसे लेकर विद्यालय के छात्र छात्राएं, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य निराश होकर अब प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने पर उतारू हैं। फिलहाल इस विद्यालय में कक्षा 9 से 12 वीं कक्षा में 467 विद्यार्थी अध्यनरत हैं एवं नामांकन जारी है, जबकि वर्ग कक्ष के नाम पर मात्र दो कमरा है। वर्ग कक्ष की कमी के कारण बच्चों को लाइब्रेरी रूम एवं आईसीटी वोकेशनल लैब में भी जैसे तैसे बैठाकर पढ़ाया जाता है। दूसरी ओर लड़कों के लिए एक एवं लड़कियों के लिए एक कुल दो शौचालय है। बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण लंच टाइम में बच्चे शौच भी नही कर पाते। शौचालय की कमी होने से सबसे अधिक सीनियर क्लास की लड़कियां परेशान है। एसएमसी अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि विद्यालय में वर्ग कक्ष एवं शौचालय की कमी को लेकर स्थानीय विधायक एवं जिला के अधिकारियों से शिकायत कई बार किया, बावजूद सुविधाओं की कमी बरकरार है।

### क्या कहते हैं छात्र-छात्राएं

छात्राओं का कहना है कि लड़कियों के लिए मात्र एक शौचालय है। लंच ब्रेक के टाइम में हम सभी लड़कियां शौच भी नही कर पाते, वहीं एमएच लैब की शक्त आवश्यकता है। प्रभारी प्राचार्या डा रौनक नाज ने कहा की कमरे एवं शौचालय की कमी रहने से विद्यार्थी के साथ साथ शिक्षक भी परेशान हैं। विषयवार शिक्षक अपना क्लास नही ले पाते हैं। कॉमन रूम नही रहने से शिक्षक बरामदे में बैठकर काम करते हैं। सुचारू रूप से विद्यालय चलाने के लिए अतिरिक्त 10 कमरे एवं 6 यूनिट शौचालय की शक्त आवश्यकता है। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि विद्यालय में शौचालय की कमी रहने के कारण बड़ी बच्ची को परेशानी उठानी पड़ रही है एवं वर्ग कक्ष की कमी से पढ़ाई बाधित होती है। इसलिए मैं उपायुक्त से समुचित सुविधा दिलाने की मांग करती हूं।

# आइसेक्ट विश्वविद्यालय में यूजी,पीजी और डिप्लोमा कोर्स में नामांकन जारी



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में यूजी, पीजी व सभी डिप्लोमा कोर्सों में सत्र 2022-23 के लिए नामांकन जारी है। उक्त जानकारी देते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि नामांकन ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यमों से ली जा रही है। उन्होंने बताया कि यूजी, पीजी व डिप्लोमा कोर्स के तहत 30 से अधिक विषयों की पढ़ाई विश्वविद्यालय में कराई जा रही है, जिसमें ऑनर्स, व्यवसायिक और मैनेजमेंट कोर्स शामिल हैं। बीए, एमए के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल व मनोविज्ञान ऑनर्स में विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। वहीं बीएससी व एमएससी के अंतर्गत फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बॉटनी व जुलॉजी में विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं। इसके अलावा बीलीब, एमलीब, डीसीए, पीजीडीसीए, एमबीए एक्जीक्यूटिव, पीजीडीआरडी, बीजेएमसी, एमजेएमसी व योगा में डिप्लोमा की पढ़ाई विद्यार्थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय से पूरी कर सकते हैं। वहीं व्यवसायिक कोर्सों में बीएससी आईटी, एमएससी आईटी, बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीपीए, एमपीए, बीएफए, एमएफए, एमए एजुकेशन, एमए इन योगा के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम व एमकॉम के लिए भी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आईसेक्ट विश्वविद्यालय में प्रदर्शन एवं ललित कला विभाग में संगीत, नृत्य और पेंटिंग के अलावा अब नए सत्र 2022 से नाट्य कला में भी स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा की पढ़ाई शुरू कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय कैंपस आकर या 8252299990, 8 2 9 2 8 4 6 7 0 2 , 8404884433 पर संपर्क कर नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में मेजर ध्यानचंद की जंयती व राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता हुई। विद्यालय में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि बच्चों की प्रतिभा क/ा निखार कर उनके मंजिल तक पहुँचाया जा सके। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए निदेशक श्री आई. पी.भारती ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चे समाज की मुख्य धारा से नहीं भटक कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं ।इस अवसर पर बच्चों के बीच कबड्डी, खोखो,बैडमिंटन जैसे विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खेल प्रतियोगिता प्रारंभ करने से पहले सभी खेल प्रतिभागियों से मिलते हुए विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि खेलकूद हमारी रक्त परिसंचरण प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने में सहायक होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह निरंतर जारी रहता है ।उन्होंने ने यह भी बताया कि मेजर ध्यानचंद सिंह विकट परिस्थितियों से लड़कर हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुए। विजेता प्रतिभागियों में शुभम कुमार मंडल, कृष्णानंद, तुलेश्वर कुमार, गौतम कुमार, पंकज कुमार, सागर कुमार, कुदंन ,संजीत,अरूण कुमार, विक्रम आशीष कुमार, दीपक कुमार, अभिनव कुमार, अंकिता कुमारी, रंजना कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रियंका, चांदनी, अस्मिता, उजमा, मनिषा कुमारी, प्रेरणा यादव, निशु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि थे ।सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार कुदंन कुमार, और रौशन कुमार को मिला ।पुरस्कार मिलते ही सभी बच्चों के चेहरे पर विजयी मुस्कान छा गई ।इस अवसर खेल शिक्षिका पुनम कुमारीऔर खेल शिक्षक भोला कुमार राणा की प्रमुख सहभागिता रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्व हिंदू परिषद सदर प्रखंड ने मनाया स्थापना दिवस



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सदर प्रखंड के द्वारा मोरंगी हनुमान मंदिर में स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनुज राणा ने किया। बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कार्यकताओं को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के उद्देश्य एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। श्री सिंह ने कहा विश्व हिंदू परिषद स्थापना वर्षों से ही हिंदू मूल्यों की रक्षा करने के लिए जानी जाती है एवं इसका मूल उद्देश्य हिंदू मूल्यों की रक्षा एवं भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना है ।स्थापना दिवस के साथ ही साथ संगठन विस्तार के निमित्त मोरंगी पंचायत में संगठन विस्तार किया गया। जिसमें पंचायत मंत्री संतोष पांडे, पंचायत संयोजक केदार राम, पंचायत अखाड़ा प्रमुख प्रकाश गुप्ता, पंचायत विद्यार्थी प्रमुख पवन गुप्ता, पंचायत सप्ताहिक मिलन प्रमुख ईश्वर पांडे को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष अनुज राणा, सदर संयोजक कुंदन मेहता, सदर अखाड़ा प्रमुख गोविंद यादव, नगर संयोजक आशीष बर्नवाल, नगर सह संयोजक सोनू, अभिनव, चंदन, निलेश, रंजन, विशाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीएम महाविद्यालय में फ्रेंडशिप फुटबॉल मैच का आयोजन

**इचाक(आजाद सिपाही)।** जीएम महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के द्वारा फ्रेंडशिप फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस फ्रेंडशिप मैच में महाविद्यालय की 3 टीम ने भाग लीया ।पहला मुकाबला इंटर प्रथम वर्ष एवं इंटर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के बीच खेला गया। जिसमे इंटर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 2-0 से विजय हासिल किया। दूसरा मुकाबला विजेता टीम और पारा मेडिकल के विद्यार्थियों की टीम के साथ खेला गया, जिसमे पारामेडिकल के खिलाड़ियों ने 1-0 से जीत हासिल किया। इस फ्रेंडशिप मुकाबले का उद्देश्य बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन करके जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना है। मैच के दौरान महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि जीएम महाविद्यालय इस तरह के खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन के क्षेत्र में भी निखारने का काम करता रहा है। मैच में रेफरी की भूमिका में शिक्षक अजय उरांव एवं शिक्षक आशीष कुमार पांडे ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रत्नेश कुमार राणा,दीपक प्रसाद,रियाज अहमद, अजीत हंसदा,संगम कुमारी,गायत्री शर्मा, विनोद कुमार मेहता, राजकुमार सिन्हा,कृष्ण कुमार मेहता, संजय प्रजापति,सुनीता टोप्पो, ललिता देवी का सहरनीय योगदान रहा।

## तापीन साउथ कोल डंप में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा का नौवें दिन भी धरना जारी



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही कोयलांचल क्षेत्र के तापीन साउथ कॉल डम्प में छह सुत्रों मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन किया गया था जिसका आज नवां दिन धरना जारी है जिसका अध्यक्षता संतोष राय ने किया और मंच संचालन बिरसा टुडू ने किया। आज का मुख्य आतिथि विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो ने उपस्थित होकर सभा को संबोधित करते हुए विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा कि पुर्व में मोर्चा के द्वारा सीसीएल जेनररल मनेजर को एक लिखित पत्र दिया गया था जिसमें मुख्य रूप से छह सुत्रों का मांग का जिक्र किया है। तापीन साउथ कॉल डम्प 18 सितम्बर 2022 को चालू हुआ है लगभग दो वर्षों में अभी तक 12 हजार ट्रक लोडिंग होकर निकला है रुपए लगभग आठ करोड़ सत्तर लाख रुपए हो जा रहा है मजदूरों के नाम पर करोड़ों रुपए का उगाही किया है। तापीन साउथ परियोजना के विस्थापित प्रभावित को 75 प्रतिशत रोजगार की भागीदारी सुनिश्चित करें, तापीन साउथ में स्वास्थ्य केंद्र एंव डीएवी स्कूल का पुनंह खोला जाए, अंदोलनकारी पर मुकदमा को अविलंब वापस लो, कोयला उठाव हाईवा से मजदूरों का मजदूरी दिया जाए, 21 अगस्त को आवेदन के मध्यम से 11 सुत्री मांग की तमाम बातों को प्रमुखता से रखा उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि अगर सीसीएल प्रबंधन संतोष जनक वार्ता नहीं करता है तो 3 सितम्बर को धरना स्थल तापीन साउथ से हजारों की संख्या में सीसीएल जी एम कार्यालय का ताला बंदी क्या जाएगा उन्होंने आगे यह भी कहा जब तक सीसीएल प्रबंधन मांगों को धरातल में लागू नहीं करता है तब तक अंदोलन चालता रहेगा।

## नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 115 लोगों के स्वास्थ्य की जांच हुई



**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा मंगलवार को को प्रखंड के गोपदा गाँव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 115 ग्रामीणों के स्वास्थय का परीक्षण कर दवाइयां दी गई। एनटीपीसी के स्वास्थ्य विभाग के डॉ सेरण व महिला चिकित्सक ने मरीजों की जाँच कर उन्हें वर्षा के मौसम में होने वाली आम बीमारियों से बचने के लिए सुझाव दिए। गाँव के कई लोगों को चर्म रोग की दिक्कत रहती है जिसके चलते डॉक्टर सेरन ने सभी को घर के आसपास साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया तथा सभी को नियमित रूप से नहाने व खाने के बाद साबून से हाथ धोने की सलाहा दी गर्मी और बरसात के मौसम में मच्छरों से बचाव के लिए भी बोला गया व नियमित रूप से मच्छरदानी उपयोग करने व पानी एकत्रित ना करने का सुझाव दिए। मौके पर उपस्थित केरेडारी कोयला खनन परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुल्लू ने बताया की केरेडारी परियाजना प्रमुख फैज तैयब के मार्गदर्शन में ऐसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर केरेडारी क्षेत्र के गांवों में समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे व इसका सीधा लाभ परियोजना प्रभावित ग्रामीणों को मिलता रहेगा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


## सुहागिनों ने निर्जला उपवास रख किया हरितालिका तीज पर्व



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा हरितालिका तीज भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। वहीं कुछेक महिलाओं ने अपने-अपने घरों में ही तीज का पर्व मनाया। तीज पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु की कामना को ले निर्जला उपवास पर रहीं। महिलाओं ने फल-फूल, पेड़किया, अनरसा आदि पूजा सामग्रियों के साथ भगवान शिव व माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती की हरितालिका तीज व्रत की कथा सुनी। इसके बाद आरती किया गया। पूजा के बाद सुहागिनों ने अपने पति का आशीर्वाद लिया। इधर पटेलनगर कॉलोनी स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में पुरोहित ब्रजकिशोर पांडेय शिव मंदिर में बृजनंदन बैध व हनुमान मंदिर में हरिहर दुबे द्वारा हरितालिका तीज पर पूजा-अर्चना कराया गया। पूजा अर्चना के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

## सुहागिनों ने हरितालिका तीज का व्रत किया



**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में हरितालिका व्रत के अवसर पर सुहागिनों ने की पूजा अर्चना एवं अपने पति की लंबी उम्र एवं अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में विधि विधान से महिलाओं ने की पूजा अर्चना पुरोहितों द्वारा विभिन्न पूजा स्थलों में शिव पार्वती की अमर कथा की कहानी का तीज व्रतियों ने श्रवण किया एवं परिवार में सुख समृद्धि और शांति की कामना की सुहागिनों ने 24 घंटा निर्जला उपवास कर पूजा अर्चना किया तथा अपने पति की दीघार्यु होने की कामना की रजरप्पा क्षेत्र के कुंदरू कला बारलोंग छत्तरमांडू, लोधमा, चितरपुर, मायल, बड़की पोना, रजरप्पा आवासीय कॉलोनी मारगमरचा,मुरुबन्दा, भुचुंगडीह, लारी सुकरीगड्डा के अलावे डुलमी प्रखंड क्षेत्र के सोसो, उसरा, कुल्ही ,सिकनी ,कोरचे बयांग,सिरु,दुलमी, ईदपारा, आदि सैकड़ों गांव में सुहागिनों ने हरितालिका व्रत पर अमर सुहाग होने की कामना की।

## समाजसेवी नंदू महतो के अंतिम संस्कार में शामिल हुए रोशन लाल

**गोला(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के चोकाद गांव के जाने माने समाजसेवी नन्दू महतो 82 वर्ष का निधन बीती रात को हो गया। वो पिछले कई दिनों से बीमार चल रहें थे। तड़के सुबह उन्होंने अपने आवास में अंतिम सांस ली। इनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। उन्होंने घाट में शोक सभा का आयोजन किया। सभी लोगों ने भावपूर्ण श्रधांजलि अर्पित करते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। बताया गया कि स्व नन्दू महतो के कार्यो को भुलाया नही जा सकता है। समाज के कार्यो में बढ़ चढ़ कर वो भाग लेते थे। जिसके कारण क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान थी। मौके पर जिप सदस्य जलेश्वर महतो, पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, पंसस मनोरंजन महतो, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, समाजसेवी सुरेंद्र महतो, शिक्षक सुरेश करमाली,कालीचरण महतो, रामावतार महतो, बबलू महतो, जीतन चक्रवती, बालगोविन्द महतो, समाजसेवी राजेश महतो, मिथलेश महतो,सरजू महतो , प्रेमसागर जलंधर आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट जांच शिविर का समापन



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में पिछले 3 दिनों से चल रहे केंद्रीय विद्यालय संगठन तृतीय सोपान स्काउट जांच शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। को हो गया। समापन की घोषणा विद्यालय की प्राचार्य सह स्थल निदेशक डॉ अमिता ज्योत्सना बाड़ा ने की। इस अवसर पर 36 एस्कॉर्ट मास्टर और आए हुए 4 ऑफिशियल ने 34 केंद्रीय विद्यालय से आए हुए 219 स्काउट छात्रों को कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम की शुरूआत सर्व धर्म प्रार्थना से हुई। जिसमें विभिन्न धर्म के स्काउट ने अपने अपने धर्म की प्रार्थना एवं मंत्रों को प्रस्तुत किया। साथ ही सर्वधर्म समभाव की पवित्र भाव को सभी स्काउट में समाहित किया। शिविर में कुल 219 स्काउट प्रतिभागियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त किए गए प्रशिक्षण एवं शिक्षा को अपने जीवन में उपयोगी बनाने हेतु प्रेरित किया। एलओसी बी एन तिवारी, केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर ने 3 दिनों का प्रतिवेदन पढ़ा। स्काउट एवं स्काउट मास्टर के तरफ से भी कुछ लोगों ने इन 3 दिनों के अपने अनुभव साझा किया। स्काउट झंडे के ध्वजावरोहण के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की औपचारिक घोषणा की गई। धन्यवाद ज्ञापन अंतयार्मी कुमार ,केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना द्वारा दिया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ शिविर के समापन की घोषणा की गई।

## प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड में 18 से 20 सितंबर तक चलाए जाने वाले पाल्स पेलियो अभियान की सफलता को लेकर मंगलवार को प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ देवदत पाठक की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रखंड में शुन्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 49 हजार 276 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रखंड में 308 पोलियो बुथ बनाए गए है। और प्याप्त संख्या में पर्यवेक्षक, वैक्सीनेटर आदि की प्रतिनेयुक्ति की गई है। बीडीओ ने कहा इसकी सफलता में शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विकास विभाग का अहम रॉल होगा। मौके पर मनीष कुमार, प्रमोद कुमार, आरडी मिस्त्री सहित अन्य लोग शामिल थे।

## दुर्गापूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत राहम में दुर्गापूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक राहम देवी मण्डप के प्रागंण में किया गया। बैठक में अरुण पाण्डेय को दुर्गापूजा समिति को अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। आश्विन माह में होने वाली शारदीय नवरात्र दुर्गापूजा धूमधाम से अच्छे, भव्य तरीके से मनाने जाने का निर्णय लिया गया। दुर्गापूजा समिति में कोषाध्यक्ष रवींद्रनाथ ठाकुर सह कोषाध्यक्ष रामबालक तिवारी सचिव, उपेन्द्र पाण्डेय सह सचिव, सिकेन्द्र राणा,उपाध्यक्ष गोविंद सिंह, राजमणि सिंह,मोती यादव ,रामचंद्र राणा, बिनय पाण्डेय ,राजेश विष्वकर्मा, नागेस्वर भुईयाँ को बनाया गया। जबकि संरक्षक के रुप में स्थानीय मुख्य विश्वजीत उराँव , पूर्व मुखिया अक्षयवट पाण्डेय, जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास पाण्डेय,उप मुखिया मोहन उराँव ,विजय पाण्डेय,कामेश्वर पाण्डेय,अजीत पाण्डेय, किनु राणा ,बैजनाथ पाण्डेय,सरोज पाण्डेय को बनाया गया।

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के दोबारा चेयरपर्सन बने गोविंद मेवाड़



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के झारखंड प्रांत के सत्र 2020-22 के लिए गोविंद मेवाड़ को दोबारा चेयरपर्सन बनाया गया। पिछले सत्र में श्री मेवाड़ की सक्रियता और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए इस बार वे निर्विरोध निर्वाचन हुए। राउरकिला में आयोजित वार्षिक आमसभा में फाडा नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया और सीईओ सहर्ष दमानी ने संयुक्त रूप से गोबिंद मेवाड़ के नाम की घोषणा की। फाडा पिछले 57 वर्षों से पूरे देश के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के अधिकृत डीलरों की समस्याओं के समाधान के लिए व राज्य सरकारों से सामंजस्य बना उनके निराकरण में अहम भूमिका निभाते आ रहा है। पिछले सत्र में फाडा ने डीलरों की समस्याओं के निपटारे में उच्च न्यायालय तक दस्तक दी और सफलता पाई। गोविंद मेवाड़ को दोबारा फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के चेयरपर्सन चुने जाने पर कई लोगों ने बधाई दी है।

### विधायक ने दुकानदारों से की मुलाकात

# निर्भीक रहें नहीं टूटेंगे दुकान-मकान : अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** बरका-सयाल सीसीएल प्रबंधन द्वारा भुरकुंडा के दुकानदारों को अतिक्रमण मामले पर थमाए गए नोटिस को ले बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने मंगलवार को भुरकुंडा के दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक में अंबा प्रसाद ने दुकानदारों का आश्वस्त किया कि आप निर्भिक रहें आपकी रोजी-रोटी नहीं छिनने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जैसी ही भुरकुंडा में सीसीएल प्रबंधन द्वारा दुकानदारों को अतिक्रमण को ले नोटिस थमाने का संज्ञान मेरे पास आया। तत्काल मैंने मामले को ले सीसीएल सीएमडी से मुलाकात की। साथ ही यहां के व्यवसायियों के दुख-दुर्द को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि सीएमडी से मैंने कहा है कि भुरकुंडा बाजार बहुत पुरानी है। यहां के दुकानदार कई पीढ़ियों से यहां दुकान के माध्यम से अपनी रोजी-रोटी चलाते आ रहे हैं। उनका रोजी-रोटी छिनना कहीं से भी उचित नहीं है। इसपर सीएमडी ने अंबा को आश्वस्त किया कि अतिक्रमण मामले पर नोटिस का कार्य स्टे रहेगा, और बाजार में कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने मामले की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इधर अंबा प्रसाद ने बताया कि अंकिता की मौत से झारखंड सरकार मर्माहत है। फिलहाल पीड़िता के परिजनों को 10 लाख रूपया मुआवजा दिया गया है। पुलिस-प्रशासन ने दोषियों को पकड़ भी लिया है। दोषियों पर सरकार कठोर कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस दुख की घड़ी पूरी हेमंत सरकार परिजनों के साथ खड़ी है। मौके पर चमन लाल, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, चंदन साव, छोटू साव, प्रेम विष्वकर्मा, रमाकांत दुबे, बासु सिंह, नरेश अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जयप्रकाश सिंह, नंदलाल रजक, नरेश वर्णवाल, गुलेश्वर साव, अरूण गुप्ता, मो. मुस्तकीम, सउइ आलम, अभिषेक दुबे, चेंबर ऑफ कॉमर्स के विनय सिंह, श्याम किशोर सिंह, नईम अंसारी, सूरज अग्रवाल, संदीप भदानी आदि मौजूद थे।

## दोतल्ला पंचायत में दो दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में मंगलवार से दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में ग्राम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 381, 382, 383, 384, 385 एवं 386 के 1134 मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का कार्य किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने पंचायत के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कही कि ग्राम पंचायत का निवासी होने तथा ग्रामसभा की सदस्य होने के लिए सभी को मतदाता सूची में अपना आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर जोड़ना आवश्यक है, अन्यथा उक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से कट जाएगा। जिसके कारण सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। इस कार्य के लिए सिर्फ और सिर्फ अपने अपने मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) से ही संपर्क करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में आधार एवं मोबाइल नंबर नहीं जुड़ने से मतदाता का नाम स्वतः कट जायेगा, इसलिए इस कार्य को गंभीरता पूर्वक लें।

## रामगढ़ कैंट बोर्ड ने डेली मार्केट के मेन गेट पर की बैरिकेडिंग

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ छावनी परिषद और किसान मजदूर संघ मंगलवार की शाम एक बार फिर आमने-सामने की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। दरअसल मंगलवार की शाम 6 बजे अचानक कैंट बोर्ड के कुछ कर्मचारी टेकर स्टैंड स्थित डेली मार्केट पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य गेट पर ही लोहे से बैरिकेडिंग कर दी। इसके बाद किसान मजदूर संघ ने भी छावनी परिषद के खिलाफ जमकर आग उगला। संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि छावनी परिषद के अधिकारी पिछले 2 सालों से किसानों को लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। उनकी वजह से किसानों की रोजी-रोटी पर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि अचानक ही 20-22 लोगों के साथ कुछ कर्मचारी डेली मार्केट पहुंचे और मुख्य गेट को ही अवरुद्ध कर दिया। जिसकी वजह से मार्केट में सब्जी बेच रहे किसानों का आवागमन बंद हो गया। इसके अलावा न तो साइकिल ही अंदर आ पाया और न मोटरसाइकिल। टेकर स्टैंड में भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। रामदेव प्रसाद ने छावनी परिषद के अधिकारियों को जल्द से जल्द बैरिकेडिंग हटाने की बात कही है। अगर बैरिकेडिंग नहीं हटाई जाती है तो इस मामले को लेकर वे न्यायालय जाएंगे।

## मजदूरों ने सीओ से बालू, चिप्स आपूर्ति की मांग की

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सहित आस पास के गांवों के राजमिस्त्री और दैनिक मजदूर बालु और चिप्स की आपूर्ति नहीं होने से महिनों से बेरोजगारी की स्थिति में हैं। उनकी स्थिति यह हो गई है कि अब काम नहीं मिलने पर घर में फांकेकशी की नारैबत आ जाएगी। इस स्थिति से तंग आकर मजदूरों ने एकजुट होकर पतरातू अंचल कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन सोंपा। इसमें मजदूरों ने क्षेत्र में बालु और चिप्स आपूर्ति करने की मांग की। साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति के विषय में विस्तार से बताया गया है। आवेदन में कहा गया है कि अगर बालु और चिप्स की आपूर्ति क्षेत्र में नहीं होने की सूरत में वे सभी भुखो मरने की स्थिति में जल्दी ही आ जाएंगे। मौके पर बिगु यादव, जगदीश राम, कुंजु राम, शाहीद अंसारी, अशोक रविदास, अशोक रविदास, देवराम, राजेश कुमार, जयनाथ मुंडा, मधेश्वर राम, माथुर राम, कलेंदर राम, छबीलाल मांझी, सुरेश करमाली सहित दर्जनों अन्य राजमिस्त्री और दैनिक मजदूर शामिल थे।

## तमासिन जलप्रपात में डूबे युवक को तीसरे दिन एनडीआरएफ ने किया बरामद

- **चार दोस्तों के साथ बिहार से आए थे तमासिन फॉल घूमने**
- **पूर्व में भी कई लोग सेल्फी व फिसलन से फॉल में डूब गई जान**



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर कन्हाचट्टी प्रखंड के तमासिन जलप्रपात में डुबे बिहार के युवक रितिक रंजन के शव को गोताखोर ने 3 दिनों के कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार को आखिरकार बरामद कर लिय। दरअसल परिजनों द्वारा जिला प्रशासन से डूबे युवक के शव को ढूंढने के लिए राँची एनडीआरएफ की टीम को लाने का आग्रह किया जा रहा था। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को एक बार फिर सुबह से ही स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ की संयुक्त तीन ने युवक को ढूंढने का काम शुरू कर दिया। तत्पश्चात पूरे दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दरमियां तमासिन से कुछ दूरी पर स्थित हरिओखार दह से ग्रामीणों के सहयोग द्वारा रितिक रंजन के शव को बरामद कर लिया गया। गौरतलब है कि बिहार के गया जिला अंतर्गत इमामगंज थाना निवासी रितिक रंजन अपने दोस्तों व परिजनों के साथ रविवार को जिले के प्रसिद्ध तमासिन जलप्रपात घूमने आया था, जहां पैर फिसलने के कारण वह नदी के गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय ग्रामीण व आसपास के गोताखोर के प्रयास से उसकी तलाश की जा रही थी किंतु कल शाम तक सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीण गोताखोरों की मदद से उक्त सफलता हासिल कर ली गई। दूसरी ओर बॉडी मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और जिला प्रशासन के प्रति अपना आभार जताया। परिजन धनराज सिंह ने पत्रकारों से यह भी कहा कि बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी इन पर्यटन स्थलों के डेंजर जोन इलाके में सुरक्षा के ख्याल से बैरिकेटिंग आदि की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि हादसे की संभावना पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर घटनास्थल पर मौजूद डीसी अबू इमरान इमरान ने भी इस सफलता पर स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया तथा लोगों को इन इलाकों में एतिहात बरतने का निवेदन करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इन स्थलों के डेंजर जोन इलाकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से नियम संगत घेराबंदी इत्यादि का कदम उठाया जाएगा। इस मौके पर एसडीओ मुमताज अंसारी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## श्रीराम कथा के छठे दिन कथावाचक ने केवट प्रसंग पर डाला प्रकाश



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** एकल अभियान श्री हरि कथा आयोजन के तहत शहर के चट्टी बाजार स्थित श्री मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित श्री राम कथा के छठे दिन मंगलवार को कथावाचक संगीता किशोरी ने श्रीराम और माता सीता का अयोध्या आगमन, सीता माता भगवान राम और लक्ष्मण जी का बनवास निषादराज से मिलन और केवट प्रसंग पर प्रकाश डाला। कथावाचक संगीता किशोरी ने कथा के दौरान कहा कि अतिमहत्वकांक्षा और लालच ही दुख का कारण है। लालच से वैमनस्यता का जन्म होता है जो हर घर परिवार और समाज में कलह करवाती है। माता कैकई की अति महत्वकांक्षा और लालच भरत जी को राजा और राम जी को वनवास इसका उदाहरण है। प्रभु अपने प्रिय मित्र और भक्तों को कभी नहीं भूलते, चाहे वह नगर वासियों हो या सुदूर वन में रहने वाले वनवासी हो, प्रभु किसी में भेद नहीं करते। श्री राम जी अयोध्या छोड़कर पूरे भारतवर्ष का भ्रमण किया और वनवासी समाज के सबरी निषादराज और केवट को गले लगाया। आज वही काम एकल अभियान श्री राम हरि कथा योजना नगर वासियों और वनवासी समाज को एक प्रेम का सेतु बना कर जोड़ने का प्रयास कर रही है।

**मुख्य अतिथि संध्या आरती में हुए शामिल**

श्री राम कथा के छठे दिन के यजमान सह मुख्य अतिथि हरि कथा योजना के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय मार्गदर्शक कमलाकांत झा सपत्नीक संध्या आरती में शामिल हुए। जबकि, भोग प्रसाद सुनील अग्रवाल द्वारा किया गया।

**ये थे मौजूद**

ज्ञान ब्रह्म पाठक, संरक्षक तिलक राज मंगलम, विजय अग्रवाल, संजीव बेरलिया, विजय जायसवाल, डॉ संजय सिंह, रोबिन गुप्ता, अध्यक्ष भास्कर अग्रवाल, उपाध्यक्ष वसुध तिवारी, सचिव मनीष अग्रवाल, विशाल जायसवाल, दीनदयाल कुमार, कार्यक्रम संजोजक रितेश कश्यप, ब्रजेश पाठक, मीडिया प्रभारी लालू शर्मा, धीरज कुमार, प्रदीप बेरलिया, महावीर बेरलिया, महावीर प्रसाद बोंदिया, कमल बगड़िया, डॉ अशोक बेरलिया, सागर भारती, पारस सिन्हा, रमेश बंसल, अंशु पांडे, मुकुंद कोटेचा, बबिता गोयल, सुमिरा गोयल, मल्लिका दत्ता, सुलोचना देवी, चांदना देवी, सारिका अग्रवाल, मंजू देवी, मधु देवी, राजकिशोर, गंगाधर, चंद्रशेखर, डॉ नारायण, संतोष वर्मा आदि मौजूद थे।

## कोयलांचल में धूमधाम से मना तीज पर्व



**कुजू(आजाद सिपाही)।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में मंगलवार को तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखा। साथ ही, स्थानीय मंदिर व घरों में भगवान शिव व पार्वती का विधिवत पूजा अर्चना कर पति की दीघार्यु के लिए कामना किया। क्षेत्र के कुजू बस्ती स्थित मां मनसा मंदिर व बजरंग बली मंदिर में पंडित यमुना पांडेय ने महिलाओं को विधिवत पूजा अर्चना कराया। पूजा को लेकर मंदिरों को सजाया गया। क्षेत्र के कुजू बस्ती स्थित मनसा मंदिर, नया बाजार टांड कुजू बजरंग बली मंदिर के अलावे मुरपा, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, पिंडरा, सांडी, करमा, दिगवार, बोंगावार, रतवे, सुगिया, बड़की डूंडी आदि स्थानों में तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## दिवंगत भाजपा नेता के परिजनों से मिले आजसू नेता तिवारी महतो



**कुजू(आजाद सिपाही)।** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता उर्फ बैजू बाबू के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो मंगलवार को कुजू स्थित स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान श्री तिवारी महतो ने श्री स्वर्गीय श्री बैजू बाबू के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर प्रदीप कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, रतन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अंशु गुप्ता, नितेश गुप्ता, हेमलाल महतो, पारस महतो, जितेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, राजीव गुप्ता, अनुज गुप्ता, हिमांशु कुमार, विख्यात गुप्ता, राज आनंद, अनमोल रत्न सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गणेश चतुर्थी पर श्री अग्रसेन स्कूल में कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को ड्राइंग और क्ले मोल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने सुंदर पेंटिंग बनाते हुए उन्हें अनेक रंगों से सजाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। क्ले मोल्डिंग करते हुए भगवान गणेश की आकृति बनाई। प्रतियोगिता से पूर्व बच्चों को भगवान गणेश के लीला के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपने देश की संस्कृति, सभ्यता तथा परंपरा से अवगत कराना है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तकनीक तथा प्रौद्यौगिकी के युग में भी अपनी परंपरा को जीवित रखना हमारा परम धर्म है। कार्यक्रम की संयोजक वंदना सिंह ने बच्चों को बताया कि हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व है। गणेश उत्सव भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होता है और अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाता है। जिसे गणेश विसर्जन भी कहते हैं। आयोजन को सफल बनाने में प्रगति सागर, अनन्या कुमारी, उषा कुमारी, प्रोन्नति मुखर्जी आदि का विशेष योगदान रहा।

## गर्व और सम्मान से हर दिन फहरायें तिरंगा : फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाले फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एफएफओआई) ने आह्वान किया है कि प्रत्येक देशवासी पूरे गर्व और सम्मान के साथ हर दिन तिरंगा फहराएं। प्रतिदिन झंडा फहराते हुए हम उन स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी और हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया। हम प्रतिदिन झंडा फहराकर उन जांबाजों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करते हैं, जिन्होंने हमारी बेहद मूल्यवान स्वतंत्रता की रक्षा में राष्ट्र की सेवा करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने कहा कि देश के हर घर में तिरंगे को पहुंचते देखना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हमें पूरे 365 दिन झंडा फहराना चाहिए क्योंकि ऐसा करना हमारा मौलिक अधिकार है। हमारा आदर्श वाक्य ह्यहर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगाह्न होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन देशभक्ति का एक छोटा सा प्रतीकात्मक कार्य है। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम सभी तिरंगे से प्रेरित होकर इसके आदर्शों का पालन करें, अपने काम को अच्छी तरह से करने के लिए प्रतिबद्ध हों और एक बेहतर, मजबूत और खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल (रिटा.) अशीम कोहली ने इस अवसर पर कहा कि नवीन जिन्दल ने एक दशक लंबी लड़ाई लड़ी और प्रत्येक भारतीय को सम्मान और गर्व के साथ प्रतिदिन तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया। 1992 से हर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगा उनका सपना रहा है और इसी उद्देश्य से उन्होंने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की स्थापना की।

## बिहार के मंत्री तेज प्रताप यादव से राजद प्रदेश महासचिव संतोष यादव ने की मुलाकात



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव झारखंड के दौरे पर हैं। मंगलवार को रांची मोहराबादी गेस्ट हाउस में राजद के प्रदेश महासचिव संतोष यादव ने तेज प्रताप यादव से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए पार्टी को और मजबुत बनाने की बात मंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि पार्टी में अधिक से अधिक युवकों व महिलाओं जोड़ समस्याओं के समाधान के लिए कार्यकर्ता तत्पर रहें। वहीं प्रदेश महासचिव संतोष यादव ने मंत्री को आशवस्त किया कि पार्टी को राज्य में और मजबुत की जायेगी। साथ ही सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़ा जायेगा।

## चीफ वर्क्स इंजीनियर ने पतरातू रेलवे क्षेत्र का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे क्षेत्र का दौरा मंगलवार को हाजीपुर जोन से आए चीफ वर्क्स ईंजिनियर अनिल कुमार गुप्ता ने ने किया। इस दौरान उन्होने रेलवे क्षेत्र के कैरेज एण्ड वैगन और डीजल शेड का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होने कैरेज एण्ड वैगन विभाग में पहुंच कर वैगनों की मेंटनेंश के इलाके को देखा और मेंटनेंस की स्थिति के विषय में जानकारी ली। साथ ही वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वैगन रेलवे का एक अहम हिस्सा है। इसलिए इसके मेंटनेंस में कोई भी कोताही बदौश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद वे डीजल शेड के मिनी शेड पहुंचे और डीजल लोको और इलेक्ट्रिक लोको के मेंटनेंस के विषय में जानकारी ली और काम को अच्छे तरीके से करने की बात कही। ज्ञात हो कि सीडब्लुसी अनिल गुप्ता 1997 से 2000 तक पतरातू डीजल शेड के सिनीयर डीएमई के पद पर काम किया है। उन्होने अपने साथ काम करने वालों से भी मुलाकात की और उन्हे शुभकामना दी। मौके पर डीएमई अनुराग, डीईई अमित कुमार, एएमई एके दास, युनियन नेता अजित कुमार, मो मुनीब अंसारी, पीके वर्मा, पारस कुमार, युके सिंह, जी राय, श्याम बहादुर, राकेश गुप्ता, एम ओहदास, प्रभु यादव, बिरेन्द्र प्रसाद, रामराज, आरजे मुखर्जी, एमपी कुम्हार, सुनील सिंह, सनोज कुमार सहित सैकड़ो कर्मचारी शामिल थे।

## अमेरिका का चांद पर अगला कदम

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोमवार को फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आर्टेमिस 1 प्रॉजेक्ट के तहत अपने नये मून रॉकेट एसएलएस (स्पेस लॉन्च सिस्टम) की लॉन्चिंग आखिरी पलों में तकनीकी कारणों से टाल दी है, लेकिन यह महत्वाकांक्षी और लंबा प्रॉजेक्ट न केवल नासा या अमेरिका के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिहाज से ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस प्रॉजेक्ट का पहला चरण है- आर्टेमिस 1। दिलचस्प है कि अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने ही सबसे पहले इंसान को चांद पर पहुंचाने का करिश्मा किया था। 20 जुलाई 1969 को उसका अपोलो 11 मिशन चांद पर पहुंचा और उसके अगले दिन मिशन कमांडर नील आर्मस्ट्रॉन्ग चांद की सतह पर कदम रखने वाले पहले इंसान बने। 14 दिसंबर 1972 को अपोलो 17 मिशन की चांद से वापसी के बाद इससे जुड़े मिशन तो कई देशों ने चलाये, लेकिन चंद्रमा पर इंसान के पांव फिर नहीं पड़े। अब आधी सदी के बाद फिर एक बार अमेरिका ने ही ऐसा प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका एक अहम हिस्सा है चांद पर इंसान भेजना। आर्टेमिस 1 मानवरहित अभियान है। इसके जरिए चांद की सतह पर उतरे बगैर वहां की स्थितियों के बारे में आवश्यक जानकारी जुटायी जायेगी। इसके बाद आर्टेमिस 2 में चार अंतरिक्ष यात्री होंगे। हालांकि ये यात्री भी चांद की सतह पर नहीं जायेंगे, लेकिन ये अंतिरक्ष में धरती से उतनी दूर जायेंगे जितनी आज तक कोई नहीं गया। बताया गया है कि आर्टेमिस 2 मिशन के तहत ये अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) के मुकाबले धरती से 1 हजार गुना ज्यादा दूर जायेंगे। मगर चांद की सतह पर एक फिर इंसान के कदम पड़ेंगे आर्टेमिस 3 के दौरान। इस प्रोजेक्ट के तहत अंतरिक्ष यात्रियों की एक टीम चांद पर एक सप्ताह रहेगी। यह 21वीं सदी का पहला मौका होगा, जब इंसान चांद पर चल फिर रहा होगा। पिछली यात्रा के मुकाबले देखें तो इन 50 वर्षों में चांद चाहे न बदला हो पर धरती पर इंसान काफी बदल गया है। इस बदलाव का प्रभाव न केवल प्रॉजेक्ट के स्वरूप, उसके मकसद आदि पर बल्कि खुद टीम पर भी दिखने वाला है। नासा ने अभी से साफ कर दिया है कि चांद पर जाने वाली टीम में कम से कम एक महिला और एक अश्वेत सदस्य भी होंगे। जहां तक प्रोजेक्ट के मकसद की बात है, तो पहले के अपोलो अभियानों का मकसद चांद पर इंसानों को पहुंचाना और वहां से सुरक्षित वापस लाना होता था। इस बार चांद पर जाने वाली टीम यह देखेगी कि उसे मंगल अभियान का बेस बनाने की कितनी संभावना है। इसी क्रम में यह भी देखा जायेगा कि वहां की मिट्टी में कुछ फसलें उगाने और वहां मौजूद चीजों से फ्यूल और बिल्डिंग मटीरियल बनाने की संभावना है या नहीं।

**इस बार चांद पर जाने वाली टीम यह देखेगी कि उसे मंगल अभियान का बेस बनाने की कितनी संभावना है। इसी क्रम में यह भी देखा जायेगा कि वहां की मिट्टी में कुछ फसलें उगाने और वहां मौजूद चीजों से फ्यूल और बिल्डिंग मटीरियल बनाने की संभावना है या नहीं।**

**एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में से 28,046 बलात्कार की घटनाएं थी जिनमें 28,153 पीड़िताएं हैं। पिछले साल कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगाया गया था। उसने बताया कि कुल पीड़िताओं में से 25,498 वयस्क और 2,655 नाबालिग हैं। एनसीआरबी के गत वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में बलात्कार के 32,033, 2018 में 33,356, 2017 में 32,559 और 2016 में 38,947 मामले थे।**

# नारी का सम्मान मानव जाति के अस्तित्व के लिए आवश्यक



**सुखदेव वशिष्ठ**



**महिलाओं के प्रति अपराध की विकृत समस्या से निजात पाने के लिए हमें अपनी सनातन संस्कृति की जड़ों में लौटना ही होगा। नारी प्रकृति का ही एक रूप है और प्रकृति को प्रताड़ित करने का प्रयास प्रलय को आमंत्रित करने जैसा ही है! नारी का सम्मान मानव जाति के अस्तित्व हेतु करना ही होगा।**

बेटी अंकिता की जला कर मारने का दुःखद समाचार सुनते ही महाभारत दिमाग में कौंध गया। भरी सभा में अपमान होने पर जब पांचाल नरेश महाराज द्रुपद की पुत्री द्रौपदी ने भगवान सूर्य के सहित दसों दिशाओं की सौगंध खाकर संपूर्ण कुरु वंश को श्राप देना शुरू ही किया था, तो महारानी गांधारी ने अपने दोनों हाथ जोड़ कर द्रौपदी से श्राप मत देना पुत्री! श्राप मत देना! याचना की! महाभारत बताता है कि द्रौपदी ने अपने आंसुओं को अपने आंचल से पोछते हुए बड़े आर्द्र स्वर में पूछा कि यद्यपि आप जानती हैं कि मेरे साथ इस कुरु राजसभा में क्या करने का प्रयास किया गया है, फिर भी आप रोक रही हैं। हे पुत्री! नपुंसकों की इस राजसभा में नारी मर्यादा का मान भला कौन समझ सकता है?

इन्हें कहां पता कि जिस भूभाग पर नारी मर्यादा का मानमर्दन होता है, वो भूमि सदा-सदा के लिए पुरुष जनना बंद कर देती है और जिन पुरुषों के सामने नारी का अपमान होता है, उन्हें नपुंसक ही तो कहा जाता है!

**2020 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में से 28,046 बलात्कार की घटनाएं थी जिनमें 28,153 पीड़िताएं हैं।**

हस्तिनापुर राज दरबार में अजीब सी स्तब्धता छाई हुई थी! सभी सर झुकाये बैठे हुए थे! परंतु द्यूत नियमों से अब यह केवल एक दासी है माता श्री! दुर्योधन ने नजरें नीची किये हुए अपनी मूर्खता व्यक्त की!

महारानी गांधारी के चेहरे से होकर एक कुटिल मुस्कान निकल गयी। उन्होंने व्यंग्यात्मक हंसी हंसते हुए कहा, मुझे तो यहाम सभी दास ही दिखायू दे रहे हैं दुर्योधन!

महाराज पुत्रमोह के दास हैं, पितामह भीष्म अपनी प्रतिज्ञा के, गुरु द्रोणाचार्य कृतज्ञता के दास है तो तुम अपनी महत्वाकांक्षा के, अंगराज कर्ण राजपद के लोभ का दास है, तो भ्राता शकुनि अपने कुटिलता के पाशों के और महामंत्री विदुर राजनीति की किताब के दास हैं! पुत्र राजनीति के किताब के! दासता मनुष्य से मनुष्यता छीन लेती है, वह बस पशु रह जाता है पशु!

राजस्थान सरकार में मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी ने पिछले साल जयपुर और दिल्ली में 23 साल की एक महिला से कथित तौर पर रेप किया था। कांग्रेस नेता के बेटे के खिलाफ दर्ज एफआइआर के अनुसार, जयपुर की महिला के साथ 8 जनवरी 2021 और इस साल 17 अप्रैल के बीच कई मौकों पर बलात्कार किया गया। एफआइआर उत्तरी दिल्ली में दर्ज की गयी है। ताजा दुःखद घटना झारखंड के दुमका में अंकिता सिंह नाम की एक नाबालिग लड़की को जिंदा जला कर मार डालने की सामने आयी है। आरोप है कि शाहरुख नाम के युवक ने इसे अंजाम दिया। अंकिता पर शाहरुख ने फोन पर बात करने का दबाव बनाया था। अंकिता नहीं मानी तो उसके घर में घुस कर शाहरुख ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। अंकिता को हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन आखिकार वह जिंदगी से जंग हार गयी। इस बीच शाहरुख का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस कस्टडी के अंदर वह दुर्भाग्यपूर्ण रूप से मुस्कुरा रहा है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में से 28,046 बलात्कार की घटनाएं थी जिनमें 28,153 पीड़िताएं हैं। पिछले साल कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगाया गया था। उसने बताया कि कुल पीड़िताओं में से 25,498 वयस्क और 2,655 नाबालिग हैं।

एनसीआरबी के गत वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में बलात्कार के 32,033, 2018 में 33,356, 2017 में 32,559 और 2016 में 38,947 मामले थे।

वर्ष 2020 में बलात्कार के सबसे ज्यादा 5,310 मामले राजस्थान में दर्ज किये गये। इसके बाद 2,769 मामले उत्तर प्रदेश में, 2,339 मामले मध्य प्रदेश में, 2,061 मामले महाराष्ट्र में और 1,657 मामले असम में दर्ज किये गये। आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में बलात्कार के 997 मामले दर्ज किये गये हैं। वर्ष 2020 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल मामलों में से, सबसे ज्यादा 1,11,549 पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता की श्रेणी के थे, जबकि 62,300 मामले अपहरण के थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, ' किसी न किसी कारण से हमारे अंदर एक ऐसी विकृति आयी है, हमारी बोल चाल, हमारे शब्दों में.. हम नारी का अपमान करते हैं। क्या हम स्वभाव से, संस्कार से रोजमर्रा की जिंदगी में नारी को अपमानित करने वाली हर बात से मुक्ति का संकल्प ले सकते हैं। नारी का गौरव राष्ट्र के सपने पूरे करने में बहुत बड़ी पूंजी बनने वाला है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में, महिला और पुरुष गाड़ी के दो पहिए के समान है। महिला ज्यादा क्षमतावान या पुरुष इस बहस में पड़ने की जरूरत ही नहीं है। अगर हमें विश्व गुरु भारत बनना है तो इसके लिए महिलाओं की एक समान भागीदारी जरूरी है।

महिलाओं के प्रति अपराध की विकृत समस्या से निजात पाने के लिए हमें अपनी सनातन संस्कृति की जड़ों में लौटना ही होगा। नारी प्रकृति का ही एक रूप है और प्रकृति को प्रताड़ित करने का प्रयास प्रलय को आमंत्रित करने जैसा ही है! नारी का सम्मान मानव जाति के अस्तित्व हेतु करना ही होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### बेंगलुरु में बीएफआइ की प्रतियोगिता में रामकुमार नॉमिनेटेड ऑफिशियल के रूप में चिह्नित

# झारखंड स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन ने दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बेंगलुरु में बीएफआइ के द्वारा 5 सितंबर से 11 सितंबर तक एफआइबीएयु-18 महिला एशिया कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बीबा वर्कशॉप क्लिनिक 3 से 4 सितंबर को रखा गया है। वर्कशॉप क्लिक में देश के सभी राज्यों से खिलाड़ी भाग लेंगे। बीएफआइ क्वालिफाइड ऑफिशियल को बुलाया गया है, जिसमें झारखंड स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन



झारखंड के तरफ से बीएफआइ रेफरी रामकुमार उपाध्याय सह एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष को नॉमिनेटेड ऑफिशियल के रूप में अधिकृत किया गया। रामकुमार उपाध्याय जमशेदपुर जिला पुलिस बर्मामाइंस थाना में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इसकी जानकारी झारखंड स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच जेपी. सिंह द्वारा दी गई। झारखंड स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह, संयुक्त सचिव सुबोध कुमार एवं टेक्निकल चेयरमैन योगेश पांडे ने रामकुमार उपाध्याय को शुभकामनायें एवं बधाई दी।

# अंकिता की हत्या के विरोध में कदमा में टाइगर्स क्लब ने निकाली जनाक्रोश रैली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर टाईगर्स क्लब के संस्थापक सदस्य आलोक मुन्ना के नेतृत्व में दुमका के नगर थाना क्षेत्र निवासी 12वीं की छात्र अंकिता सिंह को पिछले 23 अगस्त को शारुख नामक युवक ने आग के हवाले करके जला डाला था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। समाज मे ऐसी शर्मनाक एवं घिनौनी हरकत को देखते हुए लोगो मे आक्रोश है। अंकिता के घर वालो को इंसाफ मिले इसके लिये आज जमशेदपुर टाइगर्स क्लब के बैनर तले अनेक युवाओं ने कदमा मिलन समिति मैदान से रंगकिनी मंदिर गोलचक्कर तक पैदल मार्च करते हुए जन आक्रोश रैली निकाली। इसमें सभी ने हाथों में मोमबत्ती लेकर दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी एवं दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की सरकार से गुहार लगायी।

# घाटशिला अनुमंडल से 12 बच्चों का चयन

**बहरगोड़ा (आजाद सिपाही)।** अभी ग्रामीण इलाके के बच्चे भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने के साथ-साथ सिविल सर्विसेस, कंप्यूटर इंजीनियर, इनकम टैक्स ऑफिसर, ऐरोस्पेस इंजीनियर, डॉक्टर इत्यादि बनने का लक्ष्य भी बना रहे है। बच्चों की यह ललक पिछड़े माने जाने वाले ग्रामीण इलाकों के आगामी भविष्य को लेकर बेहद उत्साहवर्धक है। वीर शहीद गणेश हांसदा फेलोशिप की प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा में सफल बच्चों ने इंटरव्यू राउंड में भाग लिया। घाटशिला अनुमंडल के 6 प्रखंडों से चयनित 12 बच्चे, बहरागोड़ा से सुप्रिया मंडल एवं उमेश डे, चाकुलिया की मयूरिका नंदी, दिनेश हांसदा व अमृत महतो, धालभूमगढ़ के घनी राम मार्डी एवं सिंगराय मुर्मू, घाटशिला के बिष्णु प्रसाद मौर्या एवं सुजल दास, मुसाबनी की कोमल मार्डी एवं कल्याणी थायल तथा डुमरिया से राकेश किस्कू वीर शहीद गणेश हांसदा फेलोशिप 2022 की प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा में सफल रहे थे।

# श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा लक्ष्मी काली पूजा कमेटी ने किया भूमि पूजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के टेल्कों स्थित हिलटॉप स्कूल एरिया टेल्को में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा लक्ष्मी काली पूजा कमेटी द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल हेतु भूमि पूजन किया गया। मालूम हो कि यह पूजा कमिटी क्षेत्र की सबसे पुरानी कमेटी है। यह कमेटी में सन 1947 से दुर्गा पूजा का आयोजन करते आ रही है। भूमि पूजन में मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष रवि सिंह चंदेल सचिव केके शर्मा, पप्पू, प्रेम, मिथिलेश सिंह, राकेश, सीबी सिंह, सोनू, मितू, धीरज, सनोज, संदीप सिंह, संदीप शर्मा, अरुण, राजू, धीरज सिंह उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन जिला समिति की बैठक

# 12वां सम्मेलन आयोजन करने को लेकर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन जिला कमिटी पूर्वी सिंहभूम व सरायकेला खरसावां का बैठक मंगलवार को बिष्टुपुर के कलामंदिर में आयोजन किया गया। जिला समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक में जिला समिति के 12वें सम्मेलन को संपन्न करवाने पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सम्मेलन सितंबर के 10 तारीख को करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन का आयोजन बिष्टुपुर मिलनी के सभागार में किया जायेगा। इसके लिये सदस्यों से संपर्क करने का कार्य बुधवार से प्रारंभ किया जायेगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया।



सचिव कॉम हीरा अरकने को बनाया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष के रूप में कॉम गिरीश ओझा, जमशेदपुर डिवीजन इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसियेशन के महासचिव को चुना गया। स्वागत समिति की सह सचिव के रूप में कॉम सत्यजित गिरी (बैंक ऑफ इंडिया),कॉम संजीव रेड्डी,कॉम श्रुति सरिता (यूनियन बैंक),कॉम कुलकांत हेंब्रम (बैंक ऑफ बड़ौदा), कोषाध्यक्ष कॉम दिव्यांशु गुप्ता (फेडरल बैंक), कॉम रामजन्म तिवारी(इंडियन बैंक) को सह कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। सम्मेलन में पूर्व के जिला महासचिव को सम्मानित करने का निर्णय भी लिया गया। इसके साथ कोरोना कल में आम जनता के बीच काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन में पदमश्री बुधनी महतो को आमंत्रित कर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां के विभिन्न बैंकों के 150 प्रतिनिधि के अलावे आम सदस्य शामिल होंगे। सम्मेलन में आगे की तीन वर्षों के लिये नयी कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कॉम सपन अदक, कॉम कुलकांत कुशल हेंब्रम, कॉम खुशबू मुंडा, कॉम बाली कुमार, कॉम संजय कुमार,कॉम सिंगारेंन सेरेंग टोपनो, कॉम संजय कुमार एवं अन्य शामिल रहे।

### पुसालोटा के टुंगरी गांव में बीते दिनों झाड़ियों में मिले शव की हुई शिनाख्त

# आदित्यपुर के मिरूडीह निवासी राजकुमारी सामड़ के रूप में हुई पहचान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना अंतर्गत पुसालोटा के टुंगरी गांव में बीते दिनों झाड़ियों में मिले शव की पहचान पुलिस ने कर ली है। मृतका की पहचान आदित्यपुर की मिरूडीह निवासी 28 वर्षीय राजकुमारी सामड़ के रूप में की गई है। मृतका के भाई राजकुमार सिरका ने उसकी पहचान की है। राजकुमार ने बताया कि उसकी बहन ने तीन साल पहले मिरूडीह निवासी रमेश सामड़ से प्रेम विवाह किया था। रमेश पूर्व से ही शादीशुदा था। बहन से शादी करने के बाद उसने तीसरी शादी भी की। उसकी दोनों पत्नियां आदित्यपुर में ही रहती है। वह घर के पास ही एक कंपनी में मजदूरी करता है। उसने बताया कि घटना के दिन रमेश राजकुमारी को मेला घुमाने लेकर आया था। दूसरे दिन उसका शव बरामद किया गया। तब से रमेश फरार चल रहा है और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। वहीं परिजनों ने बताया कि घटना के कुछ दिनों पहले रमेश ने राजकुमारी और उसकी तीसरी पत्नी की भी हत्या की बात कही थी।

## बकरी चराने गयी किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के चाइबासा से मानवता को शर्मशार करनेवाली घटना सामने आयी है, जहां पांड्राशाली थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गयी। घटना सोमवार शाम की है। हालांकि मामला तब सामने आया, जब किशोरी का शव मंगलवार को झाड़ियों से बरामद किया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चाइबासा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के ही विजय सिंह बानरा और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना स्थल से पुलिस ने किशोरी का चप्पल, छाता और एक अन्य व्यक्ति के चप्पल के अलावा अंगवस्त्र बरामद किये है। पांड्राशोली पुलिस की ओर से प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म के बाद हत्या की बात सामने आयी है। हालांकि, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इधर, पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके दो बेटी औक दो बेटे है। मृतका तीसरे नंबर पर थी। वह गांव के ही स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ती थी। सोमवार को उसे बाजार जाना था इसलिए बेटी को बकरी चराने भेज दिया। शाम तक जब वह बकरी चराकर वापस नहीं लौटी, तो उसकी खोजबीन की गयी। इस दौरान विजय सिंह ने उसे बताया कि उसकी बेटी को उसने कुछ लड़कों से बात करते देखा गया है। देर रात तक जब वह नहीं मिली तो सभी घर वापस लौट गये। आज सुबह उसका शव बरामद किया गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

## दुमका में अंकिता की हत्या के विरोध में बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन रैली निकाली



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में बजरंग दल मझिगावां इकाई के बैनर तले एक शोकसभा व विरोध प्रदर्शन रैली निकाली गई। ज्ञात हो कि झारखंड के दुमका जिले में बारहवीं की छात्रा अंकिता की हत्या एक सनकी युवक शाहरुख के द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर कर दी गयी। अंकिता पांच दिनों तक जिंदगी की जंग लड़ती रही और अंततः 29 अगस्त को जिंदगी की जंग हार गयी। अंकिता की मौत की खबर सुनते ही पूरा झारखंड स्तब्ध रह गया। हर ओर आरोपी के प्रति गुस्सा नजर आ रहा है। लोगों में आक्रोश है। वहीं झारखंड की जनता की मांग है कि आरोपी शाहरुख को बिना देर किये फांसी की सजा दी जाये। इसी क्रम में मझिगावां पंचायत के बजरंग दल सदस्यों ने मुख्य सड़क पर जोगी मोड़ से विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया। विरोध प्रदर्शन के पश्चात मृतका अंकिता की आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के मझिगावां संरक्षक श्रवण पासवान, बत्तो खुर्द से संरक्षक बलवंत सिंह, समाज सेवी शंभू नाथ साह, जितेंद्र चौबे, अनिल गुप्ता, शशि प्रसाद गुप्ता, बैजनाथ शर्मा, विश्वनाथ यादव, अनिल ठाकुर उपस्थित थे।

## अंकिता की हत्या के विरोध में विहिप ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**मेराल (आजाद सिपाही)।** दुमका में छात्रा अंकिता सिंह की पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार की शाम में मेराल प्रखंड मुख्यालय में विहिप द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च मेराल हाई स्कूल से निकाला गया जो बस स्टैंड होते हुए थाना चौक से पुनः हाई स्कूल पहुंच कर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गया। जहां सभी ने दो मिनट का मौन रखकर अंकिता की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कैंडल मार्च का नेतृत्व विहिप के सत्यम मल्होत्रा एवं आकाश जायसवाल आदि कर रहे थे। वहीं कैंडल मार्च में शामिल युवाओं द्वारा बहन अंकिता को इंसाफ दो, हत्यारे को फांसी दो आदि रोषपूर्ण नारे लगाये जा रहे थे। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से विशाल जायसवाल, शुभम मल्होत्रा, अनुराग मल्होत्रा, बंटी मल्होत्रा, अजय ठाकुर, राजन सोनी, चीकू, अर्पित, राहुल दुबे, रजनीश, आशीष, दुर्गेश, विवेक, ऋषभ, राजन जायसवाल, मोहन कलवार, गौरव, अभिनाश जायसवाल, प्रिंस जायसवाल सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल थे।

## भवनाथपुर के युवक की काम के दौरान चंडीगढ़ में मौत, शव घर आने पर गांव में छाया मातम

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** रोजगार को लेकर पलायित मजदूरों के मरने की खबर सामान्य हो गयी है। भवनाथपुर कोनमण्डरा निवासी 32 वर्षीय मुकेश बिआर की चंडीगढ़ में पत्थर के नीचे दबने से मौत हो गई। मृतक का शव मंगलवार की सुबह कोणमंडरा पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। कोणमंडरा निवासी पलटू बिआर का 32 वर्षीय पुत्र मुकेश बिआर 10 दिन पूर्व अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए चंडीगढ़ कमाने गया था। वहां बालाजी नामक कंपनी में सेंट्रिंग का काम कर रहा था। शनिवार को काम के दौरान ऊपर से पत्थर गिर गया और वह उसके नीचे दब गया। घायल अवस्था में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। कंपनी के द्वारा मुकेश के परिजन को मुआवजे के तौर पर 12 लाख का चेक दिया गया। उसके शव को निजी एंबुलेंस से मृतक के घर तक पहुंचाया गया। उल्लेखनीय है कि भवनाथपुर प्रखंड में रोजगार के अभाव में मजदूरों का पलायन जारी है। मनरेगा योजना पूरी तरह से बंद है।

## ग्रामीणों ने बीडीओ से मनरेगा योजना से कार्य संचालित कर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाड़ा पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर मनरेगा योजना से गांव में रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि लोहरगाड़ा पंचायत अंतर्गत सैकड़ों जॉब कार्डधारी मजदूर हैं। लेकिन मनरेगा योजना से पंचायत क्षेत्र में कोई भी कार्य संचालित नहीं होने से हमलोग बेरोजगार हो गए हैं। प्रखंड क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति है। जिस वजह से अपने परिवार का भरण पोषण भी नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने मनरेगा योजना से गांव में कार्य संचालित कर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। जबकि मुखिया नीलम देवी और ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी मेघन महतो को आवेदन देकर उच्च विद्यालय मेरौनी खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने,लोहरगाडा. प्राथमिक विद्यालय सीवान टोला की भुमि मुक्त कराने और लोहरगाडा.पंचायत भवन की भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया है। आवेदन देने वालों में रामाकांत भारती, अर्जुन पासवान,गीता देवी,सुरेश पासवान, आशा देवी, प्रियंका कुमारी, विनोद चौधरी, कुलदीप चौधरी, सहित अन्य लोग का नाम शामिल हैं।

**विरोध : भूमि का मुआवजा नहीं मिलने से खजूरी ग्राम के रैयतों ने जताया आक्रोश**

# एनएच-75 गढ़वा बाइपास निर्माण कार्य को रोका

**कहा- भूमि का मुआवजा दिये बगैर काम नहीं करने देंगे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भूमि का मुआवजा नहीं मिलने के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-75 बाईपास निर्माण कार्य को रोक दिया है। ग्रामीणों का कहना है जब तक मुआवजा नहीं तब तक कोई काम नहीं करने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग खाता-75 प्लॉट-832 पर 1920 ई. से काबिज हैं और सभी प्रकार के कागजात हमलोगों लोग के पास हैं व 1922 ई. में पलामू कोर्ट से डिग्री प्राप्त है, परंतु गढ़वा जिला प्रशासन टालमटोल कर प्रशासनिक भय दिखाकर काम कराना चाहता है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजात अभी तक 50 से ज्यादा बार दिया जा चुका है। पूर्व नियोजित ढंग से शिवालया कंपनी के द्वारा प्रशासन के सहयोग से एनएच-75 बाईपास का कार्य करना सुनिश्चित किया गया था। मौके पर शिवालया कंपनी के कर्मचारी पहुंचे, जिसका खजूरी ग्राम के रैयतों के द्वारा भूमि का मुआवजा दिये बगैर काम नहीं करने देने की बात कही।

ज्ञात हो कि गढ़वा जिला प्रशासन को ग्राम खजुरी के हितबद्ध रैयतों के द्वारा रैयती भूमि होने के प्रमाण में पार्टीशन सूट सन् 1/1920, सबजज पलामू के द्वारा दखल दहानी का प्रमाण पत्र, भूतपूर्व जमींदार द्वारा दाखिल रिटर्न, ए०आर० केश बने पांच एम रोल जिसमें 200 लाभान्वित हितबद्ध रैयत हैं। सरकार के द्वारा प्राप्त सरकारी मालगुजारी रसीद, हाल सर्वे द्वारा प्राप्त है एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा वन क्षेत्र की भूमि नहीं होने का प्रमाण पत्र के साथ अनेकों बार कागजात दाखिल किया गया है। गढ़वा जिला प्रशासन द्वारा हमेशा टालमटोल किया जा रहा है।

मौके पर रवि प्रकाश उर्फ लड्डू, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत दुबे, राजेंद्र दुबे, मदन कुमार ठाकुर, शंभू दुबे, हरी बिंद, रामाशंकर ठाकुर, हरि ओम प्रकाश, मनोज कुमार ठाकुर, अविनाश बिंद, एकलव्य बिंद, रंजन ठाकुर, लक्ष्मण दुबे, गोपाल प्रसाद गुप्ता, सुनील प्रसाद यादव, रामजी प्रसाद यादव, शशि साह, चिंता देवी, प्रमोद यादव, बहादुर शाह, राजेश कुमार, सुमेर दत्त दुबे, प्रताप कुमार पांडेय, गौरी शंकर बिंद, अमित कुमार गुप्ता, उपी कुंवर, बुद्धनरायण यादव, रितेश बिंद सहित मौके पर सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

## मेराल की घटना की जांच करने थाना पहुंचे डीआइजी



**बीडीओ, थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों से ली घटना की जानकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** पलामू क्षेत्र के डीआइजी राजकुमार लकड़ा सोमवार को मेराल थाना मुख्यालय में एक सप्ताह पूर्व घटी घटना की जांच करने गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, एसडीपीओ अवध कुमार यादव के साथ मेराल थाना पहुंचे। वे करीब दो घंटे तक मेराल थाना में रहे और घटना को लेकर की गई प्राथमिकी संचिका को देखने के बाद बारी-बारी से अधिकारियों से पूछताछ की। इस दौरान बीडीओ प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी लालबिहारी प्रसाद तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों से घटना को लेकर बिंदुवार पूछताछ की गई। जांच के संबंध में पूछे जाने पर डीआईजी श्री लकड़ा ने कहा कि 18 अगस्त को मेराल में एक वृद्ध की हत्या के बाद थाना मुख्यालय में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई थी। इसकी जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया या फाईनल रिपोर्ट अथॉरिटी को सौंपी जायेगी।

बता दें कि मेराल के हासनदाग में पिछले दिनों एक वृद्ध की हत्यारोपियों को थाना से छोड़े जाने के बाद गुस्साये परिजनों तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मेराल थाना गेट के पास पहुंच कर एनएच 75 को जाम कर नथन चौधरी के हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। इसी बीच आक्रोशित ग्रामीणों तथा पुलिस के बीच नोकझोंक के बीच झड़प हो गई, जिसमें परिजन सहित कई ग्रामीणों के साथ पुलिसकर्मी तथा थाना प्रभारी भी चोटिल हो गए थे। मामला ज्यादा बिगड़ने के बाद सदर एसडीओ राज महेश्वरम एवं सीओ अंगारनाथ स्वर्णकार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया, जिसमें उग्र प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के साथ-साथ दुकानदार तथा कई राहगीर भी घायल हो गए थे।

**दुकानदार के साथ की गयी मारपीट के विरोध में हुई थीं दुकानें बंद :** दूसरे दिन मेराल के व्यवसायियों द्वारा अपनी-अपनी दुकानें बंद कर बेकसूर दुकानदारों की पिटाई कराने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कहने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पलामू डीआईजी को जांच के आदेश दिये थे।

## चैंपियन क्लब की बैठक में देवी धाम प्रांगण में गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**31 अगस्त को भव्य जागरण एवं 1 से 4 सितंबर तक श्रीराम कथा का होगा भव्य आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** चैंपियन क्लब ऑफ चिरौंजिया की बैठक में सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश पूजा धूमधाम से देवी धाम चिरौंजिया के प्रांगण में मनाने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यक्रम में 31 अगस्त को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। 1 सितंबर से 4 सितंबर तक काशी से चलकर पधारे श्री नीरजा नंद शास्त्री जी के द्वारा श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया गया है। 4 सितंबर को दोपहर 4:00 से संध्या 7:00 तक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात 5 सितंबर को भव्य जुलूस पूरे गांव में घूमते हुए गढ़वा शहर स्थित तालाब में मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चैंपियन क्लब के संरक्षक मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक मनीष कुमार गुप्ता, डॉ राकेश रंजन, दिनेश कुमार कुशवाहा, जूनियर इंजीनियर विवेक कुमार गुप्ता, अभिषेक तिवारी, मिथिलेश गुप्ता, राहुल ठाकुर, परमेश्वर प्रसाद, वेद प्रकाश शर्मा, सूरज गुप्ता, मनीष यादव, कमलेश गुप्ता, मनीष मेहता, सत्येंद्र शर्मा, रविंद्र मेहता, अर्जुन डीजे, दिलीप गुप्ता, मिंटू पासवान और बहुत सारे चैंपियन क्लब ऑफ चिरौंजिया के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नामधारी महाविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय गढ़वा के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. कालिका प्रसाद सिंह ने अपने अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा देकर शिक्षक संघ के कमिटी को भंग करने की घोषणा कर दी। जिसकी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल को सूचनार्थ समर्पित कर दिया।

## दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन लोग हुए घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के कल्याणपुर चिनिया मार्ग में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में चिनिया थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी बुटाई यादव के पुत्र शिवचंद कुमार यादव, कर्मदयाल यादव के पुत्र प्रमोद कुमार व सदर प्रखंड के पास के गांव निवासी नारद साव घायल हो गए।

## सुहागिन महिलाओं ने निर्जला तीज व्रत कर की अमर सुहाग की कामना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा** जिला सहित विभिन्न प्रखंडों में हरतालिका तीज का व्रत पूरी निष्ठा एवं श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर मां गौरी और भगवान शिव की विधि पूर्वक पूजा कर अखंड सुहाग की कामना की। इस अवसर पर सुहागिनों ने निर्जला व निराहार रहकर हरतालिका तीज का व्रत रखा। पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं ने अपने घरों एवं मंदिरों में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।

## हिट एंड रन मामले में मृतकों के आश्रितों को मिला मुआवजा

**उपायुक्त ने सभी आश्रितों को सौंपा 25-25 हजार रुपये का चेक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में हिट एंड रन मामले में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 25-25 हजार रुपये का मुआवजा राशि प्रदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय एवं जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन उपस्थित थें। हिट एंड रन मामले में उपायुक्त श्री घोलप द्वारा कुल 8 मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि प्रदान की गई, जिसमें क्रमशः मेराल थाना के स्व. सूर्यांश राज के आश्रित संगीता कुमारी, मंझिआंव के स्व. अरविंद राम के आश्रित करमी देवी, रंका के स्व. सुरेश प्रसाद मेहता के आश्रित समुंद्री देवी, गढ़वा के स्व. चिंता देवी के आश्रित बैजनाथ महतो, मेराल के स्व. रमेश पाल के आश्रित गीता देवी, रंका के स्व. विजय प्रताप मेहता के आश्रित विकास कुमार, रंका के स्व. अर्चना तिवारी के आश्रित प्रकाश मणि एवं रंका थाना अंतर्गत ही स्व. राकेश कुमार के आश्रित प्रियंका कुमारी शामिल हैं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL**
**URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 01/2022-23 (5th Call)**
**P.R. No. 275652 Drinking Water and Sanitation (22-23)D**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials annexed as annexure-1 for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 07.09.2022 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 08.08.2022 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi,H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004 Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,**
**Ranchi**

PR 276742 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

**मांग : यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत कमल ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र, कहा**

# आदिम जनजाति एवं अल्पसंख्यक जाति को भूअर्जन से ससमय भुगतान हो

**धुरकी प्रखंड के अमवार में डैम परियोजना में सैकड़ों आदिम जनजाति कोरवा, परहिया एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विस्थापितों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला उपायुक्त रमेश घोलप को इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत कमल ने भूअर्जन के द्वारा सैकड़ों आदिम जनजाति कोरवा, परहिया एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विस्थापित कर्मियों को भूअर्जन के द्वारा सहसमय भुगतान करने का मांग पत्र सौंपा। इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत कमल ने मांग पत्र सौंप कहा कि जिले के धुरकी प्रखंड के अमवार में डैम परियोजना में सैकड़ों आदिम जनजाति कोरवा, परहिया एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विस्थापित ग्रामीणों को मिलने वाली मुआवजा राशि जिला भूअर्जन के द्वारा ससमय भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसे लेकर आज गढ़वा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा एवं उन्हें उन समस्याओं से अवगत कराया। क्योंकि धुरकी प्रखंड के ग्राम शुरू परसपानी, भुमफोर एवं थेपसर्म उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अमवार डैम हेतु 1000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसमें उक्त चार ग्रामों में लगभग 400 आदिम जनजाति के लोग रहते हैं। जो इस भूमि अधिग्रहण से विस्थापित हो रहे हैं। डैम निर्माण हो चुका है। सिर्फ मेन गेट का अधिष्ठापन का कार्य शेष बचा हुआ है। जिसके लगते ही इन चार ग्रामों के संपूर्ण परिवारों का विस्थापन सुनिश्चित है। परंतु गढ़वा जिला भूअर्जन विभाग की उदासीनता के कारण आज तक आदिम जनजाति एवं अल्पसंख्यक परिवारों को मुआवजा का भुगतान नहीं हो सका है। जिससे इतने बड़े महत्वकांक्षी योजना उपयोगी डैम का गेट आज तक नहीं लगाया जा सका है। जहां एक तरफ झारखंड सरकार आदिम जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के संरक्षण व उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं जिला प्रशासन गढ़वा के द्वारा सरकार की नीतियों के विपरीत इन समुदायों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता रवैया अपनाया जाता है। जो कि अत्यंत ही निंदनीय एवं खेदजनक है। अभिजीत कमल ने कहा कि उक्त योजना में आवास एवं मुआवजा का भुगतान हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा मुआवजा की राशि 70 करोड़ जिला भूअर्जन कार्यालय गढ़वा को उपलब्ध करा दी गई है। परंतु विभागीय लापरवाही के कारण आज तक विस्थापित होने वाले परिवारों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया जा सका है। पूर्ण आवास हेतु भूमि का सीमांकन भी आज तक नहीं किया गया है। जिसे लेकर उपायुक्त से निवेदन है कि उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए यथाशीघ्र कार्रवाई करें।

**Office of District Legal Services Authority, Khunti**
Mobile No.: 8789697778 E-Mail: khuntidlsa@gmail.com

No. 01/LADCS/2022/ Date:27th August 2022

**NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR ENGAGEMENT AS FULL TIME LEGAL AID LAWYERS IN LEGAL AID DEFENSE COUNSEL OFFICE IN KHUNTI.**

As directed District Legal Services Authority, Khunti hereby invits application from eligible candidates for the following posts on purely contract basis for a period of 02 years.

| S | Name of Post | Vacancy | Honorarium |
|---|---|---|---|
| 1 | Chief Legal Aid Defense Counsel | 01 | ₹ 65,000 |
| 2 | Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel | 01 | ₹ 50,000 |
| 3 | Assistant Legal Aid Defense Counsel | 02 | ₹ 30,000 |

**The Lawyers so engaged therein will not be allowed to take any other private cases or any other retainership.**

The Scheme of engagement along with application form may be downloaded from the official website of DLSA (https://districts.ecourts.gov.in/khunti) and also from Notice board of DLSA Khunti. The duly filled application form along with self-attested copies of documents may be submitted to DLSA, wherein the candidate desires to apply through speed post or in an envelope personally in the office of the Secretary, DLSA on or before **5th September 2022 by 17:00 Hrs**. Any application received after due date shall not be considered.
Note: Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.

**Secretary**
**DLSA, Khunti**

PR 276766 (Law)22-23*D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
08

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

मंदिर पर सुहागिन महिलाएं इकट्ठा होकर व्रत कथा का श्रवण भी किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हरितालिका तीज के पावन पर्व पर महिलाओं ने मंगलवार को निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर अखंड सुहाग की मंगलकामना की। श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ मंदिर में जुटी रही। साथ ही देवाधिदेव भगवान शिव के मंदिरों में दर्शन-पूजन कर व्रती महिलाओं ने सुहाग के मंगल कामना के लिए भगवान से मिन्नतें मांगी और पुजारी से व्रत कथा का श्रवणकर आशीर्वाद लिया।

भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष में जब चन्द्रमा कन्या राशि और हस्त नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो इस दिन को हरितालिका तीज कहते हैं। इस व्रत का यह महत्व है कि अगर कुंवारी कन्या इस व्रत को विधि विधान से पूजन करती है, तो उसे सुयोग्य वर मिलता है और अगर सुहागिनें इस व्रत को करती हैं, तो उनके पति को लम्बी उम्र की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शंकर को पाने के लिए जंगल में जाकर घोर तपस्या की थी। इसपर भगवान भोलेनाथ ने वर दिया कि जो महिला इस व्रत को श्रद्धाभाव के साथ करेगी, उसका सुहाग दीर्घकाल तक जीवित रहेगा। इसी मान्यता को लेकर सभी महिलाएं पर्व पर निर्जला व्रत रहती हैं। महिलाओं ने नया परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार कर घर और मंदिरों में शिव-पार्वती की पूजन-अर्चन करते हुए पति के दीर्घायु के लिए भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पर सुहागिन महिलाएं इकट्ठा होकर व्रत कथा का श्रवण भी किया। पूजन में फल आदि का प्रसाद चढ़ा कर घर के सभी सदस्यों में वितरित किया।

**सौंदर्य सामग्री की हुई खरीदारी :** हरतालिका तीज को लेकर बाजारों में सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर सुबह से भीड़भाड़ बनी रही। सजने-संवरने के लिए महिलाओं ने अपने जरूरतों के हिसाब से सामानों की खरीदारी की। वहीं जहां उम्रदराज महिलाएं घर पर ही सजती-संवरती रहीं, तो कम उम्र की अधिकांश महिलाएं ब्यूटी पार्लर पहुंचकर अपने चेहरे का फेशियल और ब्लीच कराती रहीं।

## पति की लंबी उम्र के लिए भक्ति व उत्साह के साथ महिलाओं ने किया तीज व्रत



**सेन्हा-लोहरदगा।** पति का लम्बी उम्र के लिये भक्ति व उत्साह के साथ महिलाओं ने किया तीज व्रत प्रखंड क्षेत्र के अलावे विभिन्न गांवों में तीज का पर्व भक्ति व उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं द्वारा पति का लम्बी उम्र के लिये निर्जला व्रत रख भक्ति व उत्साह के साथ तीज पूजन किया गया। अधिकांश महिलाओं ने सामुहिक रूप से एकत्रित होकर घर पर ही तीज का पूजा की साथ ही पण्डितो द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बदला, सेरेंगहातु, बक्सीडीपा, कोराम्बे, अरु, चौकनी सहित अन्य जगहों में महिलाओं द्वारा शिव मन्दिर में तीज पूजा कराया गया। हरतालिका तीज में महिलाओं द्वारा भगवान महादेव शंकर व माता पार्वती का पूजन कर अपनी पति का दीघार्यु के लिये कामना की गयी। वही कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति तथा सुहागिनो द्वारा सौभाग्य के लिए निर्जला उपवास रखकर तीज व्रत किया गया। वेद पुराणों के मान्यता अनुसार कहा जाता है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। लेकिन अब यह व्रत काफी प्रचलित हो चुका हैं। जिसे महिलाएं व कुंवारी कन्याएं उत्साह और भक्ति के साथ तीज पूजन करती हैं। पुराणों के अनुसार तीज का नाम हरतालिका व्रत भी है। इस व्रत को करने से कुंवारी कन्याओं को सुयोग्य तथा मनचाहा वर प्राप्त होता है। और सुहागिन महिलाओं का पति दीघार्यु होते हैं।

## सड़क दुर्घटना में एक गंभीर रूप से घायल

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के इचाक पंचायत के समीप बोदी खाड़ मोड़ के एनएच सड़क पर मंगलवार की शाम पांच बजे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी जिससे पिपरा खाड़ निवासी सूरज उरांव को हल्की चोट लगी है। वही खबर लिखे जाने तक गंभीर रूप घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि दोनो युवक मंगल बाजार से दारू पीकर मोटरसाइकिल से अपने घरपिपराखाड़ जा रहा था कि। चालक नशे में धुत होने के कारण यह का दुर्घटना हुई है।

## विद्यार्थी परिषद् ने की शोक सभा

**बालूमाथ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालूमाथ के द्वारा अंकिता सिंह के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखा गया। विद्यार्थी परिषद के उज्ज्वल शुक्ला ने कहा कि इस तरह झारखंड की बेटी को सरेआम जलाना अत्यंत जघन्य अपराध है। विद्यार्थी परिषद न्याय की लड़ाई के लिए झारखंड की बेटी के परिवार के साथ खड़ा है। वहीं पिंटू कुमार ने कहा कि इस तरह के अपराध करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए। ऐसा लगता है कि झारखंड में बहन बेटी सुरक्षित नहीं है।

## धूमधाम से मनाया गया हरितालिका तीज पर्व



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न मंदिरों समेत अन्य जगहों पर में मंगलवार को हरितालिका तीज का महापर्व मनाया जा रहा गया सुहागिन महिलाओं और कुंवारी लड़कियों ने व्रत रखकर भगवान शिव पार्वती जी की पूजा आराधना की हरे रंग के वस्त्र आभूषण पहनकर महिलाओं ने तीज को धूमधाम से मनाया। दरअसल, हिंदू धर्म में तीज का खास महत्व है। यह पर्व महिलाओं और कन्याओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पर्व के दिन सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती है. तो वहीं, कुंवारी कन्या अपने पसंदीदा वर पाने के लिए शिव और पार्वती की पूजा आराधना करती हैं. बता दें कि, पर्व की तैयारियों को लेकर महिलाओं ने विशेष इंतजाम किए हुए हैं। तीज के अवसर पर महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र पहने हुए हैं। तीज के गीत गा रहे हैं। वहीं, इस दौरान महिलाओं ने बताया कि तीज पर्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए विशेष माना जाता है। इसलिए इस अवसर पर हरे वस्त्र पहन कर महिलाओं ने शिव पार्वती जी की पूजा आराधना की। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के भी अपील की है।

## अंकिता के इंसाफ को लेकर विशव हिंदू परिषद और बजरंग दल के बैनर तले मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**बारियातु।** प्रखंड के विशव हिन्दू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में सोमवार संध्या को अंकिता को इंसाफ दिलाने को लेकर एक विशाल रैली निकाली गयी। रैली राम मंदिर से आरंभ होकर एन एच 22 से बाजार टांड बस स्टैंड झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक होते लैंप तक गयी पुनः वापस हो कर फुलसु मोड़ चार मुहान पहुंची। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां वह हत्यारा शाहरुख और अन्य साथियों को फांसी दो, झारखंड सरकार होश में आव, हेमंत सोरेन होश में आव, समेत कई नारा लगा रहे थे रैली फुलसु मोड पहुंचने के बाद अंकिता के इंसाफ दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे विशव हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष झुलन प्रसाद भगत ने कहा कि इस घटना की हिंदू समाज और बजरंग दल निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि हत्यारे को फांसी की सजा दी जाये। मौके पर बजरंग दल के उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद धनंजय कुमार, मंत्री चंदन प्रसाद.अमन कुमार, गोपाल साव, विनय परहीया, अभीषेक कुमार, दिपक यादव, निकसन प्रसाद, अर्विंद प्रसाद, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे, रैली के दौरान बारियातु टीओपी प्रभारी कुंदन कुमार और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# एफजेसीसीआइ के दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो ने किया नामांकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आनेवाली 10 व 11 सितंबर को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव होना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें 21 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव द्वारा चयन किया जाता है एवं झारखंड के पांचों प्रमंडल के व्यापारियों की हित के लिये पांचों क्षेत्र हेतु क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का भी चुनाव द्वारा चयनित करना होता है। जिसमे दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र से लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य सह एफजेसीसीआई के स्थायी सदस्य राजेश कुमार महतो द्वारा दो सेट में नामांकन किया गया। फेडरेशन के नियमानुसार दक्षिणी छोटानागपुर में गुमला, सिमडेगा, खूंटी व लोहरदगा जिला को शामिल किया गया है एवं इन्हीं जिले के लोग, जो एफजेसीसीआई के स्थायी सदस्य हैं, दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र हेतु चुनाव में खड़े हो सकते हैं तथा मतदान भी करने का इन्हीं सदस्यों का अधिकार होता है। मंगलवार शाम चार बजे तक ही नामांकन होना था, उसके बाद तुरंत स्क्रूटनी भी आरम्भ कर दी गयी। जिसमें प्रथम सेट का नामांकन, जो 27 अगस्त को किया गया था, स्थानीय सदस्य के प्रस्तावक नहीं होने के कारण स्क्रूटनी के दौरान राजेश जी का नामांकन रद्द हो गया। परंतु नामांकन रदद् की पूवार्भास के कारण आज 30 अगस्त को पुनः नया नामांकन दूसरे सेट में किया गया, जिसे वैध पाते हुए, इनकी उम्मीदवारी को योग्य घोषित फेडरेशन के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और सह चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो कि लोहरदगा जिला से एफजेसीसीआई के कुल 16 सदस्य हैं, जिनमे से 14 स्थायी व 2 लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदेन अध्यक्ष और सचिव/कोषाध्यक्ष शामिल हैं। राजेश महतो द्वारा लोहरदगा जिला के सभी सदस्यों से बातचीत कर सर्वसम्मति बनाने पश्चात नामांकन किया गया है।

## उपायुक्त की अगुवाई में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक हुई

# युवक-युवतियों के लिए प्रारंभ होगा निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी कि जिला में जल्द ही निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण जिले के युवक-युवतियों के लिए प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए एससीए मद से कंप्यूटर और टेबल का क्रय किया जा रहा है जबकि प्रशिक्षक की नियुक्ति संविदा के आधार पर की जायेगी। उसके मानदेय का भुगतान डीएमएफटी मद से किया जायेगा। इसके लिए संस्थान की संबद्धता नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (निलाईट) से प्राप्त किये जाने की तैयारी चल रही है। शुरूआत में कुल 80 युवक-युवतियों का नामांकन होगा। पीटीजी, एसटी, एस सी को प्राथमिकता दी जायेगी। उसी प्रकार छात्र छात्राओं के जेईई/नीट की तैयारी के लिये कोचिंग की व्यवस्था किया जाना है। जिसमे मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा।तकनीकी/प्रायोगिक/स्वास्थ्य और अन्य शिक्षण की तैयारी हेतु शिक्षकों एवं लैब डेमोन्स्ट्रेटर (साइंस) तथा प्रखंड में लाइब्रेरियन की संविदा आधारित नियुक्ति कर उनके मानदेय का भुगतान डीएमएफटी मद से किया जायेगा।

उपायुक्त द्वारा सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी कि जिला में डीएमएफटी के कुल मद का 50 प्रतिशत राशि शिक्षा एवं स्वास्थ्य, 25 प्रतिशत राशि पथ/कनेक्टिविटी और 25 प्रतिशत राशि पेयजल व सिंचाई में व्यय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## योजनाओं की जांच कर एक और एई और जेई पर मामला दर्ज हो: रवि डे



**चंदवा।** चंदवा के समाजसेवी रवि कुमार डे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस तथा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है की लातेहार जिला में डीएमएफटी फंड का जो बंदरबांट हुआ है उसका शिकायत वाद झारखंड लोकायुक्त में शिकायत दर्ज करा दिया गया है। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से श्री डे ने कहा कि लातेहार जिला में जितने भी टीएमएफटी फंड का घोटाला किया गया है। जिला प्रशासन वैसे लोगो को कड़ी से कड़ी सजा जांच कर दोषियों पर मामला दर्ज कर और वैसे लोगों को निजी संपत्ति की भी जांच कर मामला दर्ज करते हुए जेल भेजा जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो अक्टूबर महीने में हम लोग जन आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। क्योंकि डीएमएफटी घोटाला सिर्फ तालाब और सड़क निर्माण में नहीं हुआ है। बल्कि कृषि विभाग शिक्षा विभाग हेल्थ विभाग ना जाने कई विभागो में डीएमएफटी फंड का खर्च किया गया है और सभी विभागों में कार्य फलाफल सुनने है। अधिकारी पदाधिकारी सारे लोग मिलकर राशि की बंदरबांट किया है। इसलिए मैं जिला के उपायुक्त से कहना चाहता हूं कि इस राशि की जहां कहीं भी खर्च हुआ है उसकी गहनता से जांच हो और दोषी पर कानूनी कार्रवाई हो।

# हरितालिका तीज के व्रत को लेकर मंदिरों में महिलाओं की उमड़ी भीड़

तीज महा व्रत को लेकर शिव मंदिर में पूजा करने को लेकर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप शिव मंदिर में भाद्र मास के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि के उपलक्ष पर मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। तीज महा व्रत को लेकर शिव मंदिर में पूजा करने को लेकर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। इस दिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु आयु कामना को लेकर निर्जला व्रत किया। पूरे विधि विधान के साथ सोलह सिंगार कर बाबा भोलेनाथ मां पार्वती की पूजा अजमान के द्वारा वैदिक मंत्रोचार कर किया गया वही पुजारी के द्वारा भगवान भोलेनाथ मां पार्वती की विस्तार पूर्वक कथा सुनाई गयी। इस दौरान सोभागवती सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यु आयु कामना को लेकर भगवान भोलेनाथ मां पार्वती से प्रार्थना किया। कथा के उपरांत महिलाओं ने भजन किया।

# खेल के माध्यम से भाई-बहनों का होता है सर्वांगीण विकास : प्रधानाचार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में खेल समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सोमवार से प्रारंभ होकर मंगलवार तक चलने वाले विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं का निर्णय भैया बहनों के अथक परिणाम का प्रतिफल आज पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। गणित रेस प्रतियोगिता में कक्षा द्वितीय की वहन पायल कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मटका रेस प्रतियोगिता में कक्षा पंचम की बहन पल्लवी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में कक्षा पंचम के कमलेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कमलेश उरांव तथा तृतीय स्थान के रोशन उरांव को मिला। 100 मीटर की दौड़ क्रमशः द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम एवं कक्षा प्रथम के भैया बहनों में आयोजित की गई जिसमें कक्षा द्वितीय के आयुष पंकज एवं हर्ष गौरव क्रमशः प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किये। 100 मीटर की दौड़ में बहनों के वर्ग में शिवानी सिंह पूर्णिमा ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में उर्मिला कुमारी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा प्रथम के भैया 100 मीटर की दौड़ में हर्ष राज उपाध्याय ने स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ में द्वितीय के आयुष कुमार पंकज एवं हर्ष गौरव ने क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी दौड़ में दिव्य। माही एवं स्नेहा कुमारी ने क्रमश प्रथम द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया।

## 50 किलो जावा महुआ के साथ शराब नष्ट किया

**चंदवा।** चंदवा के हुटाप पंचायत अंतर्गत भदई ताड में जहां अफकारी विभाग के इंस्पेक्टर विजय कुमार पाल और चंदवा थाना के एसआई रंजय कुमार ने गुप्त सूचना के बाद भदई ताड़ में अवैध महुआ शराब बन रहे भट्टी को तोड़ा और 50 किलो से अधिक जावा महुआ को नष्ट किया वही अवैध शराब बनाने वाले भदई ताड़ के रहने वाले शिव साहू अमित साहू महानंद साहू विजय साहू पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है और आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर विजय कुमार पाल ने कहां की यहां पर कई महीनों से अवैध शराब बनने की सूचना मिल रही थी सूचना मिलने के बाद हम लोग की टीम अवैध शराब बन रहे भट्टी पर आया और नष्ट करने का काम किया वही श्री पाल ने कहा कि अगर कोई भी अवैध शराब बनाता है तो उसे कानूनी कार्रवाई करने के लिए तैयार रहना होगा वही शराब बंद रहे कई बर्तनों को भी आफकारी विभाग के लोगों ने जब किया है।

## स्थायी वारंटी को भेजा जेल

महुआडांड़। नेतरहाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम लुरूगुर्मी खर्द निवासी कारू तुरी पिता सुरज तुरी स्थायी वारंटी को छापामारी कर पकड़ कर जेल भेजा। यह आरोपी वर्ष 2006 का मारपीट का फरार अभियुक्त था। छापामारी में थाना प्रभारी दिवाकर दूबे, राकेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# बारियातु में हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त



कुतुबुद्दीन

**बारियातु।** प्रखंड के दो पंचायत अमरवाडीह व शिब्ला में बीते सोमवार की रात्री एक विशाल जंगली हाथी ने उतपात मचा कर चार मजदूर का घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखा अनाज को खा गया साथ ही लगे टमाटर मक्का और धान के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया जिससे लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है पीडीतों ने विभाग से मुआवजा मांग रखा। हाथी पहले अमरवाडीह पंचायत के बरवाडीह ग्राम पहुचा जहां पीडीत टुनु सिंह ने बताया कि रात्री लगभग 9 बजे के आसपास एक विशाल जंगली हाथी पहुचा और मेरे खपरैल घर के दिवार को धवस्त कर घर मे रखे लगभग तीन क्विंटल चावल पच्चास किलो गेहूं को खा कर और अन्य घरेलू सामान को बर्बाद कर दिया जिससे लगभग 60 हजार का नुकसान हुआ है। हाथी के उतपात देख लुकारी। जला और टीना ढोल बजा कर गांव से भगाया। हाथी भाग कर शिबला पंचायत के बाराखाड पहुचा जहां अर्जुन गंझु और बिनोद गंझु के खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे कई अनाज को चट कर गया। दोनों पीडीतों ने बताया कि सोमवार की अर्ध रात्री लगभग एक बजे हाथी पहुंचा और घर के दिवार को धांसने लगा आवाज सुन हम सभी परिवार उठे तो देखा की एक विशाल हाथी है डर कर घर के पीछे का रास्ता से बाहर निकल कर गांव के लोगों को जगाया। जब तक गांव वाले हाथी को भगाने के लिए एकठ्ठा होते तब तक दो घर के दिवार को क्षतिग्रस्त कर पांच क्विंटल चावल। दो क्विंटल गेहूं धान को चट कर एंव छीट कर बर्बाद कर दिया जिससे दोनों पीडीतों को मिला कर लगभग एक लाख पच्चास हजार का नुकसान हुआ है इतना ही नहीं इसके बाद हाथी भाग कर पास ही नावाटोला पहुचा जहां जम कर उतपात मचाते हुए सुखदेव गंझु के घर पर प्रहार किया। पीड़ित सुखदेव ने बताया कि मंगलवार को अहले सुबह लगभग तीन बजे हाथी मेरे घर पर हमला कर घर के दिवार को धवस्त कर दिया दिवार गीरते ही हम सभी परिवार घर से कीसी तरह निकल कर जान बचाया। घर के दोनों तरफ का दिवार गीरा कर चावल महुआ धान को छीट कर बर्बाद कर दिया।

## खेल दिवस पर राष्ट्रीय कबड्डी रेफरी आचार्य जोधन सिंह हुए सम्मानित

# सच्चे राष्ट्रभक्त थे मेजर ध्यानचंद : सच्चिदानंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में राष्ट्रीय खेल दिवस और मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर बृजमोहन लाल अग्रवाल स्मृति खेल प्रेरणा पुरस्कार 2022 शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के खेलकूद एवं शारीरिक आचार्य जोधन सिंह को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत के माननीय प्रांत संघचालक श्री सच्चिदानंद लाल ने समिति के पदाधिकारियों के साथ श्री जोधन सिंह को सम्मानित किया। खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र प्रदान किया गया। स्वागत एवं अतिथि परिचय में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि बृजमोहन लाल अग्रवाल लोहरदगा में शिशु विद्या मंदिर की स्थापना करने वाली संस्थापक मंडली के प्रमुख सदस्य थे। खेलकूद को हमेशा प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी ने किया स्टेट बैंक का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गुमला में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक, गुमला द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन कर बैंक के बाहर भी कैमरा लगाने का निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि बैंकों में सुरक्षा की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था से अप्रत्याशित घटनाओं में कमी आती है। बैक अत्यंत संवेदनशील संस्थान है। यहां सुरक्षा व्यवस्था में थोड़ी सी चूक बड़ी घटनाओं को अंजाम देती है। गार्ड रजिस्टर भी चेक किया गया। बिट पेट्रोलिंग चेक किया गया। पीसीआर के विजिट की चेकिंग की गई। एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला तथा थाना प्रभारी, गुमला को समय-समय पर जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, गुमला एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भरनो में सुहागिनों ने तीज व्रत कर की अमर सुहाग की कामना



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र की कामना के साथ तीज व्रत किया। प्रखंड के सभी मंदिरों और अपने अपने घरों में सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रख अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करते हुए भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही पूजा अर्चना के उपरांत कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जिससे पूरा प्रखंड भक्तिमय हो उठा।

## घाघरा में सुहागिनों ने विधि-विधान से की तीज पूजा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित कई जगहों पर तीज पूजा मंगलवार को विधि-विधान से की गयी। इस क्रम में मंदिरों और कई घरों में तीज की पूजा महिलाओं के समूह में करायी गयी। वहीं आचार्यो द्वारा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करायी गयी। सुहागिन महिलाओं ने 16 श्रृंगार से सुशोभित होकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की।

## रोजगार सेवकों ने अस्थाई रोजगार सेवक दफ्तर में चोरी की घटना से स्तब्ध हैं लोग

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के ब्लॉक चौक स्थित सीआरपीएफ कैम्प से 10 कदम की दूरी पर स्थित ब्लॉक क्वार्टर में बीती रात चोरी होने से हड़कंप मच गया है। इस ब्लॉक क्वार्टर में बेनदोरा, बरवेनगर व कतींग पंचायत के पंचायत सेवक को रोजगार सेवक के द्वारा अस्थाई रूप से ऑफिस चलाया जा रहा था। जहां से असामाजिक तत्वों के द्वारा गेट तोड़कर मेडिकल किट मनरेगा की फाइलें सहित अन्य कई तरह के दस्तावेजों को फेंक दिया गया है। मेडिकल किट भी बर्बाद हो गई है। आज सुबह जब पंचायत सचिव ब्लॉक क्वार्टर पहुंचे तो देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है और सामान तितर-बितर है। यह क्वार्टर सीआरपीएफ कैंप से महज 10 कदम की दूरी पर ही है। जिसके बाद भी चोरों ने दरवाजा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और किसी को इसकी खबर तक नहीं लगी। अज्ञात चोर किस मंशा से यहां पहुंचे थे यह तो कहना मुश्किल है। चोरी की घटना की सूचना पंचायत सचिव के द्वारा अंचलाधिकारी को दी गई। इस चोरी की घटना के बाद लोगों का कहना है कि पंचायत सचिव के लिए पंचायत में पंचायत भवन बनाया गया है जहां वह ऑफिस का काम करते। मगर निजी स्वार्थ के कारण ब्लॉक वाटर में ही पंचायत सचिव अपना ऑफिस खोल कर कार्य करते हैं, जिससे हम ग्रामीणों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं पंचायत सचिव के द्वारा मेडिकल किट का वितरण भी नहीं किया गया है। जो पड़े पड़े एक्सपायर होने के कगार पर है। चोरी की लिखित शिकायत चैनपुर थाने में कर दी गई है। जांच के बाद ही मामले के बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

### खबर का असर : मंत्री बादल पत्रलेख ने विधवा पति देवी के मामले में लिया संज्ञान

# डॉ अनुज कुमार व उनकी टीम ने पीड़ित महिला को आर्थिक मदद के साथ राशन भी उपलब्ध कराया

**मिशन बदलाव टीम के ट्वीट पर मंत्री बादल पत्रलेख ने संज्ञान लेते हुए उक्त महिला को जल्द जल्द मदद पहुंचाने की बात कही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के टीम ने गुमला जिला के पालकोट के तुन टोली मर्दा गांव का विगत दिनों दौरा किया था। इस गांव में एक विधवा महिला पति देवी ने अपनी समस्या से मिशन बदलाव को अवगत कराया था।

उन्होंने बताया था कि दस साल पहले 2012 में उग्रवादियों के द्वारा उनके पति को उनके सामने घर से निकाल कर बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। उग्रवादी हिंसा में मारे गए लोगों को सरकार नौकरी से लेकर हर समस्या का समाधान करने का दावा करती है। वहीं पति देवी का आज तक राशन कार्ड नहीं बन पाना प्रशासन की कार्यशैली पर बदनुमा दाग जैसा था।

हैरत की बात तो यह है कि अब तक उन्हें किसी भी तरह का न तो मुआवजा मिला है और न ही किसी सरकारी योजना का लाभ मिला है। मिशन बदलाव टीम के द्वारा इस मामले में ट्वीट भी किया था। जिस पर मंत्री बादल पत्रलेख ने संज्ञान लेते हुए उक्त महिला को जल्द जल्द मदद पहुंचाने की बात कही है। ट्वीट का संज्ञान लेते हुए डॉक्टर अनुज कुमार और उनकी टीम के द्वारा पीड़ित महिला पति देवी को तात्कालिक रूप से आर्थिक मदद के साथ राशन भी उपलब्ध कराया गया। मिशन बदलाव टीम की तरफ में गुमला जिला की महिला सचिव सैय्यदा खातून और देवांती मिंज मौके पर मौजूद थे।

इस सहयोग के लिए मिशन बदलाव टीम ने डॉक्टर अनुज और उनकी टीम को धन्यवाद दिया है। पिछले दिनों इस खबर को आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित की गयी थी।

## अंकिता की श्रद्धांजलि के लिए चैनपुर बस स्टैंड से अल्बर्ट एक्का चौक तक युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**आरोपी को अविलंब फांसी हो ताकि भविष्य कोई भी ऐसा कृत्य करने से पहले सौ बार सोचे : मुखिया शोभा देवी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर बस स्टैंड से अल्बर्ट एक्का चौक तक युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला एवं अंकिता को श्रद्धांजलि दी। सोमवार की शाम चैनपुर के युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर अंकिता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उसके साथ घटी घटना की कड़ी भर्त्सना की। कैंडल मार्च में युवाओं ने हत्यारे को फांसी देने के नारे लगाये। इस घटना से चैनपुर के युवाओं में काफी आक्रोश है तथा सभी ने इस घटना को इंसान को शर्मसार करने वाली घटना करार दिया है। मौके पर मौजूद चैनपुर मुखिया सह भाजपा की मंत्री शोभा देवी ने इस अमानवीय घटना को काफी दुर्भाग्यपूर्ण बतलाया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में घर पर भी बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। आरोपी को अविलंब फांसी हो ताकि भविष्य कोई भी ऐसा कृत्य करने से पहले सौ बार सोचे। विदित हो कि दुमका जिले के जरूवाडीह निवासी अंकिता सिंह को 23 अगस्त को उसके पड़ोसी शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। जिन्दगी और मौत से जंग लड़ते हुए शनिवार देर रात उसकी मौत हो गयी थी। मौके पर मनोज साहू, संतोष केशरी, रवि रंजन, कौशल केशरी, शिवम केशरी, अरविंद मौर्य, गणेश कुमार, संदीप भगत, यशवंत केशरी, विवेक सिंह सहित दर्जनों युवा मौजूद थे।

## अंकिता कांड अपराधियों के बढ़े मनोबल को दर्शाता है : पुष्पा उरांव

**राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ 4 सितंबर को महिला सभा में भावी रणनीति बनायी जाएगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने दुमका में अंकिता कुमारी को जलाकर हत्या किये जाने की घटना का कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ जोरदार आंदोलन शुरू किया जाएगा। श्रीमती उरांव ने यह भी कहा है कि हेमंत सरकार भी हमारी बेटी-बहनों की इज्जत व जान बचाने में विफल साबित हो रही है। यही कारण है कि अंकिता कुमारी जैसी सैकड़ों महिलाएं व स्कूली बच्चियां राज्य में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का शिकार बन रही हैं। इतनी बड़ी घटना को बेखौफ अंजाम देने के पीछे राज्य सरकार की कमजोरी है, क्योंकि अपराधी जानते हैं कि यहां कानून व्यवस्था का क्या हाल है।

श्रीमती उरांव ने यह भी कहा है कि राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ 4 सितंबर 2022 को नारी जागो अभियान के तहत गुमला में होने वाली महिला सभा में भावी रणनीति बनायी जाएगी। उन्होंने 4 सितंबर 2022 दिन रविवार को महिला सभा में जिले के प्रगतिशील सोच रखने वाली महिलाएं खासकर महिला मंडल से दो या तीन सदस्यों से अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की है। श्रीमती उरांव ने अंकिता कांड के लिए दुमका के एसपी व संबंधित थाना प्रभारी को राज्य सरकार से तुरंत दंडित करने की भी मांग की है।

## आधार कार्ड को पहचान पत्र से लिंक कराने के लिए लगा शिविर

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को आधार कार्ड को पहचान पत्र से लिंक कराने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचल अधिकारी शिवपूजन तिवारी सहित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों का कैम्प में आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से लिंक किया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह सरकार की योजना है। सभी लोगों को आधार से पहचान पत्र को लिंक कराना है। आज शिविर में प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों ने आधार को पहचान पत्र से लिंक कराया। ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास जाकर अपना-अपना आधार से पहचान पत्र का लिंक करा लें। मौके पर अभिषेक मिश्रा सहित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के बोण्डो चापाटोली गांव निवासी कलू उरांव (22) को सिसई पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस बाबत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि बीते रविवार को सिसई थाना क्षेत्र के बरटोली गांव निवासी दशी देवी ने अपने 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर कहीं भगा ले जाने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांड अंकित कर मामले की छानबीन के दौरान बोण्डो चापाटोली के कलू उरांव के घर पर नाबालिग लड़की के होने की जानकारी मिली। लड़की को बरामद कर कलू उरांव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद कलू उरांव को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग लड़की का न्यायालय में 164 का बयान कराकर उसकी मां के साथ घर भेज दिया गया।

## सिसई थाना में घर में चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** कॉलेज रोड निवासी बालचरण साहू ने अपने घर से सामान चोरी होने को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मैं बीते 28 अगस्त को अपने परिवार को इलाज के लिए रांची ले गया था, हम लोग अगले दिन 29 अगस्त को वापस लौटे तो देखा कि मेरे घर का ताला टूटा हुआ है। रुम में गोदरेज खुला है और घर का सामान बिखरा पड़ा है। चोरों द्वारा एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, कान व गले के सोने की चेन और ग्रामीण बैंक का एटीएम कार्ड चोरी की गई है। बालचरण साहू ने अपने चोरी के सामानों की बरामदगी की गुहार लगायी है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सिसई थाना परिसर में करमा पर्व और गणेश चतुर्थी को लेकर शांति समिति की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मंगलवार को करमा पर्व और गणेश चतुर्थी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने की। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा ने कहा कि प्रकृति पर्व करमा पूजा व गणेश पूजा हर्षोल्लास के साथ मनायें। गुमला एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने कहा कि पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनायें। अफवाहों पर ध्यान ना दें। करमा पर्व और गणेश पूजा सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार मनायें। रात्रि 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाना है। बैठक में बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, बसिया इंस्पेक्टर एसएन मंडल, पुअनि प्रदीप कुमार, साधो उरांव, मुखिया फ्लोरेंस देवी, शकुंतला उरांव, दीपक अधिकारी, मैनेजर साहू, सदर सचिव रहमान अंसारी, निरंजन सिंह, रहमान अंसारी, सलमान अली, श्यामसुंदर महतो, भैरों सिंह खेरवार, फैयाज अंसारी, रजब अंसारी, धनीराम यादव, कृष्णा साहु, तेजमोहन साहू, लक्ष्मी नारायण यादव, पंकज साहू, मनीष कुमार, रोपना उरांव, सुरेन्द्र उरांव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रेड स्टैंन मुरकी टीम बनी पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट की विजेता



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नवयुवक समिति माइल के द्वारा चल रहे पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन सोमवार को किया गया। टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया। समापन मैच के मुख्य अतिथि घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, देवाकी पंचायत मुखिया फुलमनी देवी व पंसस शीला रानी ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस तरह शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान गढ़ा जा सकता है, ठीक उसी तरह खेल में भी भविष्य को संवारा जा सकता है। युवाओं को मंच मुहैया कराने के लिए नवयुवक समिति माइल को बधाई व शुभकामनाएं दी। फाइन मैच में रेड स्टैंन मुरकी बनाम सीएम घाघरा के बीच फाइनल मैच खेला गया। जहां खेल के दौरान परिणाम घोषित नहीं होने पर टॉस के द्वारा रेड स्टैंन मुरकी ने खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं तीसरे स्थान पर पांचों पांडव चंदवा की टीम, चौथे स्थान पर रेड काका व पांचवें स्थान पर आस्तिक क्लब चुंदरी की टीम रही। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया नारायण उरांव, बलराम लाल, चंदेश्वर उड़ान, शंकर उरांव, किशुन उरांव, रामेश्वर उरांव, रामेश्वर उरांव, इंद्रजीत लोहरा, पवन नायक, गणेश लोहरा, दुर्गेश उरांव, मनोज उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## शैलेश उरांव प्राथमिक स्तरीय छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** कश्मार क्षेत्र के जोरी मैदान में आयोजित शैलेश उरांव प्राथमिक स्तरीय छह दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हुआ। फाइनल मैच बालक वर्ग मिडिल स्कूल बनालात व मिडिल स्कूल रेहलदाग के बीच खेला गया। वहीं बालिका वर्ग में मिडिल स्कूल रेहलदाग व मिडिल स्कूल बनालात के बीच खेला गया। उक्त दोनों वर्गों की टीम के द्वारा दमदार खेल प्रदर्शन प्रदर्शन किया गया। जिसके उपरांत आयोजक समिति के द्वारा टॉस के माध्यम से बालक वर्ग में रेहलदाग एवं बालिका वर्ग में बनालात की टीम को विजय घोषित किया गया। जबकि प्राथमिक स्तरीय बालक टीम ने जोरी को 2/1 से हराकर पिपरा टोली की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। जबकि बालिका वर्ग में बोरांग की टीम को 2/1 से हराकर पिपरा टोली की टीम विजय घोषित हुई। मौके पर सुखदेव उरांव, प्रहलाद महतो, ब्रह्मदेव उरांव, रामदेव राम गोप, जगनारायण सिंह आदि अतिथियों द्वारा विजयी टीमों को बड़ा कप एवं टूर्नामेंट में भाग लिए खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में छोटा कप देकर पुरस्कृत किया गया एवं खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर क्षेत्र के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी चार सदनों क्रमशः शिवाजी सदन, टैगोर सदन, विवेकानंद सदन व बिरसा मुंडा सदन से हिट के जरिए तीन-तीन छात्रों का चयन फाइनल दौड़ के लिए किया गया। तत्पश्चात विभिन्न एकल व समूह खेलों का आयोजन किया गया। कुल तेरह खेलों में छात्रों ने भाग लेकर 102 पदक जीता। कुल 47 स्वर्ण, 46 रजत तथा 9 कांस्य पदक खिलाड़ी छात्रों के बीच बांटे गए। खेलों के व्यक्तिगत स्पर्धा में 100 मी., 200 मी., 400 मी. की दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिता रखी गई। समूह खेलों में त्रिपाद दौड़, वॉली बॉल, फुटबॉल, कबड्डी तथा खो-खो के खेलों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा की प्रदर्शन किया। इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण, 4 रजत तथा 4 कांस्य पदक प्राप्त कर 24 अंकों के साथ शिवाजी सदन ओवरऑल चैंपियन बना। दूसरे स्थान पर 5 स्वर्ण, 3 रजत तथा 1 कांस्य पदक व 22 अंक के साथ टैगोर सदन रहा। बिरसा मुंडा सदन ने 3 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य पदक के साथ 15 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 1 स्वर्ण, 3 रजत व 1 कांस्य के साथ 10 अंक प्राप्त कर विवेकानंद सदन चौथे स्थान पर रहा। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे इन जनजातीय बच्चों में खेल के क्षेत्र में भविष्य बनाने की असीम संभावनाएं हैं। मौके पर शिक्षक संदीप कुमार पंडित, रोबिन लकड़ा, सोनम उरांव, अजय कुमार बास्की, त्रिलोचन मुंडा अजय मुंडा आदि उपस्थित थे।

### घोटाला : चैनपुर के बेंदोरा के बाद अब रामपुर में सामने आया फर्जी निकासी का मामला

# पुरानी योजना को नया दिखाकर कर ली गयी है 10.47 लाख रु. की फर्जी निकासी

**ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा था, पर धरातल पर योजना का पता ही नहीं है : मुखिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत में 14वें व 15वें वित्त योजना में भारी गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जहां पुरानी योजना को नया दिखाकर फाइल तैयार कर 10 लाख 47 हजार रुपए की फर्जी निकासी कर ली गई है। इसका खुलासा तब हुआ जब नवनियुक्त मुखिया दीपक खलखो व पंचायत सेवक ने पंचायत का प्रभार लिया। जब योजनाओं की खोज करने लगे तो पता चला कि पुरानी योजना का फोटो लगाकर फाइल तैयार कर एक योजना मे तीन लाख 49 हजार रुपये की मिलीभगत कर फर्जी तरीके से निकासी कर ली गई है। मजे की बात तो यह है कि अभियंता के द्वारा योजना की एमबी भी बना दिया गया है। यहां सवाल यह उठता है कि जो योजना धरातल पर है ही नहीं, अभियंता उस योजना का एमबी कैसे बना सकते हैं।

पंचायत के मुखिया दीपक खलखो ने बताया कि रामपुर पंचायत के भठौली गांव व रामपुर गांव व कोनकेल गांव मे जलमीनार बनाया जाना था। लेकिन तत्कालीन पंचायत सचिव दिलीप साहू और तत्कालीन मुखिया ग्लोरिया खलखो व भेण्डर की मिलीभगत से पुरानी योजना को नया दिखा कर फर्जी तरीके राशि की निकासी कर ली गई।

इधर मुखिया ने कहा कि ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए जल मीनार का निर्माण सरकार के द्वारा कराया जा रहा था। मगर इसमें भी आरके इंटरप्राइजेज जैसे बिचौलिए के कारण हमारे पंचायत के लोग प्यासे रह गए। धरातल पर योजना का पता ही नहीं है कागज में योजना दिखाकर सारे पैसे की निकासी कर ली गई है। आदिवासी बहुल गांव के लोग भोले भाले होते हैं इन्हें तो यह भी पता नहीं होता है कि हमारे स्थल पर योजना भी आया था सरकार के द्वारा दिए गए राशि का बंदरबांट करने का काम आर.के. इंटरप्राइजेज जैसे बिचौलिए खुलेआम कर रहे हैं। मेरे कार्यकाल में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जो हमारे भोले-भाले ग्रामीणों के लाभ के लिए आने वाली योजना का पैसा को डकार गए हैं। सारे पैसे की निकासी भेंडर आर.के. इंटरप्राइजेज के नाम से की गई है। बताया जाता है कि तत्कालीन मुखिया ग्लोरिया खलखो व तत्कालीन पंचायत सचिव दिलीप साहू की मिलीभगत से सारे पैसे की निकासी की गई है। आगे उन्होंने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आरके इंटरप्राइजेज मुखिया व पंचायत सेवक द्वारा मिलीभगत कर किए गए घोटालों की लिखित शिकायत मैं उपायुक्त गुमला से करूंगा। राशि की निकासी भेंडर आर.के. इंटरप्राइजेज के नाम से की गई है। कई लोगों द्वारा इस तरह का मामला चैनपुर प्रखंड के कई पंचायतों में फर्जी निकासी करने की बात कही जा रही है। हालांकि इस मामले को लेकर गुमला विधायक भूषण तिर्की ने जांच के लिए तत्कालीन उपायुक्त को दिया था। लेकिन जांच के नाम पर खानापूर्ति कर पूरे मामले की लीपापोती कर दी गई। वर्तमान मुखिया दीपक खलखो ने कहां की फाइल में योजना बना दिया गया है और पूरी राशि की निकासी कर ली गई है। पूर्व में बेन्दोरा में भी इस तरह का मामला उजागर हुआ था। मगर आज तक उसपर कार्यवाही नहीं हुई।

# विहिप व बजरंग दल ने निकाला मसाल जुलूस

## अंकिता के हत्यारों को फांसी देने की मांग की




**हैदरनगर/पलामू आजाद सिपाही।** दुमका की अंकिता की मौत के बाद से राज्यभर में जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन हो रहा है।भले ही झारखंड सरकार ने अंकिता के परिजनों को 10 लाख मुआवजा देने का ऐलान किया हो लेकिन हिंदूवादी संगठनों में अंकिता के हत्या के बाद आक्रोश कम होने का नाम नही ले रहा है।हैदरनगर में हिंदूवादी संगठनों ने इसे लव जिहाद करार करते हुए आक्रोश मार्च निकाला। मंगलवार की देर शाम बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने मसाल जुलूस ले कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए।इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व डॉ अजय जायसवाल ने किया।विरोध प्रदर्शन हैदरनगर बड़ा शिबाल से निकाला गया।मस्जिद रोड होते हुए बैंक रोड, मेन रोड,कोइरिया मोहल्ला, जवाहर पथ ,रेलवे गुमटी तक मसाल जुलूस निकाला कर अंकिता को इंसाफ दिलाने की मांग की।जहाँ शाहरुख का पुतला दहन किया गया।इस दौरान अंकिता के हत्यारों को फाँसी दो व हिंदुओ के समान में बजरंग दल मैदान,हेमंत सरकार होस में आओ जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए।स इस बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अंकिता की निर्मम हत्या करने वालो जिहादी मानसिकता वाले शाहरुख व छोटू को फांसी मिलनी चाहिए।कहा कि राज्य सरकार अपनी कुर्सी बचाने में लगी हुई है।यदि समय रहते अंकिता का बेहतर उपचार करती तो वह हम सबके बीच मे रहती।हिंदुओ की आए दिन निर्मम हत्या की जा रही है।इस पर सैकुलर गैंग व बुद्धिजीवी वर्ग चुप है।हिन्दू की हत्या पर चुपी साधना दुर्भाग्य पूर्ण है।सरकार सभी आरोपियों को सजा दे।अन्यथा विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।इस मौके पर विहिप मंत्री मनीष गुप्ता,बजरंग दल संजोजक अविराज गुप्ता, प्रखंड सह संयोजक सोनल सिंह, विहिप मंत्री प्रशांत मेहता, सह संयोजक ऋतुराज सिंह, चंदन मेहता, विवेक दुबेके अलावे हैदरनगर मोहमदगंज व जपला के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## उक्त भूमि पर ही मुसहर परिवार को कराया जायेगा स्थापित : सदर एसडीओ

- प्रशासन के लोगों ने मुसहर परिवार को दिया वस्त्र व अनाज
- 12 नामजद सहित 150 लोगों के खिलाफ किया गया प्राथमिकी दर्ज



**पांडू (आजाद सिपाही)।** पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम मुरुमातु में मंगलवार को जिला प्रशासन की टीम पहुंची और पूरे मामले की जांच की, इस दौरान सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, डीएसपी सुरजीत कुमार ने मुसहर परिवार से बात किया एवं सोमवार को घटित घटना की जानकारी ली, सदर एसडीओ ने कहा कि मुसहर परिवार को पुनः उसी जगह स्थापित किया जायेगा, आगे उन्होंने पांडू बीडीओ सह सीओ राहुल उरांव को उक्त विवादित भूमि को जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है, सभी मुसहर परिवार को थाना बुलाकर उन्हें वस्त्र व अनाज दिया गया, पांडू थाने में सभी को खाना भी खिलाया गया, इसके बाद प्रशासन के लोग मुसहर परिवार को लेकर मुरुमातु पहुँचे स्थापित कराने लेकिन वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित दूसरे समुदाय के महिला - पुरुषों ने जमकर विरोध किया, स्थिति गंभीर देखते हुए प्रशासन के लोग लौट गए, फिलहाल उक्त विवादित भूमि पर धारा 144 लगा दिया गया है, मुसहर परिवार के लिए भूमि चयन नहीं हो जाता तबतक वैकल्पिक व्यवस्था में पांडू के पुराने थाना भवन में मुसहर परिवार को रखा गया है. तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसका नाम, कजरु कला पंचायत मुखिया इसरार अहमद, डा. रसूल अहमद, ताज मोहम्मद ।

## मंदिर में दीप ऐसा जलायें जिससे मस्जिद भी रोशन हो जाये : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी उर्फ ज्योतिन बाबू की जयंती मनाई गई। जिसमें उनकी धर्मपत्नी द्रोपती देवी उनके पुत्र आनंद शंकर,ज्ञान शंकर,पोते आकर्ष आनंद, बहू शिवानी आनंद के अलावा उनके अभिन्न भाई सामान मित्र देवव्रत राम, डॉ आरपी सिंहा एवं प्रोफेसर एससी मिश्रा ने माला अर्पण कर प्रार्थना सभा प्रारंभ की। सभा का संचालन कॉलेज की प्राचार्य अनुपमा गुप्ता ने स्वर्गीय ज्योति बाबू की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहां कि उनके पुत्र आनंद शंकर,ज्ञान शंकर भी अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए सामाजिक कार्यों के साथ-साथ कई शैक्षणिक एवं व्यवसायिक संस्थानों का संचालन कर रहे है। जिसमें हजारों लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। लेकिन उन सब से अलग हटकर उनके पुत्रों द्वारा स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की स्मृति में एक निशुल्क इंग्लिश मीडियम स्कूल ₹ज्योति प्रकाश विद्यापीठ₹ के नाम गत 2 2वर्षों से संचालित किया जा रहा है। जिसमें 200 बच्चों को नर्सरी से लेकर क्लास फोर्थ तक की शिक्षा बिना किसी सरकारी अनुदान के दी जाती है। जिसमें ज्यादातर बच्चे भीख मांगने वाले,मुसहर एवं अति गरीब परिवार के बच्चे होते हैं जो एक पुण्य का कार्य है। सभा में प्रोफेसर एससी मिश्रा, देवव्रत जी एवं डॉ आरपी सिन्हा, स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के बड़े पुत्र आनंद शंकर ने अपने पिता की याद में कहा मेरे पिताजी हमेशा हम दोनों भाइयों को हमेशा समाज से जुड़े रहने की नसीहत देते थे और महिला शिक्षा पर बल देते थे। वे कहते थे महिलाएं जितना शिक्षित होंगी समाज उतना उन्नति करेगा क्योंकि बच्चे जो देश के भविष्य होते है उनकी प्रारंभिक शिक्षिका घर की महिलाएं ही होती है। अपने पिता जी की बातें याद करते हुए श्री शंकर ने कहा मेरे पिताजी हमेशा कहते थे मंदिर में दीप ऐसा जलाएं जिससे मस्जिद भी रोशन हो जाए। इस प्रार्थना सभा में कॉलेज की छात्राएं ज्योति विद्यापीठ के बच्चों के अलावे शहर के कई गणमान्य व्यवसायियों ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के प्रतिमा पर फूल चढ़ाया।

## दुमका की अंकिता की मौत को लेकर विद्यार्थी परिषद ने निकाला जुलूस




**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर इकाई के द्वारा दुमका में जघन्य तरीके से जलाई गई अंकिता को न्याय दिलाने के लिए विरोध मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री रामा शंकर पासवान एवं संचालन नगर सह मंत्री नितेश दुबे ने किया। कार्यकताओं के द्वारा आक्रोश मार्च की शुरूआत गणपति धर्मशाला से होते हुए पूरे बाजार में अंकिता के दोषियों को फांसी देने की मांग करते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आक्रोशित तरीके से छः महान के पास पहुंचे और वहां अंकिता को न्याय दो जस्टिस फॉर अंकिता और हेमंत सोरेन मुदार्बाद जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि झारखंड के लिए इस प्रकार की घटना सामान्य हो गई है जहां सरकार की प्राथमिकता दोषियों पर कार्रवाई करने की होती उसके विपरीत सरकार अपनी सत्ता बचाने के लिए अपने सभी मंत्रियों के साथ नाव में बैठकर वोटिंग कर रहे हैं। उनका प्रदेश के प्रति उदासीन रवैया है और इसका खामियाजा पूरा प्रदेश भुगत रहा है। जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अंकिता को न्याय दिलाने हेतु सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा और जब तक अंकिता को नया नहीं मिल जाता विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता संघर्षरत रहेंगे। जिला सह संयोजक रोहित देव ने कहा कि जिस प्रकार से समाज में इस प्रकार की घटनाएं सामान्य सी बात हो गई है यह सामाजिक सभ्यता को शर्मसार करता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चाहिए कि अपनी सत्ता बचाने का जद्दोजहद छोड़कर बहन अंकिता को न्याय दिलाने के लिए उचित कार्यवाही करें और दोषी को कठोर से कठोर दंड दिया जाए ताकि आने वाले समय में एक नजीर पेश की जा सके। परिषद की कार्यकर्ता गीतांजलि कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में छात्राएं अपने आप को असुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। राज्य सरकार छात्राओं को सुरक्षा देने हेतु प्रतिबद्ध नहीं है,यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, गीतांजलि कुमारी, अमन जयसवाल, उत्कर्ष तिवारी, प्रकाश पांडे, रंजन सिंह, राणा सिंह, सोनी कुमारी, दीपक पाठक सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अलीमादाद व टिकरी में विधायक कोटा की दो सड़कों का हुआ शिलान्यास



**हुसैनाबाद/पलामू (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव अलीमादद में अमेरिका यादव के घर से बुधन यादव के घर तक व टिकरी में स्कूल से भूषण पासवान के घर तक बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह के आग्रह पर गांव के बुजुर्गो ने दोनो सड़कों का शिलान्यास विधिवत पूजा कर व नारियल फोड़ कर लिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीपी के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष विनय पासवान ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह जो कहते हैं उसे कर के दिखाने का काम भी करते हैं। उन्होंने अलीमदद व टिकरी पर सड़क का निर्माण कार्य करा कर यह साबित कर दिया है कि वह जात धर्म की राजनीति नहीं ,विकास की राजनीति करते हैं। प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गांव गांव के कार्यकताओं से नाली सड़क आदि की योजनाएं लेकर उसमे प्राथमिकता तय करते हुए कार्य शुरू करा दिया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र की एक एक जनता को वह परिवार मानते हैं।यही वजह है की विकास कार्यों में किसी तरह का भेद भाव नजर नहीं आता। पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश राजवंशी ने कहा कि उन्हे जो प्यार और स्नेह एनसीपी नेता विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दिया वह कहीं और नहीं मिलता। उन्होंने दोनो गांव में सड़क निर्माण कराने के लिए विधायक का आभार जताया गई।

# स्पोर्ट्स



**रांची की दिव्यांग्जन टीम लातेहार के दिव्यांगजन टीम को 31 से पराजित कर चैंपियन बनी**

## लातेहार को हराकर रांची बना चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेल कूद केवल शारीरिक विकास ही नहीं, अपितु समाजिक समावेशन एवं नेतृत्व विकास में भी सहायक होते हैं एवं हमें हार के बाद ही निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह उदगार डिसएबल स्पोर्ट्स एवं जन उत्थान समिति एवं सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अरगोड़ा मंडा मैदान में आयोजित मैत्री दिव्यांगजन फुटबॉल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि रेखा पांडे,(एच.ओ.डी वेलफेयर, सी.सी.एल) ने व्यक्त किया। रांची की दिव्यांग्जन टीम लातेहार के दिव्यांगजन टीम को 31 से पराजित कर चैंपियन बनी। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य अतिथि रेखा पांडे के साथ, विशिष्ट अतिथि श्री आदिल हुसैन (मैनेजर ,स्पोर्ट्स सी.सी.एल) एवं अविराज शेखर मौजूद रहे। वही अतिथि के रूप में पूनम आनंद एवम अंतु तिर्की (संरक्षक ,डिसेबल स्पोर्ट्स एवं जन उत्थान समिति) ,गुंजन गुप्ता (सृजन हेल्प), सरिता सिन्हा सचिव, झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन), पिया बर्मन (समाज सेवी), रूपेश कश्यप (डायरेक्टर, अरगोड़ा क्रिकेट एकेडमी), राकेश पाठक (गोल्ड मेडलिस्ट , सी.सी.एल), संदीप रंजन सहाय, कमल अग्रवाल (कोडिनेटर, पैरा बैडमिंटन), वाशिम आलम मौजूद थे। राहुल मेहता (अध्यक्ष डिसेबल स्पोर्ट्स एवं जन उत्थान समिति ने दोनों टीम के कप्तान को जर्सी प्रदान किया। संस्था के सचिव मुकेश कंचन ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विगत 7 सालों से यह आयोजन सी.सी.एल के सहयोग से किया जाता है। उन्होंने सीसीएल का धन्यवाद किया।

## मेकॉन ने जीता पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**रांची(आजाद सिपाही)।** डॉ. रामदयाल मुण्डा क्रीड़ा केंद्र एवम रूम्बुल के तत्वाधान में दिनांक 23.08.22 से 30.08.22 तक डॉ. रामदयाल मुण्डा स्टेडियम, रांची में आयोजित 08वीं पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुण्डा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का समापन हो गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेकॉन बनाम बी.पी.एस.एस. दुबलिया के बीच खेला गया। खिताब पर कब्जे के लिए हुए रोमांचक खिताबी मुकाबले में मेकॉन की टीम ने बी.पी.एस.एस. दुबलिया को 01 के मुकाबले 00 गोल से हरा कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम मेकॉन की ओर से लक्ष्मीकांत ने पहला गोल किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली के लोकप्रिय विधायक व खिलाड़ियों के हृदय में एक विशेष स्थान रखने वाले शख्सियत श्री सुदेश कुमार महतो, पद्मश्री राम दयाल मुंडा की धर्मपत्नी श्रीमती अमिता मुंडा, रांची के उपनगर आयुक्त श्री कुंवर पाहन, लिटिल विंग स्कूल के निदेशक रमेंद्र कुमार, झारखंड आंदोलनकारी संजय बसु मालिक, डॉ. देवशरण भगत, डब्लू जॉन बोर्डिंग स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुफल एक्का, अध्यक्ष कृष्णा भगत, अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सतबरवा में एन एच 75 में बने गड्ढों को सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने निजी खर्चे से बनवाया



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर स्थित पुल के पास एन एच 75 पर बने गड्ढे को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के द्वारा मंगलवार को निजी खर्चे से भर दिया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि पुल के पास बने गड्ढे से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है अभी हाल ही में पोखरी गांव के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में यहीं पर मौत हो गई थी। यह सब देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते मैं इसे भरवा रहा हूं। हालांकि राजधानी का मेन रोड होने के कारण इस रोड से रोज नेता मंत्री और बड़े अधिकारी गुजरते हैं लेकिन इन जानलेवा गड्ढो पर किसी की नजर नहीं पड़ती। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, वार्ड सदस्य आशिक मियां, एएसआई कुणाल मौर्य, एएसआई कौशल किशोर दुबे सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हैदरनगर में धूमधाम से मना तीज



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर में पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए सुहागनों ने मंगलवार को तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया। सुहागनों ने पूरे दिन का निर्जला उपवास रखा।महिलाएं सज सवरकर घर में पूजा की।शंकर पार्वती की पूजा कर महिलाओं ने पति के लंबे उम्र की कामना की।इस मौके पर महिलाओं ने मेंहदी लगवाने के साथ नाच गाने के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।पंडित अरुण दुबे बताया कि सुबह संकल्प लेकर निर्जल उपवास रखा जाता है लेकिन सेहत ठीक न होने पर फलाहार भी कर सकते हैं।शाम को संपूर्ण श्रंगार में भगवान शिव और पार्वती की संयुक्त उपासना की जाती है।तीज के लिए भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की बालू रेत व काली मिट्टी की प्रतिमा बना लें।इसके बाद पूजास्थल को फूलों से सजाएं।देवताओं का आह्वान करते हुए भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश का पूजन करें।इसके बाद मां पार्वती को सौभाग्य की वस्तुएं अर्पित करें और उनसे अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करें। विवाहिता स्त्रियों को इस दिन अपनी सास को सौभाग्य की वस्तुएं देकर उनसे आशीर्वाद जरूर लेना चाहिए। तीज की रात्रि को जागरण करना विशेष शुभकारी होता है।

## हैदरनगर के शुक्र बाजार में धोती साड़ी का वितरण किया गया



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर के शुक्र बाजार स्थित जन वितरण प्रणाली की दुकान में मंगलवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन साड़ी धोती लूंगी योजना के तहत लाल व पीला कार्ड धारियों को साड़ी व धोती का वितरण जिला परिषद सदस्य संगीता देवी व पंचायत समिति सदस्य शैलू जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर जिला पार्षद संगीता देवी ने ग्रामीणों को क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने लोगों जागरूक होकर लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। पंचायत समिति सदस्य शैलू जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सुलभ तरीके से क्षेत्र की जनता के बीच पहुचाना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया की वह योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक हों और आगे आएं। मौके पर डॉ अजय जायसवाल, उपमुखिया पवन जायसवाल, जनवितरण प्रणाली के दुकानदार राजाराम साह आदि मौजूद थे।

## सुहाग की रक्षा के लिए महिलाओं ने किया हरितालिका तीज का व्रत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सुहाग की रक्षा व अखंड सौभाग्यवती के लिए हुसैनाबाद में महिलाओं ने हरितालिका तीज का व्रत रखा। महिलाओं ने निर्जला व्रत धारण कर भगवान शिव माता पार्वती व भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना अपने घर व नजदीकी मंदिरों में किया। पति के दीघार्यु एवं घर-परिवार में सुख-शांति, समृद्धि की कामना की। जपला रेलवे स्टेशन स्थित आशुतोष धाम मंदिर, महावीर जी मंदिर, श्री चारधाम मंदिर, दुर्गा मंदिर, बाबा विश्वनाथ भास्कर मंदिर के अलावे क्षेत्र के अन्य मंदिरों में पुजारियों द्वारा हरतालिका तीज का पूजा कराया गया।

## हैदरनगर में किसान ब्रिगेड ने दिया धरना



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने सहित 11 सूत्रीय मांग को लेकर किसान ब्रिगेड के तत्वाधान में हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के समक्ष मंगलवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। अध्यक्षता किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.)संजय कुमार सिंह ने की। धरना को संबोधित करते हुए कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र सहित पूरा पलामू जिला वर्षा नहीं होने के कारण किसानों के बिचड़े खेत में ही सूख गए है। भदई फसल की बुआई हुई ही नहीं। इस क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस क्षेत्र का पानी उत्तर कोयल नहर से होते हुए बिहार को सिंचित कर रही है। यह के किसान चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। यदि सरकार मांग नहीं मानती है, तो पूरा पलामू जिला के किसान मिलकर भीम बैराज से निकलने वाली उत्तर कोयल नहर का गेट बंद कर देंगे। काशीसोत सिंचाई परियोजना अधर में लटका हुआ है। और जीरो आर.डी. सिंचाई परियोजना की फाइलें धूल फांक रही हैं। किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने अभी तक पलामू जिले को अकाल क्षेत्र घोषित नहीं की है। यह सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। राज्य में प्रति एकड़ दिए जाने वाला राहत राशि भी पर्याप्त नहीं है। इसमें सरकार को बढ़ोतरी करने की जरूरत है। पशुओं का चारा किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। किसान को अपनी जमीन का रसीद कटवाने के लिए महीनो अंचल कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। उनसे बाबुओं के द्वारा मोटी रकम मांगी जा रही है। सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है।आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के लिए लोग कर्ज लेकर रिश्वत दे रहे हैं। बिजली विभाग अनावश्यक पेनाल्टी लगाकर बिल का वसूली कर रहा है। कर्नल संजय सिंह ने कहां कि गरीब और मजलूमो पर अत्याचार एक दिन ज्वाला बन कर उठेगा। वह उनको न्याय और हक अधिकार दिलाने के लिए कोई भी आंदोलन करने को तैयार हैं। धरना के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्रीय मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। धरना में किसान ब्रिगेड के सह संयोजक भुनेशवर प्रसाद सिंह, किसान नेता अयोध्या सिंह टिकैत, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, जितेंद्र पासवान गोपाल प्रजापति, खैरूल निशा के अलावा भारी संख्या में मताएं बहनें तथा मजदूर किसान उपस्थित थे।

## यूकेजी कक्षा के छात्र की प्रधानाध्यापक ने बेरहमी से की पिटाई, परिजनों ने की कारवाई की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के एक निजी बिद्यालय के प्रधानाध्यापक सह व्यवस्थापक द्वारा यूकेजी कक्षा के छात्र की गर्म लोहे की राड से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है।यह घटना शहर के लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल का है।इस संबंध में हुसैनाबाद प्रखंड के कुशा नारायण पुर गांव निवासी छात्र के पिता मोहम्मद तस्लीम शाकिन ने हुसैनाबाद महिला बाल संरक्षण थाना को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है।दिए गए आवेदन में बताया है कि मेरा पुत्र अब्दुल समद लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में यूकेजी में का छात्र है।मंगलवार को भी प्रतिदिन की तरह बिद्यालय गया था।घर आने के बाद पुत्र ने रोते हुए बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक शषिकेश कश्यप ने लोहे के गर्म रड से बेरहमी से पिटाई किया। जानकारी के अनुसार विगत दिनों शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी के दौरान बच्चे की माँ ने प्रधानाध्यापक से बच्चे द्वारा मोबाइल से खेलने की शिकायत की थी।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को कार्मेल स्कूल डिगवाडिह में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम दिन मंगलवार को बास्केटबॉल खेल का आयोजन किया गया। इस खेल में स्कूल के 2 टीम बनाई गई जिसमें दोनों टीमों का नाम ब्लैक पैंथर एवं ब्लू व्हेल रखा गया। प्रतियोगिता में थ्री क्वार्टर मैच करवाया गया जिसमें ब्लू टीम ने ब्लैक टीम से मुकाबला कर 17/3 पॉइंट से जीत हासिल की। इस बीच स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सिल्वी एवं उपप्राचार्य सिस्टर प्रिस्का ने दोनों टीमों एवं खेल शिक्षक अमित साव को बधाई दिये एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए एवं यह भी कहां की अगले दिन 31 अगस्त को शिक्षक एवं स्टूडेंट्स के बीच बास्केटबॉल का प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। साथ ही साथ लबोरी (पिट्टो) गेम का भी आयोजन भी किया जायेगा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्कूल के अनेक शिक्षक शिक्षिका भी मौजूद रही। यह प्रतियोगिता स्कूल के खेल शिक्षक अमित साव एवं चंदन बावरी की देखरेख में संपन्न हुई।

## चंदनक्यारी के लोगों को वेदांता से रोजगार की आस थी ना कि प्रदूषण की: उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चंदनिकयारी में वेदांता के प्रदूषित पानी से इजरी नदी के पानी को प्रदूषण से बचाने के लिए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने मंगलवार को उपायुक्त से मिलकर मांग पत्र सोपा। उन्होंने कहा कि वेदांता एलस्ट्रोस्टील के स्थापना से क्षेत्र के लोगों को बहुत उम्मदी थी। हर बेरोजगार को आश बंधी थी कि वेदांता जीविकोपार्जन का एक मजबूत स्रोत बनेगा। लेकिन अर्जन तो कुछ हुआ नही, प्लांट का धुआं और प्लांट का उपयोग किया प्रदूषित पानी से इजरी नदी का पानी दूषित होने से लोग कई बीमारियों के शिकार हो गये हैं। इलाज में खर्च जरूर बढ़ गया है। बीमारी और इलाज में अनुचित खर्च वहन का बोझ चंदनिकयारी वासी क्यों उठाएं उन्होंने कहा कि वेदांता को स्टील मेकिंग के प्रोसेस में लाखों लीटर पानी की जरूरत होती है। स्टील मेकिंग के उपयोग का पानी का स्टोर के लिए वेदांता ने कुछ बनाया नही है। सीधे इजरी नदी में प्रभाव कर दे रहा ,जिससे इजरी का पानी इतनी दूषित हो गया है कि उपयोग करने वाले कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सरकार इस पर अबिलम्ब रोक लगाये। वेदांता को निर्देश दिया जाय कि बड़ा बांध बनाकर वेदांता प्रोसेस वाटर को स्टोर करे और ट्रीटमेंट कर पुनः प्लांट में उपयोग करे। श्री रजक ने उपायुक्त से क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए रोजगार का रास्ता वेदांता को खोलने के लिए निर्देश जारी करने का अपील किया। कहा झारखंड सरकार ने राज्य के निजी के उद्योगों के 40 हजार रूपया तक के वेतन वाले पदों पर 75% स्थानीयों को बहाल का कानून बनाया है। उसे वेदांता में लागू करवायें। मौके पर जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा,उपाध्यक्ष नरेश महतो आदि उपस्थित थे।

## नाराज विधायक बोकारो इस्पात संयंत्र के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठे

# विधायक बिरंची नारायण ने खोला मोर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के खिलाफ बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने मोर्चा खोल दिया है। विधायक अपने सहयोगियों के साथ मंगलवार को बोकारो प्लांट के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गये। धरने पर बैठे विधायक के सहयोगियों ने बीएसएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इधर बीएसएल प्रबंधन ने जिला प्रशासन को इसकी सूचना दे दी है, साथ ही डीआइजी-सीआइएसएफ को प्लांट के मेन गेट पर सिक्योरिटी बढ़ाने को कहा है। विषम है, क्योंकि बिरंची नारायण झारखंड विधानसभा विरोधी दल के मुख्य सचेतक भी है। जैसे-जैसे भाजपाइयों को बीएसएल के खिलाफ विधायक के धरने पर बैठने की सूचना मिल रही है, लोग धरना स्थल पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि विधायक ने अपने प्रतिनिधि और सिक्योरिटी के साथ बीएसएल प्रबंधन से मंगलवार को प्लांट के अंदर जाने के लिए पास मांगा था। इस पर बीएसएल प्रबंधन ने एक सिरे से यह कहते हुए नकार दिया था कि विजिटर के रूप में अकेले विधायक को पास मिलेगा पर उनके सहयोगी को जाने के लिए नियमानुसार पास नहीं दिया जायेगा। डायरेक्टर इंचार्ज, अमरेंदु प्रकाश ने खुद विधायक को फोन करके उनको अकेले प्लांट जाने के लिए पास देने की बात कही थी पर विधायक अड़ गये और अपने प्रतिनिधि और सिक्योरिटी के लिए भी पास मांगा। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को मंगलवार दोपहर 12 बजे तक पास देने का वक्त दिया था। इसके बाद वह प्लांट के गेट पर पहुंचे तो उन्हें एंट्री नहीं मिली। गुस्से में विधायक अपने सहयोगियों के साथ वहीं धरने पर बैठ गये।

### दो साल में प्लांट के अंदर 3 दर्जन से ज्यादा घटनाएं हुई

विधायक ने कहा कि पिछले दो साल से वह बीएसएल के खिलाफ कई मुद्दों पर धैर्य रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि चाहे वह बीजीएच हो या एयरपोर्ट हो या विस्थापित का मुद्दों हो सब पर बीएसएल प्रबंधन ने झूठ बोला है। पिछले दो साल में प्लांट के अंदर 3 दर्जन से ज्यादा छोटी-बड़ी घटनाये हुई हैं। प्लांट की स्थिति जर्जर है। इसके अलावा मजदूरों को हक नहीं मिलता है। मजदूरों की सेफ्टी नगण्य है। विधायक ने कहा कि मैं चाह रहा था कि प्लांट का भ्रमण कर जो भी कमी-बेसी है उसे देखूं। मैं केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योति राजे सिंधिया से सितंबर में मिलने का समय मांग रहा हूं। उनसे मिलकर बीएसएल प्लांट के स्थिति की बात बताऊंगा ताकि यह प्लांट को बचाया जा सके। कुछ दिनों पहले विधायक बिरंची नारायण ने बीजीएच का भी दौरा किया था और वहां के खामियों को उजागर किया था। साथ ही बीएसएल द्वारा खुले में कचरे डंप करने को लेकर आवाज उठायी थी। बोकारो विधायक ने फोन के माध्यम से डारेक्टर इंचार्ज से बात की। इंचार्ज के इस रवैये से नराज होकर गेट के समीप धरना मैं बैठ गये। बोकारो इतिहास में यह पहली बार हुआ कि जनप्रतिनिधि को अंदर जाने के लिये पास की प्रक्रिया शुरू हुई तथा अंदर जाने नहीं दिया गया। धरना स्थल पर बीएसएल प्रबंधन द्वारा इडी पी एंड संजय कुमार पहुंचे उन्होनें कहा कि आप मेरी गाड़ी मैं बैठकर प्लांट का दौरा कर लीजये मगर किन्ही ओर को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। बोकारो विधायक ने इस प्रस्ताव को नकार दिया। कुछ देर बाद चास बीडीओ मिथलेश चौधरी ने पहुंच कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली ओर चास अनुमंडल पदाधिकारी को सूचित किया। एसडीओ ने पहुंच कर बोकारो विधायक से जानकारी ली ओर बोकारो विधायक ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन का मनमाना रवैया है। आज पास के लिए जनप्रतिनिधि को धरना मैं बैठने के लिए मजबूर किया गया। जबकि पूर्व कभी भी पास की आवश्यकता नहीं होती थी। बोकारो विधायक ने कहा कि बोकारो उपायुक्त पहल करेंगे तभी धरने को समाप्त की जायेगी।

### विधायक ने पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया

उपायुक्त से मिलकर बोकारो विधायक ने पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया और एक पत्र सौंपा जिसमे बिंदुवार बताया कि वो प्लांट निरीक्षण के लिए क्यों जाना चाहते थे। इसपर उपायुक्त ने कहा कि जब प्लांट घूमने वालों को अंदर जाने दिया जाता है, और पूर्व में भी विधायक अंदर गये हैं तब प्रबंधन को एक जनप्रतिनिधि को रोकना सही नहीं है। इस पूरे विषय पर उन्होंने जांच कराने की बात कही है धरना स्थल मे शशिभूषण ओझा 'मुकुल', दिलीप श्रीवास्तव, संजय त्यागी, के के बोड़ाल, त्रिलोकी सिंह, माथुर मंडल, महेंद्र राय, धिरज झा, मुकेश राय, सुजीत चक्रवर्ती, बिनय किशोर, मनोज सिंह, अनिल सिंह, पन्नालाल कांदू, टिंक तपाड़िया, हरीश सिंह, पियूष आचार्य, बैधनाथ प्रसाद, सनातन सिंह, सुभाष प्रसाद सिंह, विककी राय,चंद्रशेखर सिंह, मंजीत सिंह, अमित सिंह, ऋषव राय, प्रकाश प्रमाणिक, गोलू उपाध्याय, राजीव मालाकर, सत्येंद्र गुप्ता, मंजीत सिंह, सरदार तेजपाल सिंह, भोला साव, राजू गुप्ता, बंटी, अरविन्द सिंह, निमाई महाथा, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

# बीसीसीएल कार्यालय में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय कवि मैथिली शरण गुप्त के चित्र पर महाप्रबंधक एके दत्ता द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक दिलीप कुमार भगत, प्रबंधक कार्मिक रामानुज प्रसाद, नोडल अधिकारी राजभाषा पिंकी कुमारी, तरकेस्वर रजक, रूबी पासवान और अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत कोल इंडिया के गीत और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार भगत ने सह संचालन नागेंद्र कुमार ने किया।

### हिंदी में कार्य करना है सरल : महाप्रबंधक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी बहुत ही सरल भाषा है। हिंदी में कार्यालय का कार्य आसानी से किया जा सकता है। कोयला भवन से आये हिंदी अधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कंप्यूटर में हिंदी में कार्य करने की प्रक्रिया बतायी। इस क्रम में कोयला भवन से आये अधिकारी अनिरुद्ध नोनिया ने कंप्यूटर पर विभिन्न प्रकार के की-बोर्ड में हिंदी में कार्य करने के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में राकेश कुमार, देवेंद्र कुमार साव, कुणाल प्रसाद, सुमित बनर्जी, किशोर कुमार, सुनील झा सहित कुल 29 प्रतिभागी शामिल हुए।

## बरोरा के झगराही में बंद आवास का ताला तोड़ लाखों की चोरी, जांच में जुटी बरोरा पुलिस



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बरोरा थाना क्षेत्र के झगराही बस्ती निवासी विप्लव पांडेय के बंद घर का ताला तोड़कर सोमवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय गृहस्वामी विप्लव पांडेय पूरे परिवार के साथ कोलकाता गये हुए थे। भुक्तभोगी विप्लव पांडेय ने कोलकाता से ही दूरभाष पर बरोरा पुलिस को घटना की सूचना दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार की देर रात मेरे घर मे चोरी हो गयी है वे अभी कोलकाता में है। ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी है की घर का ताला और इंटरलॉक टूटा हुआ है। अलमारी का लॉक भी तोड़ा गया है घर का सारा सामान तितर-बितर बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखा स्वणार्भूषण सोना का चैन 1 पीस, अंगूठी 2 पीस, सोना का लॉकेट 1 पीस, चांदी की पायल 2 जोड़ा, बेरा 2 जोड़ा, सिक्के 10 पीस एंव नगद 15 हजार की चोरी हुई है, साथ ही चोर गैस चूल्हा, गैस सिलेंडर तथा पानी का मोटर और इंडक्शन भी साथ लेते गये है। वही सूचना पर बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पूछने पर बताया की जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

## अखिल भारतीय भुइया कल्याण समिति ने मनायी माउंटेन मैन दशरथ मांझी की 15वीं पुण्यतिथि



**झरिया/घनुडीह (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति ने मंगलवार को घनुडीह दुगार्पुर लालमैदान में पर्वतपुरुष दशरथ मांझी की 15वीं पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत दशरथ मांझी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं अपने अपने विचार रखे। अखिल भारतीय भुइया कल्याण समिति के जिलासचिव देवीलाल भुइया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दशरथ मांझी का कार्य बिहार, झारखंड ही नहीं बल्कि देश एवं दुनिया के लिये प्रेरणादायक है। कहा कि दलित समाज के लिए माउंटेन मैन दशरथ मांझी प्रेरणा के स्रोत है। मौके पर गौरी कुमार चैता, दिलीप भुइयां, रविंद्र प्रसाद, राजा राम भुइयां, जगदीश भुइयां, महेंद्र भुइयां, शिवदत्त राम, निरंजन कुमार, कैलाश रजक, राजेंद्र प्रसाद, भीम निषाद, कहैया भुइयां, हरेराम भुइयां, राजेश भुइयां, कन्हैया कुमार भुइयां, किशोर भुइयां आदि उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की बैठक



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को निरसा अंसार मुहल्ले में झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया, संयोजिका संघ की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में रसोईया संघ के सदस्यों ने कहा कि हमलोग कई वर्षों से सरकारी स्कूलों में कडी मेहनत मजदूरी करते आ रहे हैं लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकार ने हमलोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर रखा है। एक तो मानदेय राशि कम है और समय पर मानदेय भी नहीं मिलता है। बैठक के माध्यम से रसोईया संयोजिका को स्थाई किये जाने, हर माह समय पर मानदेय भुगतान किये जाने, कोरोनाकाल में मृतक रसोइया, संयोजिकाओं को तत्काल मुआवजा भुगतान करने की मांग की गई। वही आगामी नवंबर माह में झारखंड राज्य रसोइया-संयोजिका संघ का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन करने एवं आगामी फरवरी माह में पटना में आयोजित भाकपा माले की 11वें महाधिवेशन में बढ़चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया। मौके पर संघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा,अनिता देवी, बबिता देवी, सुनीता देवी, रेहाना खातून, पर्वती देवी, सरोज देवी, निर्मला देवी, बेबी देवी, मालती देवी, सिका पाल, उमा देवी, साधना देवी, बिंदु देवी, परी देवी आदि लोग शामिल थे।

# ग्रामीणों ने की सड़क जाम, 44 घंटे बाद सुचारू हुई विद्युतापूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत बिराजपुर बस्ती के ग्रामीणों और विद्युत विभाग के बीच 11 हजार भोल्ट का तार जोड़ने को लेकर उपजा विवाद मंगलवार को विभाग के द्वारा दिये गये लिखित सहमति के बाद समाप्त हो गया और तार जोड़ने एवं गार्डवाल लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी। विद्युत कर्मियों के अथक प्रयास से 44 घंटे बाद मंगलवार की शाम 5 बजे विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल कर दी गयी। इसके पूर्व बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो बिराजपुर बस्ती पहुंचकर पीड़ित ग्रामीणों से घटना की जानकारी लिया और विद्युत विभाग के जीएम से दूरभाष पर बातचीत कर अविलंब कार्य को गति देने और ग्रामीणों की क्षतिपूर्ति प्रक्रिया के तहत ग्रामीणों की मांग को आगे बढ़ाने की बात कही। इधर आदेश मिलते ही विधुत विभाग के कर्मचारी अपने काम मे लग गये। वही विद्युत विभाग अपने लिखित आश्वासन में शॉटशर्किट से ग्रामीण के घरों में हुए नुकसान का आकलन कर तीन दिनों के भीतर अंचल अधिकारी को अग्रेषित किये जाने की बात कही है और छह माह के भीतर नियमानुसार मुआवजे की पहल शुरू की जायेगी। इसके साथ ही पीएससी पोल प्रतिस्थापन कार्य की प्रक्रिया की जायेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गार्ड वायर लगाने तथा 11 हजार का केबल उपलब्ध होते ही आवश्यकता अनुसार अंडरग्राउंड करने जैसी बातें शामिल है।



### परेशान ग्रामीणों ने की सड़क जाम

वही रविवार की रात से लगभग 45 गांव मे बिजली नही रहने से परेशान होकर ग्रामीणों ने बाघमारा चौक, हरिणा नेहरु चौक तथा जमुआटांड चौक पर रोड जाम कर जल्द से जल्द बाघमारा फिडर से जुडे सभी गांव में बिजली की मांग करने लगे। रोड जाम की वजह से जगह पर वाहनो की जमावड़ा लग गई थी जिससे उस मार्ग चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ गया। कुछ बुद्धिजीवी वर्ग की पहल पर लगभग दो घंटे के बाद रोड जाम समाप्त हुई।

### रविवार को शॉर्ट सर्किट से घटी थी घटना

ज्ञात हो कि बीते रविवार की देर रात बिराजपुर बस्ती के समीप से गुजरे 11 हजार बोल्ट का तार टूटकर बस्ती में गये बीसीसीएल की लाइटिंग तार पर गिर गया। जिससे भयंकर शॉटशर्किट के कारण बिराजपुर और पांडुआभीठा बस्ती के दर्जनों घरों का टीवी, फ्रीज, बल्ब सहित अनेक बिजली से चलने वाले इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गये साथ ही दो लोग बिजली के झटके से बेहोश होकर गिर गये थे। बिजली प्रवाह से जख्मी कन्हाई महतो और सचिन कुमार को स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया था।

# दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेगा 5 हजार और प्रशस्ति पत्रः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सड़क दुर्घटना में घायल किसी अनजान व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले नेक इंसान को राज्य सरकार द्वारा अब पांच हजार रुपये इनाम एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। राज्य सरकार ने गुड सेमेरिटन को कानूनी पेंचदगियों से बचाने के अलावा सम्मान स्वरूप पांच हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान किया है, ताकि लोग सड़क दुर्घटना में घायल की बिना किसी डर के तत्काल मदद कर उनकी जान बचाने में मददगार बन सकें। इसको परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा झारखंड सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस बाबत डीसी कुलदीप चौधरी ने मंगलवार को जिलावासियों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी अनजान व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने का काम करें। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने तथा सुनहरा घंटा (गोल्डेन आवर) में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिये पांच हजार नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति



पत्र प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल में पहुंचाता है तो उसे जानकारी नोट करवाने के बाद तुरंत ही अस्पताल से जाने दिया जायेगा। उससे ज्यादा पूछताछ नहीं की जायेगी। सड़क दुर्घटनाओं में लोग गंभीर घायल होते हैं। अक्सर आम लोग कानूनी कार्रवाई की डर से सहायता करने से कतराते हैं। कई बार इससे घायल को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती। जबकि शुरूआती समय (गोल्डेन आवर) उसके लिए बेहद खास होता है। पुलिस उनसे सामान्य जानकारी के अलावा अन्य पूछताछ नहीं करेगी एवं न ही पुलिस थाने आने के लिए बाध्य करेगी। अस्पताल में घायल को पहुंचाने वालों से घायल के उपचार के लिए पैसों की मांग नहीं करेंगे। साथ ही, उपचार भी तत्काल शुरू करना होगा।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**सूचना**

माननीय झालसा, राँची के निर्देशानुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा Legal Aid Defense Counsel System ( LADCS) के लिए निम्नांकित पदों पर अनुबंध पर नियुक्ति हेतु दिनांक : 05/09/2022 को शाम 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel | 1 (एक) |
| 2. | Assistant Legal Aid Defense Counsel | 1 (दो) |

इच्छुक उम्मीदवार दिनांक : 05/09/2022 को शाम 05:00 बजे तक विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक अथवा हाथों हाथ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी (योग्यता, मानदेय एवं अन्य सेवा शर्तें आदि) माननीय झालसा, राँची के वेबसाइटः https://www.jhalsa.org/ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

आदेशानुसार
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 276750 (Law) 22-23 (D)



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
(समाज कल्याण शाखा)
*Email*- awc3.monitoring@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा संचालित निःशक्त कल्याणार्थ योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए गुमला जिले के विभिन्न प्रखण्डों के दिव्यांगजनो को विशेष यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में दिनांक- 13.09.2022 पूर्वाहन 11:30 बजे तक निविदा सामग्रियों के नमूने के साथ जमा करेंगे। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपराहन 3:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, निविदा खोलने के समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

निविदादाता को "तकनीकी बीड" एवं "वित्तीय बीड" का अलग-अलग मुहरबंद लिफाफा में देना अनिवार्य होगा। लिफाफे के ऊपर "तकनीकी बीड" एवं "वित्तीय बीड" स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। दोनो लिफाफे को पुनः एक लिफाफे में डालकर सीलबन्द कर तथा नमूना के साथ जमा करना अनिवार्य होगा, जिस पर निविदादाताओं का नाम, पता एवं मोबाईल न० स्पष्ट रूप से दर्ज हो। उन निविदादाताओं का ही "वित्तीय बीड" खोला जायेगा जो "तकनीकी बीड" में सफल होंगें।

विशेष यंत्र एवं उपकरणों के नाम निम्न है:-

| क्र०स० | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 01 | ट्राईसाइकिल (वयस्क) |
| 02 | व्हील चेयर (वयस्क) |
| 03 | बैशाखी (वयस्क) |
| 04 | बैशाखी (मध्यम) |
| 05 | श्रवण यंत्र V code |
| 06 | श्रवण यंत्र S code |
| 07 | ब्लाईण्ड स्टिक |
| 08 | ब्लाईण्ड चस्मा |
| 09 | बैट्री चलित ट्राईसाईकिल |

निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें गुमला जिला के वेबसाईट gumla.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला। उप विकास आयुक्त, गुमला। उपायुक्त, गुमला।

PR 276714 Welfare(22-23)D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


# आदर्श स्कूल 12वीं, 10वीं और जेइइ मेंस परीक्षा में सफल छात्र सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने लोक सेवा भवन के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में ओडिशा मॉडल स्कूल के 12वीं, 10वीं और जेईई मेन परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। ओड़िशा के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य के हर ब्लॉक और भुवनेश्वर में एक प्रतिष्ठित आदर्श स्कूल है। पदोन्नत किये गये मेधावी छात्रों में मयूरभंज जिले के झारगांव आदर्श स्कूल के आदर्श साहू, कोरापुट जिले के कोटपाड़ आदर्श स्कूल के ओम आर्यन विश्वाल, गंजाम जिले के पितापल्ली आदर्श स्कूल के उत्कल पटनायक, कलाहांडी जिले के मशानिमुंडा आदर्श स्कूल के दिबेन्दु साहानाई , केंदुझर जिले में सालपड़ा आदर्श स्कूल के हेमंत बेहरा, गंजाम जिले के सोरडा आदर्श स्कूल के शुभम प्रसाद गौड़, गंजाम जिले के साशनमा गांव आदर्श स्कूल की सुमन कुमारी महाराणा, मयूरभंज जिला झरगांव आदर्श स्कूल की सरिता मार्डी, मयूरभंज जिले की रानिबोल आदर्श स्कूल की मानस महोदधी पूर्ति, कोरापुट जिले के माछरा आदर्श स्कूल के स्वस्तिक आदित्य रंजन सामिल थे। ये सभी जेईई मेन परीक्षा में सफल हुए हैं।

इसी तरह सीबीएसई कक्षा -12 परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट छात्र थे - क्योंझर जिले की सालपड़ा आदर्श स्कूल की ईशानी बिशोई, गंजाम जिले के सिद्धेश्वर आदर्श स्कूल के एस.अनुभव दोरा, गंजाम जिले के करापल्ली आदर्श स्कूल के एम. मोहित रेड्डी, कोरापुट जिला के कोटपाड़ आदर्श स्कूल की ओम आर्यन विस्वाल, गंजाम जिले के सिद्धेश्वर आदर्श स्कूल के सिपद यज्ञ प्रसाद आचारी।

इसी तरह सीबीएसइ कक्षा 10वीं की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले छात्र थे - कलाहांडी जिले के मुशीगुडा आदर्श स्कूल की सुधन्या पति, मयूरभंज जिले के गरुड़बसा आदर्श स्कूल की बैवस्वेता आचार्य को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बच्चों से आदर्श स्कूल में उनके अनुभव के बारे में पूछा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों से चर्चा के बाद मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वीके पांडियन ने मॉडल स्कूल में शिक्षण को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जाये, इस पर छात्रों से प्रतिक्रिया मांगी। इसके अलावा शिक्षा मंत्री समीर दास, आदर्श स्कूल संगठन के अध्यक्ष उपेंद्र त्रिपाठी ने उद्बोधन दिये। विभागीय सचिव अश्वथी एस ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक सचिव सुरेश चंद्र महापात्र, उन्नयन आयुक्त प्रदीप जेना, वरिष्ठ अधिकारी एवं छात्रों के अभिभावक उपस्थित थे।

## खोरधारोड मंडल ने राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** खेल और शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाने के उद्देश्य से, खोरधारोड मंडल ने राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजन के दौरान पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम, खोरधारोड में एक प्रदर्शनी वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसमें रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ भाग लिया। इसके अलावा खेल के महत्व को बढ़ावा देने और रेल कर्मचारियों एवं उनके बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय होने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड ने अंगुल में रेल कर्मचारियों के लिए एक क्रिकेट मैच का तथा पलासा में रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए बैडमिंटन टूर्नामेंट का और खोरधारोड में कर्मचारि तथा बच्चों लिए बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

अमितेश आनंद, खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधारोड के मार्गदर्शन में पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस की सभी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## वेदांत एल्युमीनियम ने जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने का संकल्प लिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर वेदांत एल्युमिनियम ने अपने संचालन के क्षेत्रों में और उसके आसपास स्थानीय समुदायों की युवा प्रतिभाओं की भागीदारी के साथ जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने का संकल्प लिया। वेदांत एल्युमिनियम झारसुगुडा और लांजीगढ़ कलाहांडी जिला के आसपास के क्षेत्रों में कई खेलालियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सक्रिय रूप से भाग लिया। खेल युवाओं के समग्र विकास का अंग है। कंपनी स्थानीय समुदायों के युवाओं को उनके जुनून को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। समानांतर रूप से यह राष्ट्रीय खेल क्षेत्र में ग्रामीण समुदायों के प्रतिनिधित्व को बढ़ाबा के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है।

## खोरधारोड मंडल का 67वां रेलवे सप्ताह पुरस्कार समारोह




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खोरधारोड मंडल ने 67वां रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह रेतंग कॉलोनी, रेलवे कल्याण मंडप में मनाया गया। इस अवसर पर खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय मुख्य अतिथि थे। शुभलक्ष्मी जेना, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन खोरधारोड, कल्याण पटनायक अपर मंडल रेल प्रबंधक और अशोक कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई। रिंकेश रॉय ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके दृढ़ संकल्प और प्रगतिशील रवैये के साथ कर्तव्यों के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी। खोरधारोड मंडल को क्षेत्रीय स्तर पर रेल सप्ताह समारोह, 2022 के दौरान 08 दक्षता शील्ड प्राप्त हुई। समारोह में खोरधारोड मंडल के कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी और सराहनीय सेवा के लिए 95 ग्रुप-सी कर्मचारियों, 40 ग्रुप-डी कर्मचारियों और 14 ग्रुप को, मेरिट पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। पुरी रेलवे स्टेशन ने मेजर यार्ड के लिए संरक्षा शील्ड जीती और बुढापंक रेलवे स्टेशन ने माइनर यार्ड के लिए संरक्षा शील्ड जीती। सहायक मंडल अभियंता/जाजपुर केंदुझर रोड ने इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड जीती। पहली बार रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ रेलवे संस्थान शील्ड पेश किया गया और रेलवे संस्थान, कटक ने यह शील्ड हासिल किया। रंजन कुमार मोहंती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधारोड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पूर्व तट रेलवे के विशिष्ट रचनाकार सम्मानित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भौतिकी संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स), भुवनेश्वर के ऑडिटोरियम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 71वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिक नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। इसके अंतर्गत भुवनेश्वर-स्थित सभी केंद्र सरकार के कार्यालयों द्वारा प्रदत्ता रचनाएं प्रकाशित हुईं। अनंत किशोर बेहेरा, नराकास-अध्यक्ष-सह-प्रधान महालेखाकार के कर-कमलों द्वारा पूर्व तट रेलवे के पांच विशिष्ट रचनाकारों शैलेंद्र कपिल, पूर्व प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी; विक्रमादित्य सिंह, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी; तपस्विनी महानंदिया, कार्यालय अधीक्षक; आशीष कुमार साह, कंसोल संचालक एवं रामा शंकर प्रसाद, कार्यालय अधीक्षक को इस समारोह में ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह अत्यंत गौरव के क्षण रहे, जब नराकास के तत्वावधान में प्रकाशित उक्त पत्रिका में पूर्व तट रेलवे की सर्वाधिक रचनाएं प्रकाशित हुईं। भविष्यव में रेलवे के रचनाकारों के इस भावमय समागम का स्त्रोत निरंतर प्रेरणा-स्वरूप प्रवाहित होता रहेगा।

## नुआखाई के दिन छुट्टी की घोषणा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने गणपर्व नुआखाई के मौके पर पश्चिम ओड़िशा में छुट्टी की घोषणा की है। 1 सितंबर को बैंक बंद रखने की घोषणा की गयी है। सरकार ने बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को बंद करने का घोषणा किया है। राजस्व एवं आपदा राहत विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं: (1). ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–48–22–23 एकल पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) और मिट्टी जाँच का कार्य का संचालन और/ अन्य संचरना के आरेखण के लिए विभिन्न परियोजना के संदर्भ में **1.** हजारीबाग–कटकमसान्डी दोहरीकरण (25किमी) **2.** डेमू –कैप्टीव टयूब माइंस कनेक्टिविटी (13 किमी) **3.** शिवपुर –घटटी–बरियातू/ केरंधरी नई लाइन (15 किमी), **4.** निजी कोयला खदानों (15 किमी) को जोड़नें के लिए बेस गोलिदलपारा नईलाइन परियोजना **5.** निजी कोयला खानों को जोड़नें के लिए चेतर–राजबार डी एंड ई नई लाइन परियोजना (14 किमी) **6.** निजी कोयला खदानों (15 किमी) को जोड़ने के लिए बेस – रोहने ब्लॉक नई लाइन परियोजना। **7.** महुआमिलन – जीएमआर, छतीसगढ एनर्जी लिमिटेड गणेशपुरा पूर्व मध्य रेलवे की प्राइवेट कोल माइंस (22 किमी) को जोड़ने के लिए नई लाइन परियोजना के लिए कार्य।

**अंकलित मूल्य (रू०) :** 2,25,47,138.84, **अग्रधन राशि (रू.)** : 2,62,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 16.09.2022 15.30 बजे।** ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0933/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/22-23/56

## हार्वर्ड यूनिवर्सिटी फेलोशिप के लिए किम्स के डॉ प्रणब महापात्र का चयन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने कार्डियोवास्कुलर हेल्थ प्रोग्राम में बर्नार्ड लोन स्कॉलर्स के लिए कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (कीम्स) के मनोचिकित्सा में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रणब महापात्र को चुना है। कार्यक्रम एक विकासशील देश में पूर्णकालिक पदों के साथ स्वास्थ्य पेशेवरों का चयन और प्रशिक्षण दिया जाता है और पुरानी बीमारी की रोकथाम में अनुसंधान, शिक्षण, या नीति कार्य का एक अलग ट्रैक रिकॉर्ड है। कार्यक्रम के लिए चुने जाने वाले ओडिशा के पहले चिकित्सक और दूसरे व्यक्ति डॉ. महापात्र थे। वह समुदाय-आधारित शोध पर काम करता है - देखभाल की तलाश में लोग अपनी बीमारियों और उनकी चुनौतियों का प्रबंधन कैसे करते हैं। कार्यक्रम विकासशील देशों में हृदरोग और मनोसामाजिक तनाव और प्राथमिक देखभाल में सुधार के लिए अनुसंधान का सह्योग करता है। चयन प्रक्रिया कई स्क्रीनिंग चरणों में थी। कार्यक्रम के निदेशक प्रो. गुडार्ज.दानाई द्वारा एक अंतिम साक्षात्कार ऑनलाइन आयोजित किया गया था। 2022 के लिए दुनिया भर से छह आवेदकों को चुना गया था।

## पूर्व तट रेलवे ने राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** हर किसी के जीवन में खेल और दैनिक गतिविधियों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की 117 वीं जयंती को स्मरण करने के लिए पूर्व तट रेलवे ने सोमवार को अपने मुख्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए शरद कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक (स्वतंत्र प्रभार) पूर्व तट रेलवे ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस देश के खेल नायकों और आजीवन खिलाड़ियों और देश को गौरव दिलाने में उनके योगदान और समर्पण को समर्पित है। यह दिन खेल के मूल्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता हैः अनुशासन, दृढ़ता, खिलाड़ी भावना, टीम वर्क और बड़े पैमाने पर जनता को खेलों को अपनाने और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना। राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के लिए रेलवे कर्मचारियों विशेष रूप से पूर्व तट रेलवे के क्रीड़ाबीत और क्रीड़ा कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। खेल/फिटनेस गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष मानस कुमार पोद्दार सहित विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संचालन ईकोर्स के संपादक अशोक कुमार मिश्र ने किया।

## अंकिता के साथ घटी घटना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि नाबालिक लड़की अंकिता के साथ इस प्रकार जघन्य अपराध देश को झकझोर कर रख दिया है। किसी के घर में घुस कर जबरदस्ती इस प्रकार का घटना को अंजाम देना पुलिस के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। श्री सिंह ने डीजीपी से अनुरोध किया है कि इसमें अनुसंधानकर्ता, जो पूरी ईमानदारी से वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान में माहिर है, उसको इस काम में लगाना चाहिए। लड़की ने मरने के पूर्व जो स्टेटमेंट दिया है, वह साक्ष्य काफी है। जो इस कांड के अनुसंधानकर्ता हैं, इनको किसी और काम में नहीं लगाना चाहिए। पूरा समय इस काम में ही देना चाहिए। पर्याप्त साक्ष्य जुटा कर आरोप पत्र गठित किया जाये। इसके बाद स्पेशल कोर्ट चला कर पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलायें। श्री सिंह ने कहा कि अपराधी को कड़ी सजा मिलने पर ही उसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और भविष्य में इस प्रकार का अपराध करने का कोई हिम्मत नहीं जुटा पायेगा। इधर झारखंड सरकार को भी ठोस कदम उठाना चाहिए, क्योंकि राज्य में अपराध बेलगाम हो चुका है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**